खबरों के 69 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump. com
पत्र नहीं मित्र
संपर्क करें ➝ jabdesh1@yahoo.com

# देशबन्धु

जबलपुर, बुधवार, 01 जनवरी 2025 । वर्ष –69 । अंक –50 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 3.00 रु.

नववर्ष 2025 की शुभकामनायें

## सार संक्षेप

### सिकंदराबाद-पुणे एक्सप्रेस को उड़ाने की साजिश

**पुणे।** सिकंदराबाद–पुणे एक्सप्रेस ट्रेन को हादसे का शिकार बनाने की नाकाम कोशिश का खुलासा हुआ है। पटरी पर गैस से भरा हुआ सिलेंडर मिलने से हड़कंप मच गया। सिकंदराबाद–पुणे एक्सप्रेस ट्रेन के लोको पायलट ने रविवार रात लगभग 10ः45 बजे उरुली कंचन के पास ट्रैक बदलते समय एक 4 किलोग्राम का एलपीजी गैस सिलेंडर देखा। लोको पायलट ने तत्काल इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को सिलेंडर से टकराने से बचा लिया। इस घटना को लेकर उरुली पुलिस ने सोमवार को अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ रेलवे ट्रैक को नुकसान पहुंचाने या रेल यात्रा को असुरक्षित बनाने के इरादे से की गई शरारत का मामला दर्ज किया है। पुलिस का मानना है कि सिलेंडर को जानबूझकर ट्रेन के गुजरने से कुछ मिनट पहले ट्रैक पर रखा गया था। लोको पायलट आर. टी. वाणी और ट्रेन मैनेजर केतन रत्नानी ने घटना की सूचना स्टेशन मास्टर को दी। इसके बाद रेलवे सुरक्षा बल , सरकारी रेलवे पुलिस और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। आरपीएफ के कर्मचारी शरद वाल्के (38) ने सोमवार को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

### हज के लिए खर्च जमा करने की अंतिम तारीख बढ़ी

**नई दिल्ली।** हज कमेटी ऑफ इंडिया ने हज यात्रियों की सुविधा के लिए और जनमानस की मांग पर प्रतीक्षा सूची में चयनित हज यात्रियों के लिए हज खर्च की पहली और दूसरी किस्त के तौर पर 2,72,300 रुपए जमा करने की अंतिम तारीख छह जनवरी तक बढ़ा दी है। कमेटी की विज्ञप्ति के अनुसार ड्रॉ में पहले से चयनित हज यात्री भी छह जनवरी तक हज खर्च की दूसरी किस्त 1,42,000 रुपए जमा कर सकते हैं।




### बिरादरी की बात

**चूहा-सुनती हो**- मुख्यमंत्रियों में ममता सबसे गरीब मुख्यमंत्री हैं।

**चुहिया- हां प्रिये**-कभी-कभी भाई-भजीतों का भी हिसाब देख लिया करो।

## दुनिया डूबी जश्न में



### न्यूजीलैंड में सबसे पहले आगाज, रंग-बिरंगी रोशनी के बीच जश्न में झूमे लोग

**नई दिल्ली।** अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार 2024 की विदाई और 2025 के स्वागत की बेला पर पूरी दुनिया में जश्न मना। मनमोहक, आधुनिक रौशनी से नहाए शहरों में जोरदार आतिशबाजियां हुईं, लोग रंगारंग कार्यक्रमों में आधी रात के बाद तक डूबे रहे। न्यूजीलैंड की राजधानी ऑकलैंड के लोगों ने सबसे पहले नए साल का जश्न मनाना शुरू कर दिया। यहां 31 दिसंबर रात की 12 बजते ही लोगों ने सड़क के बाहर आकर नए साल का जोरदार स्वागत किया। दुनिया के साथ भारत के अधिकांश शहरों में नववर्ष कार्यक्रमों की धूम रही।

### मप्र सरकार का बड़ा फैसला

## अतिथि शिक्षकों को भर्ती में मिलेगा 50 फ़ीसदी आरक्षण

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश के अतिथि शिक्षकों को जाता हुआ वर्ष बड़ी सौगात देकर जा रहा है। प्रदेश की मोहन यादव सरकार ने 50 प्रतिशत आरक्षण की घोषणा की है। ये नए साल का सबसे बड़ा तोहफा है। मध्यप्रदेश सरकार ने हजारों अतिथि शिक्षकों को नए साल में राहत दे दी है।



अतिथि शिक्षकों को शिक्षा भर्ती में 50 फ़ीसदी आरक्षण मिलेगा। मध्यप्रदेश राजपत्र में इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। शिक्षा भर्ती के नियमों में संशोधन किया गया है। मध्यप्रदेश राज्य स्कूल शिक्षा सेवा, सेवा शर्तें एवं भर्ती नियम, 2018 के राजपत्र में संशोधन किया। अब अतिथि शिक्षक को 50 प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिलेगा। संविदा शिक्षकों की भर्ती के लिए नियम भी तय कर दिए गए। न्यूनतम तीन शैक्षणिक सत्रों और न्यूनतम 200 दिवस के लिए मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित शासकीय विद्यालयों में अतिथि शिक्षक के रूप में कार्य किया होना चाहिए। अतिथि शिक्षकों के लिए आरक्षित पदों की पूर्ति नहीं हो पाने की स्थिति में, रिक्त पदों को अन्य पात्र अभ्यर्थियों द्वारा भरा जाएगा। बता दें संविदा शिक्षक लंबे समय से भर्ती में सरकार से ये मांग कर रहे थे, जो सरकार ने पूरा कर दिया। 50 प्रतिशत पद संविदा,10 प्रतिशत पद एक्स सर्विसमैन, 6 प्रतिशत पद दिव्यांग के लिए आरक्षित रहेंगे।

## आज 1 जनवरी से होंगे 8 बड़े बदलाव

***नई दिल्ली/भोपाल/ जबलपुर, देशबन्धु।*** *आज से नया साल शुरू हो गया। दुनिया 2025 में प्रवेश कर गई है। हर साल की तरह इस साल भी 1 जनवरी से कई कई नए बदलाव होने वाले हैं। एक जनवरी 2025 से कई आर्थिक बदलाव होने जा रहे हैं, जिनका असर खासतौर पर आम आदमी की जेब पर पड़ सकता है। इन बदलावों में एलपीजी की कीमतों से लेकर यूपीआई के नए भुगतान नियम समेत अन्य शामिल हैं।*

### मध्यम वर्ग पर पड़ेगा सीधा असर

#### एलपीजी सिलेंडर

*जनवरी 2025 में एलपीजी की कीमतों में बढ़ोतरी हो सकती है क्योंकि इंटरनेशनल मार्केट में कच्चे तेल की कीमत फिलहाल 73.58 डॉलर प्रति बैरल है। तेल मार्केटिंग कंपनियां हर महीने की पहली तारीख को एलपीजी की कीमतों की रिव्यू करती हैं। फिलहाल घरेलू सिलेंडर (14.2 किलोग्राम) की कीमत महीनों से अपरिवर्तित बनी हुई है।*

#### फिक्स्ड डिपॉजिट

*गैर–बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) और हाउसिंग फाइनेंस कंपनियों (एचएफसी) के लिए फिक्स्ड डिपॉजिट से संबंधित नियम भी 1 जनवरी, 2025 से बदल जाएंगे।*

#### जीएसटी

*1 जनवरी, 2025 से करदाताओं को सख्त जीएसटी अनुपालन नियमों का सामना करना पड़ेगा, परिवर्तनों में से एक अनिवार्य एमएफए है। इसे धीरे–धीरे जीएसटी पोर्टल तक पहुंचने वाले सभी टैक्सपेयर्स के लिए लागू किया जाएगा, जिससे सुरक्षा बढ़ेगी। यह पहले केवल 200 मिलियन रुपये से अधिक वार्षिक कुल कारोबार वाले व्यवसायों पर लागू होती थी।*

#### यूपीआई लेनदेन सीमा

*1 जनवरी, 2025 से यूपीआई 123 के जरिए किए जाने वाले लेनदेन सीमा बढ़ा दी जाएगी। पहले, अधिकतम लेनदेन सीमा 5,000 रुपये थी। इसे अब 1 जनवरी, 2025 से बढ़ाकर 10,000 रुपये कर दी जाएगी।*

#### ईपीएफओ सदस्यों को एटीएम

*कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) में रजिस्टर्ड 7 करोड़ से अधिक कर्मचारियों को नए साल पर एक खास तोहफा मिल सकता है, क्योंकि केंद्र सरकार नियमित डेबिट कार्ड की तरह एटीएम से पीएफ निकालने की सुविधा पर काम कर रही है।*

#### किसानों को राहत

*आरबीआई ने 1 जनवरी, 2025 से किसानों को बिना गारंटी के मिलने वाले लोन की सीमा को बढ़ाकर 2 लाख रुपये कर दिया है। पहले यह सीमा 1.60 लाख रुपये थी।*

#### बीएसई और एनएसई के नियम

*बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) ने हाल ही में एक सर्कुलर में कहा कि सेंसेक्स, बैंकेक्स और सेंसेक्स 50 की समाप्ति तिथियां 1 जनवरी 2025 से संशोधित हो जाएंगी। बीएसई ने कहा कि सेंसेक्स के साप्ताहिक अनुबंध शुक्रवार के बजाय हर हफ्ते के मंगलवार को समाप्त होंगे।*

#### कार की बढ़ सकती हैं कीमतें

*जनवरी 2025 में कार की कीमतें भी बढ़ने की संभावना है, जिससे वाहन खरीदना और महंगा हो जाएगा। मारुति सुजुकी, टाटा मोटर्स, हुंडई, महिंद्रा, होंडा और किआ जैसे कई प्रमुख वाहन निर्माता, मर्सिडीज–बेंज, ऑडी और बीएमडब्ल्यू जैसे लक्जरी ब्रांडों के साथ 1 जनवरी, 2025 से वाहन की कीमतों में 2 से 4 प्रतिशत की वृद्धि करेंगे। कार निर्माताओं ने इस बढ़ोतरी के पीछे उच्च उत्पादन लागत, माल ढुलाई शुल्क में वृद्धि, बढ़ती मजदूरी और विदेशी मुद्रा की अस्थिरता को कारण बताया है।*

*इन सब बदलावों का असर खासतौर पर मध्यम वर्गीय परिवारों और व्यावसासियों पर पड़ने की संभावना है।*

## एफपीआई और एनएससी सहित छोटी बचत योजनाओं के लिए ब्याज दर का ऐलान

**नई दिल्ली।** सरकार ने पिछली बार पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही के लिए कुछ योजनाओं में बदलाव किया था। सरकार ने मंगलवार को पीपीएफ और एनएससी सहित अलग–अलग छोटी बचत योजनाओं पर 1 जनवरी 2025 से शुरू होने वाली चौथी तिमाही (1 जनवरी, 2025 से शुरू होकर 31 मार्च, 2025 तक) के लिए ब्याज दरें अपरिवर्तित रखी। ऐसा लगातार चौथी तिमाही हुआ है जब सरकार ने इन योजनाओं पर ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया है। ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

## 6.60 करोड़ की नकली दवाएं जब्त

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में आयरलैंड, तुर्की, अमेरिका और बंगलादेश सहित विभिन्न देशों में कथित रुप से निर्मित नकली दवाएं जब्त की है, जिनका बाजार मूल्य लगभग 6.60 करोड़ रुपए है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने मंगलवार को यहां बताया कि पूर्वी क्षेत्र और पश्चिम बंगाल के औषधि नियंत्रण निदेशालय ने कोलकाता में एक थोक परिसर में जांच की। 'मैसर्स केयर एंड क्योर फॉर यू' पर की गई छापेमारी के दौरान बड़ी मात्रा में नकली कैंसर रोधी, मधुमेह रोधी और अन्य दवाएं जब्त की गईं। इन दवाईयों पर आयरलैंड, तुर्की, अमेरिका और बंगलादेश सहित विभिन्न देशों में निर्मित होने के लेबल लगा है और इन दवाईयों का भारत में वैध आयात दस्तावेज़ नहीं मिले हैं।

### सीडीएससीओ ने कोलकाता से की जब्त -आयरलैंड, तुकी व बंगलादेश में है निर्मित

मंत्रालय ने कहा है कि जांच के बाद एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया जिसकी पहचान थोक विक्रेता फर्म की मालकिन के रूप में की गई है। आरोपी महिला को केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन, पूर्वी क्षेत्र के ड्रग्स इंस्पेक्टर ने हिरासत में लिया है। न्यायालय ने आरोपी को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है और उससे पूछताछ की अनुमति दी है। मामले में आगे की जांच जारी है।

### सुप्रीम कोर्ट में किसानों ने कहा

## केंद्र बातचीत का न्योता दे, तभी इलाज लेंगे डल्लेवाल

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** शंभू बॉर्डर पर आंदोलन करने वाले किसानों ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट से कहा कि अगर केंद्र सरकार उनसे बातचीत करे तो 36 दिन से आमरण अनशन करने वाले किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल किसी भी तरह की मेडिकल सहायता लेंगे। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस सुधांशु धूलिया की विशेष अवकाश पीठ ने जगजीत सिंह डल्लेवाल को मेडिकल सहायता देने के निर्देशों का पालन करने के लिए पंजाब सरकार को और समय दिया।

सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता गुरविंदर सिंह ने बेंच को बताया कि वार्ताकार आंदोलन वाली जगह पर गए थे और सुप्रीम कोर्ट के निर्देश का पालन कराने के लिए प्रयास किए गए थे। लेकिन सोमवार को हुए पंजाब बंद को देखते हुए पंजाब सरकार ने इस विषय में कोर्ट से थोड़ी मोहलत मांगी। किसान संगठनों की ओर से सोमवार को आयोजित पंजाब बंद



### पंजाब सरकार ने इस विषय में कोर्ट से थोड़ी मोहलत मांगी

को देखते हुए और समय मांगते हुए, महाधिवक्ता ने कहा, वहां ट्रैफिक बंद था और कहा कि प्रदर्शनकारियों ने प्रस्ताव दिया है कि अगर केंद्र उनसे बात करने के लिए तैयार है तो डल्लेवाल मेडिकल सहायता लेंगे। महाधिवक्ता ने कहा, वार्ताकारों के अनुसार, किसानों ने केंद्र सरकार को एक प्रस्ताव दिया है कि अगर उन्हें बातचीत के लिए निमंत्रण मिलता है, तो डल्लेवाल इच्छानुसार मेडिकल सहायता लेने के लिए तैयार हैं। इस पर बेंच ने कहा, हमें इससे कोई सरोकार नहीं है, हमें केवल निर्देश के पालन से सरोकार है, जो कुछ भी चल रहा है, हम उस पर टिप्पणी नहीं कर सकते।

### सुप्रीम कोर्ट ने दिया तीन दिन का समय

सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब–हरियाणा सीमा पर एक महीने से अधिक समय से अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह दल्लेवाल को मेडिकल सहायता देने के अपने आदेश पर अमल करने के लिए पंजाब सरकार को उसके अनुरोध पर मंगलवार को तीन दिन यानी दो जनवरी तक की अतिरिक्त मोहलत दी। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की पीठ ने इस संबंध में पंजाब सरकार द्वारा दायर एक आवेदन और राज्य के महाधिवक्ता गुरमिंदर सिंह की मौखिक गुहार पर गौर करते हुए यह आदेश पारित किया।

## मणिपुर हिंसा पर मुख्यमंत्री बीरेन ने माफी मांगी

### कहा, पूरा साल बेहद खराब रहा, राज्य के लोग मुझे क्षमा करें

**इंफाल, (एजेंसियां)।** मणिपुर हिंसा को लेकर मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने जनता से माफी मांगी है। उन्होंने कहा कि यह पूरा साल बेहद खराब रहा। मैं राज्य के लोगों से पिछले साल तीन मई से लेकर आज तक जो कुछ भी हुआ है, उसके लिए माफी मांगता हूं।

कई लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया। कई लोगों ने अपना घर छोड़ दिया। मुझे इसका दुख है। पिछले तीन–चार महीनों में शांति की स्थिति देखकर मुझे उम्मीद है कि 2025 में राज्य में सामान्य स्थिति बहाल हो जाएगी। मणिपुर में बीते साल मई से जातीय हिंसा चल रही है, जिसमें अब तक 200 से ज्यादा लोग मारे गए हैं और हजारों लोग विस्थापित हुए हैं। नवंबर में मणिपुर के जिरीबाम में तीन महिलाओं और उनके तीन बच्चों की हत्या के बाद भी बवाल हुआ।

### मणिपुर जाकर माफी क्यों नही मांगते प्रधानमंत्री : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह मंगलवार को राज्य में जातीय संघर्ष के लिए माफी मांगी। उनके माफी मांगने के बाद कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साझा। पार्टी नेता जयराम रमेश ने पूछा कि पीएम मोदी पूरे देश और दुनिया की यात्रा करते रहते हैं, लेकिन वहां जाकर माफी क्यों नहीं मांग सकते हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री पर मणिपुर के लोगों को नजरअंदाज करने और जानबूझ कर मणिपुर का दौरा टालने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, पीएम मोदी मणिपुर जाकर यह क्यों नहीं कह सकते? उन्होंने चार मई 2023 से जानबूझ कर राज्य का दौरा करने से परहेज किया है।

अब फेमटो सेकेण्ड लेजर - विक्टस से
मोतियाबिंद ऑपरेशन
मध्य भारत का सबसे आधुनिक नया युग
आधुनिक नेत्र चिकित्सा ब्लेड फ्री, दर्द रहित, बिना इंजेक्शन, बिना पट्टी, बिना भर्ती, कुछ ही मिनटों में उपचार वापस अपने काम पर
डॉ। पवन स्थापक-सीधा संपर्क/ जांच एवं ऑपरेशन मोबाईल-9754601010, 9516244894
जनज्योति सुपर स्पेशिलटी आई हॉस्पिटल, गोलबाजार, जबलपुर

Excellence in Education, Excellence in Life
A.P.N. C.B.S.E.
SENIOR SECONDARY SCHOOL
(C.B.S.E. Affiliated Reg. No. 1031302 )
ADMISSION OPEN FOR SESSION 2024-25
Class Nursery to XII Science I Commerce I Humanities
Special Discount in Admission fee & School fee for the State and National Players for all the Games
राष्ट्र स्तरीय एवं प्रदेश स्तरीय सभी खेलों के खिलाड़ियों के लिये प्रवेश शुल्क एवं मासिक शुल्क में विशेष छूट
Ph.: 0761-2676360, 8349593500, 9826587200

### रिपोर्ट — किस मुख्यमंत्री के पास कितनी संपत्ति? आ गई सूची

## सबसे अमीर चन्द्रबाबू नायडू 931 करोड़.. ममता के पास केवल 15 लाख की संपत्ति

**भोपाल।** भारत के मुख्यमंत्री की संपत्ति हर बार चर्चा का विषय रहती है। कौनसा सीएम सबसे ज्यादा अमीर हैं और कौनसा सीएम सबसे यदा गरीब है। हमेशा ये आंकड़ें चर्चा का विषय रहते है। मुख्यमंत्री की सम्पतियों को लेकर एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की एक रिपोर्ट सामने आई है। इसके मुताबिक, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव 42 करोड़ की संपत्ति के मालिक हैं तो वहीं 15 लाख रुपए की संपत्ति के साथ पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सबसे गरीब सीएम हैं।

एडीआर की एक ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू अपनी 931 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति के साथ भारत के सबसे अमीर मुख्यमंत्री हैं। यह रिपोर्ट 2024 में प्रकाशित की गई है और इसमें देश के विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री की संपत्ति के आंकड़े सामने आए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, भारत के मुख्यमंत्री की औसत संपत्ति लगभग 52.59 करोड़ रुपये है। इसके अलावा



### मोहन यादव हैं 42 करोड़ के मालिक

मुख्यमंत्री की औसत सेल्फ–इनकम 13,64,310 रुपये है, जो भारत की प्रति व्यक्ति आय से काफी ज्यादा है।

इस रिपोर्ट में अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू 332 करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ दूसरे सबसे अमीर मुख्यमंत्री हैं, जबकि कर्नाटक के सिद्धारमैया 51 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति के साथ तीसरे स्थान पर हैं। इस लिस्ट में केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन 118 करोड़ रुपये के साथ चौथे स्थान पर हैं। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि जम्मू और कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की संपत्ति केवल 55 लाख रुपये है, जो कि इस सूची में दूसरी सबसे कम संपत्ति है।

**मुख्यमंत्रियों की देनदारियां**–जारी की गई रिपोर्ट्स में कई मुख्यमंत्रियों की देनदारियां भी बताए गेन हैं। इसके अनुसार कई मुख्यमंत्री पर भारी देनदारी भी है। पेमा खांडू पर 180 करोड़ रुपये की देनदारी है, जो सबसे ज्यादा है। इसके अलावा सिद्धारमैया पर 23 करोड़ रुपये और एन चंद्रबाबू नायडू पर 10 करोड़ रुपये से अधिक की देनदारी है।

**अपराधिक मामले**–रिपोर्ट में यह भी खुलासा किया गया है कि 13 मुख्यमंत्रियों के खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं, जिनमें से 10 ने हत्या, अपहरण, रिश्वतखोरी और आपराधिक धमकी जैसे गंभीर मामलों का खुलासा किया है।


➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

# देश-विदेश

## मोहम्मद यूनुस ने डॉ. मनमोहन सिंह को दी श्रद्धांजलि

**ढाका।** बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस ने मंगलवार को पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रोफेसर यूनुस ने ढाका स्थित भारतीय उच्चायोग का दौरा किया और दिवंगत प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने उच्चायोग में शोक पुस्तिका में एक शोक संदेश भी लिखा। उन्होंने दिवंगत भारतीय प्रधानमंत्री के साथ अपनी दोस्ती को याद करते हुए कहा, 'वह कितने सरल थे! कितने बुद्धिमान थे!' उन्होंने भारत को वैश्विक आर्थिक दिग्गज बनाने में बड़ी भूमिका निभाई।

## केरल की नर्स को यमन में सुनाई गई फांसी की सजा




**नई दिल्ली।** यमन की जेल में बंद केरल की नर्स निमिषा प्रिया को मिली फांसी की सजा को वहां के राष्ट्रपति मोहम्मद अल-अलीमी ने मंजूरी दे दी है। दरअसल, यमन कोर्ट ने भारतीय महिला नर्स निमिषा को हत्या का दोषी ठहराते हुए फांसी की सजा सुनाई थी, जिस पर अब वहां के राष्ट्रपति ने मुहर लगा दी है। वहीं, निमिषा प्रिया के मामले में भारत के विदेश मंत्रालय ने बयान दिया है। प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि सरकार निमिषा प्रिया के मामले की जानकारी रख रही है और उनके परिवार द्वारा विचार किए जा रहे सभी कानूनी विकल्पों में सहयोग करेगी। साथ ही मंत्रालय ने हरसंभव कानूनी मदद उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है।

> भारत ने कहा- हरसंभव कानूनी मदद की जाएगी

**साल 2020 में निमिषा प्रिया को मौत की सजा सुनाई थी-** केरल के पलक्कड़ की रहने वाली नर्स निमिषा 2017 से यमन के जेल में बंद है। उन पर आरोप है कि उन्होंने 2017 में यमन के नागरिक तलाल अब्दो महदी को दवा की ओवरडोज देकर हत्या कर दी थी, इस मामले में साल 2020 में उन्हें मौत की सजा सुनाई गई थी। निमिषा 2008 में यमन चली गई थी और 2015 में अपना खुद का क्लिनिक शुरू करने से पहले वहां के कुछ अस्पतालों में काम किया था। निमिषा को यमन के नागरिक तलाल एब्दो महदी की हत्या का दोषी पाया गया था। **महदी ने नर्स को शारीरिक और आर्थिक रूप से प्रताड़ित किया था-** बता दें कि केरल के पलक्कड़ की रहने वाली नर्स निमिषा अपने पति और बेटी के साथ पिछले लगभग एक दशक से यमन में काम कर रही थी लेकिन साल 2016 में यमन में गृहयुद्ध की वजह से देश के बाहर आने-जाने पर पाबंदी लग गई थी, हालांकि उससे दो वर्ष पहले साल 2014 में उनके पति और बेटी भारत लौट आए थे। वहीं दिल्ली उच्च न्यायालय में दायर याचिका दावा किया गया था कि महदी ने नर्स को शारीरिक और आर्थिक रूप से प्रताड़ित किया था। उसका पासपोर्ट कब्जे में ले लिया था।

### गाजा में अब कुदरत का कहर!

## मां-बाप की गोद में दम तोड़ रहे मासूम

**तेल अबीव।** गाजा में इजरायल और हमास के बीच जंग को एक साल से अधिक का वक्त हो गया है। इस जंग में 45 हजार से ज्यादा गाजावासी अपनी जान गंवा चुके हैं। इतने कत्लेआम के बावजूद न तो इजरायल चुप बैठा है और न ही हमास आतंकियों ने उफ किया। इजरायली हमले में गाजा की बुनियादी व्यवस्थाएं पूरी तरह से बर्बाद हो चुकी हैं। न स्कूल-कॉलेज बचे हैं और न ही अस्पताल। इजरायली हमलों के बीच अब गाजा में कुदरत कहर भी शुरू हो गया है। तंबुओं में रह रहे विस्थापितों के पास भीषण ठंड में जीने के अलावा और कोई चारा नहीं है। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि ठंड के कारण बच्चों की मौतें हो रही हैं।

बीते दिनों इजरायल ने उत्तरी गाजा के सबसे बड़े अस्पताल कमाल अदवान पर हमला किया। मरीजों के साथ दुर्व्यवहार और अस्पताल के अंदर गोलीबारी के आरोपों के बीच इजरायली सेना ने 240 संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार करने की भी बात कही है। कमाल अदवान अस्पताल के निदेशक डॉ. हुसाम अबू सफिया इजरायली सेना की गिरफ्त में हैं। उन्हें सेदे तेइमान सैन्य अड्डे पर रखा गया है। उन्हें उस समय गिरफ्तार किया गया था, जब इजरायली सेना ने अस्पताल पर धावा बोला और उसमें आग लगा दी। इजरायल का कहना है कि अस्पताल में आतंकियों ने पनाह ले रखी थी। आतंकी मरीजों के कपड़ों में सेना को भ्रमित कर रहे थे।

**भीषण ठंड से दम तोड़ रहे मासूम-** गाजा के सरकारी मीडिया कार्यालय के एक बयान के अनुसार, तंबुओं में रह रहे विस्थापित फिलिस्तीनियों में कड़ाके की ठंड और पाले के कारण मरने वालों की संख्या बढ़कर सात हो गई है। यह संख्या और बढ़ने की उम्मीद है। बयान में कहा गया है, भारी बारिश जारी रहने की उम्मीद है, साथ ही आने वाले दिनों में हिमपात और सर्दी का प्रकोप जारी रहेगा, जो युद्ध के बीच एक बड़ा खतरा है। इजरायली हमलों के कारण घर बर्बाद हो चुके हैं। विस्थापितों के पास कड़ाके की ठंड के बीच तंबुओं में रहने के अतिरिक्त कोई चारा नहीं है। गाजा के अधिकारियों ने कहा कि जीर्ण-शीर्ण तंबू लोगों को ठंड से नहीं बचा पा रहे हैं, जिससे पिछले सप्ताह छह शिशुओं और एक आदमी की मौत हो गई।

**इजरायल पर बरसा हमास-** गाजा पर हमास का नियंत्रण है। उसने एक बयान में कहा, हम गाजा पट्टी में उत्पन्न स्थिति के लिए इजरायल, अमेरिकी प्रशासन, ब्रिटेन, जर्मनी और फ्रांस को जिम्मेदार मानते हैं। हम मांग करते हैं कि नरसंहार रोका जाए।

## योग हमारी ऋषि परम्परा हैं : डॉ. स्वामी परमार्थ देव




**चौमू।** भारत स्वाभिमान ट्रस्ट एवं पतंजलि योग समिति राजस्थान द्वारा आयोजित विशाल एक दिवसीय योग कार्यकर्ता सम्मेलन में योग ऋषि स्वामी रामदेव के शिष्य डॉ स्वामी परमार्थ देव मुख्य केंद्रीय प्रभारी भारत स्वाभिमान ट्रस्ट हरिद्वार ने उपस्थित योग साधको को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि योग को हमें जन जन तक पहुंचना हैं एवं सभी को योगी बनाना हैं. जयपुर ग्रामीण भारत स्वाभिमान के जिला प्रभारी हनुमान सिंह रोलानिया ने बताया की राज विलास गार्डन चौमू में आयोजित विशाल योग सम्मलेन में मुख्य केंद्रीय प्रभारी डॉ स्वामी परमार्थ देव ने कहा की हमें रोज योग करना हैं ओर करना हैं. उस उन्होंने कहा की हमें युवा पीढ़ी को योग से जोड़ कर एक नये भारत का निर्माण करना हैं. आज पूरा विश्व योग को आत्म सात कर रहा हैं।

इस अवसर पर विश्व योग ऋषि स्वामी रामदेव ने भी ऑनलाइन जुड़ कर सभी अपना आशीर्वाद दिया. कार्यक्रम के प्रारम्भ में मुख्य केंद्रीय प्रभारी का भारत स्वाभिमान के राज्य प्रभारी अरविन्द पाण्डेय एवं भारतीय शिक्षा बोर्ड के राज्य प्रमुख कुलभूषण बैराठी ने साफा पहना कर एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान कर स्वागत एवं अभिनन्दन किया. कार्यक्रम में मंच पर महिला योग समिति की राज्य प्रभारी सरिता गुर्जर, किसान सेवा समिति के राज्य प्रभारी सरदार बलदेव सिंह, पतंजलि योग समिति के राज्य प्रभारी पवन कुमार, युवा भारत के राज्य प्रभारी संदीप कासनिया, पूर्व विधायक रामलाल शर्मा, डॉ श्रवण कुमार बराला उपस्थित थे. कार्यकर्ता सम्मलेन में योगासना भारत के खिलाड़ियों को प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाण पत्र भी प्रदान किये गए. इस अवसर पर जयपुर, दौसा, अलवर, कोटा, सीकर, झुंझुनू, कोटपूतली, भरतपुर, करौली, अजमेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ जिले के हजारों योग साधकों ने भाग लिया. कार्यक्रम में अर्चना रोलानिया, सुमन शर्मा, प्रिय कांत गौतम, कर्मपाल यादव, आनंद आर्य,प्रदीप शर्मा, सुभाष यादव, वीर सिंह कुंतल, शिवरतन नायला, सुशांत ओझा, केशर देव, रामोतार यादव, राय सिंह, जमन सिंह, डॉ रणवीर सिंह, बृज मोहन पाठक के अलावा अनेक पतंजलि योग समिति से जुड़े लोगो ने भाग लिया. इस विशाल योग शिविर में महिलाओ ने काफ़ी संख्या में भाग लिया. कार्यक्रम का सफल संचालन युवा भारत के राज्य प्रभारी संदीप कासनिया ने किया. अंत में कार्यक्रम संयोजक हनुमान रोलानिया ने सभी का आभार प्रगट किया.

### योग कार्यकर्ता सम्मेलन

## अलवर के रिहायशी कॉलोनी में तेंदुआ घुसा, वन विभाग ने तीन घंटे में पकड़ा

**जयपुर।** राजस्थान के अलवर जिले में मंगलवार को एक तेंदुआ एक रिहायशी कॉलोनी में घुस गया। वन विभाग की टीम ने उसे तीन घंटे के ऑपरेशन के बाद बेहोश कर पकड़ लिया। तेंदुआ मंगलवार सुबह आर आर कॉलेज इलाके से निकलकर खदाना मोहल्ले में आ गया था। उसे देख कर लोग दहशत में आ गए और उन्होंने वन अधिकारियों को सूचित किया। हालांकि तेंदुए ने किसी पर हमला नहीं किया। वन विभाग की टीम ने तीन घंटे के ऑपरेशन के बाद तेंदुए को बेहोश कर पकड़ लिया । वन रेंजर शंकर सिंह शेखावत ने बताया कि तेंदुए की आवाजाही पिछले एक महीने से आरआर कॉलेज परिसर के आसपास थी। उन्होंने बताया कि रविवार की रात को कॉलेज परिसर स्थित स्टाफ रूम के पास तेंदुए के पंजों के निशान देखे गये थे। मंगलवार सुबह तेंदुआ कॉलेज परिसर से निकलकर डेढ़ किलोमीटर दूर कंपनी बाग इलाके में देखा गया था। वन विभाग की टीम ने उसे बेहोश कर कंपनी बाग से पकड़ लिया।

# निविदा / नियुक्ति / जाहिरात

### न्यायालय नायब तहसीलदार अधारताल, जबलपुर
### आम इश्तहार

रा.प्र.क्र. /1896/अ-6/2024-25

आवेदक फिरोज अहमद पिता अली हसन निवासी- 201 नगीना मस्जिद के पास जाकिर हुसैन वार्ड जबलपुर ब्लाक नं. 22 प्लाट नं. 13/2 स्थित भूमि प्लाट नं. 13/2 रकबा 238 व.फु. पर फौत मोहम्मद यूनिस, सगीर अहमद, अली हसन, मोहम्मद रफीक सभी के वल्द लाल मोहम्मद एवं साबरा बी पति लाल मोहम्मद के फौत के पश्चात वारसान हक में वरिसगण अपना नाम दर्ज कराने हेतु प्रस्तुत किया है। खसरा की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अत: उपरोक्त नामांतरण किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति पेशी दिनांक 08/01/25 तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। नियत पेशी दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 30/12/24 इश्तहार किया गया।

जारी दिनांक- 30/12/24
पेशी दिनांक- 08/01/25

नायब तहसीलदार, अधारताल, जबलपुर
र.नं. 2509

( फौती )

### न्यायालय नायब तहसीलदार गोरखपुर, जबलपुर

रा.प्र.क्रं/0543/अ-6/2024-25

### इश्तहार

सर्वसाधारण को सूचित किया है कि आनंद पासी पिता स्व. जीवन लाल पासी श्रीमति वंदना पासी पिता स्व. जीवन लाल एवं अन्य वारसान सभी निवासी- नर्मदा रोड जबलपुर द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक ... के माध्यम से मौजा जिलहरी नं.ब. ... प.ह.नं. 8 ख.नं. 42/1/2, रकबा 0.7650 वर्गफुट विक्रेता आम जनता से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र/ हस्तान्तरण पत्र/ दान पत्र की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अत: उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 07/01/2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 23/12/2024 को जारी।

जारी दिनांक- 23/12/2024
पेशी दिनांक- 07/01/2025

नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी गोरखपुर, जबलपुर
र.नं.- 2510

### आम सूचना

मैं किशलय मिश्रा पिता पीयूष मिश्रा उम्र लगभग 26 वर्ष निवासी वार्ड नं. 14 एम लोहिया वार्ड नं. 09 उमरिया जिला उमरिया का निवासी हूं, दिनांक 06/09/2024 को मैं अपने मामा के यहां ग्राम कुंआ आया था, वहां से बरही आते समय रास्ते में मेरा बैग कहीं पर गिर गया है जिसमें मेरी बीए प्रथम वर्ष, द्वितीय वर्ष एवं तृतीय वर्ष की अंकसूची, आधारकार्ड, एटीएम कार्ड थे। बहुत खोजने के बाद एवं लोगों से संपर्क के बाद भी मुझे आज तक प्राप्त नहीं हुए। इस आशय की सूचना नजदीकी थाना बरही में भी की गई है। साथ ही इस आशय का शपथ पत्र भी मेरे द्वारा संबंधित सभी विभागों को दिया गया है। अगर किसी भी व्यक्ति को उक्त सामग्री प्राप्त हो तो कृपया सूचित करने का कष्ट करें, सामग्री पहुंचाने वाले को उचित ईनाम दिया जाएगा।

किशलय मिश्रा
वार्ड नं.- 09, उमरिया, जिला उमरिया
मो. नं.- 7999500258
राकेश उरमलिया
मो. नं.- 9584106799

### कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर

पत्र क्रं./बा. वि./2024/911/PRO-427 दिनांक 31/12/2024

**तिलवाराघाट मेले में साइकिल, स्कूटर स्टैण्ड की ऑफर (नीलामी) की सूचना**

नगर निगम, जबलपुर द्वारा दिनांक 14,15 एवं 16 जनवरी 2025 को मकर संक्रांति के पर्व पर तिलवाराघाट पर साईकिल, स्कूटर स्टैण्ड हेतु सील बंद ऑफर आमंत्रित किये जा रहें हैं। सील बंद ऑफर के आवेदन फर्म दिनांक 07/01/2025 दिन मंगलवार को अपरांह 4.30 बजे तक निगम कार्यालय बाजार विभाग कमरा नं. 57 में प्राप्त किये जा सकते हैं।

उक्त ऑफर आवेदन फार्म दिनांक 08/01/2025 दिन बुधवार को दोपहर 3.00 बजे आमंत्रित किये जाते हैं। प्राप्त सील बंद ऑफर उसी दिन खोले जावेगें। निर्धारित आवेदन पत्र की कीमत 1,000/- ( एक हजार रूपये ) रू. हैं। ऑफर के साथ सत्यंकार राशि रूपये 5,000/- ( पाँच हजार रू. ) रूपये की डी. डी. जो आयुक्त नगर निगम, जबलपुर के नाम देय हो, जमा करना अनिवार्य होगा। आवेदन फॉम 15,000/- ( पन्द्रह हजार रूपये ) निर्धारित की जाती है।

अन्य शर्तों एवं विवरण का अवलोकन बाजार विभाग के कमरा नं. 57 में किया जा सकता है।

**बाजार अधीक्षक, नगर निगम जबलपुर**

### शुभम हाउसिंग डेवलपमेंट फायनेंस कम्पनी लिमिटेड

कार्पोरेट कार्यालय - 425, उद्योग विहार फेस- IV, गुडगांव -122015 (हरियाणा)
फोन- 0124-4212530/31/32, ईमेल:- customercare@shubham.co, बेवसाईट - www.shubham.co

**आधिपत्य सूचना (अचल संपत्तियों के लिए)**

जहां कहीं शुभम हाउसिंग डेवलपमेंट फायनेंस कम्पनी लिमिटेड (यहां आगे शुभम कहा जायेगा) के प्राधिकृत अधिकारी के तौर पर अधोहस्ताक्षरकर्ता ने सिक्यूरिटाइजेशन एंड रिकन्स्टक्शन ऑफ फायनेंसियल एस्सेट्स एंड इंफोर्समेंट ऑफ सिक्यूरिटी इंट्रस्ट एक्ट, 2002 एवं के साथ सपठित सिक्यूरिटी इंट्रस्ट (इंफोर्समेंट) नियम 2002 के नियम 3 के साथ सपठित धारा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित ऋणकर्ताओं को ऋण राशि को उपरोक्त सूचना की प्राप्ति के दिनांक से 60 दिवस के अंदर पुर्नभुगतान हेतु नोटिस जारी किया था। ऋणकर्ता राशि का पुर्नभुगतान करने में असफल रहे हैं ऋणकर्ताओं को एवं सामान्य जनों को सार्वजनिक रूप से इस एतद सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उपरोक्त कानून के नियम 8 के साथ उपरोक्त कानून की धारा 13 (4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए वर्णित संपत्ति का अधिग्रहण कर लिया है। ऋणकर्ताओं को विशेष रूप में एवं सामान्य जनों को सार्वजनिक रूप में चेतावनी दी जाती है कि संपत्ति के साथ कोई व्यवहार ना करें एवं इन संपत्तियों के साथ व्यवहार शुभम हाउसिंग डेवलपमेंट फायनेंस कम्पनी लिमिटेड के साथ नीचे दर्शाई राशि एवं उस पर ब्याज के विषयानुसार होगा।

ऋणकर्ता के ध्यानार्थ, धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों के अंतर्गत उपलब्ध समयसीमा में सुरक्षित संपत्ति वापस प्राप्त करने हेतु आमंत्रित किया जाता है। विवरण नीचे दिया गया है:-

| स. क्र. | ऋण खाता क्रं., ऋणकर्ता (ओं) का नाम | मांग सूचना दिनांक एव राशि | सुरक्षित संपत्ति | चस्पा की दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | लोन नं. 0JBL1912000005024948, मकसूद, फरजाना बेगम' | 22-10-2024 & ₹ 15,42,229/- | मौजा गोहलपुर एनबी 601 प.ह. नं.24/2 नया 1 आरएनएम जबलपुर-1, ख.नं.244/1 का भाग, गाजी नगर मोती लाल नेहरु वार्ड नं.38, तेहसील एवं जिला जबलपुर म.प्र.482001 | 28-12-2024 |
| 2 | लोन नं. 0JBL2108000005038732, सहिल अख्तर, जाहिद अख्तर'' | 22-10-2024 & ₹ 11,25,524/- | मकान नं.1191, 1192, खसरा नं.105/1 के भाग पर भूमि, प्लॉट नं.14 एवं 16 के भाग पर , परिवर्तित शीट नं.10, सेट. नं.52, प.ह.नं.22/25, मौजा बेतला, तेहसील आधारतल, जिला जबलपुर (म.प्र.) 482001 | 28-12-2024 |
| 3 | लोन नं. 0JBL2212000005054977, संत कुमार चादर, कविता | 22-10-2024 & ₹ 9,41,782/- | खुले प्लॉट नं.01 पर संपत्ति, खसरा नं.150/2, 148/2 के भाग पर पटवारी हल्का नं.57, मौजा चारगांव, तेहसील शाहपुरा, जिला जबलपुर, (म.प्र.) 482051 | 28-12-2024 |

स्थान : गुड़गांव
दिनांक : 31-12-2024

प्राधिकृत अधिकारी
शुभम हाउसिंग डेवलपमेंट फायनेंस कम्पनी लिमिटेड

# प्रथम पृष्ठ का शेष

## किस मुख्यमंत्री के पास....

**मुख्यमंत्री की संपत्ति और देनदारियां-** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के पास 42 करोड़ रुपये की संपत्ति है, और उन पर 8 करोड़ रुपये की देनदारी है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की संपत्ति 3 करोड़ रुपये है और उन पर 65 लाख रुपये की देनदारी है। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के पास 1 करोड़ रुपयेकी संपत्ति है और उन पर 46 लाख रुपये की देनदारी है।बिहार के मुख्यमंत्री नितीश कुमार की संपत्ति 1 करोड़ रुपये है और उन पर कोई देनदारी नहीं है। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी की संपत्ति भी 1 करोड़ रुपये है और उन पर कोई देनदारी नहीं है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पास भी 1 करोड़ रुपये की संपत्ति है और उन पर कोई देनदारी नहीं है। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की संपत्ति 25 करोड़ रुपये है और उन पर 3 करोड़ रुपये की देनदारी है। असम के मुख्यमंत्री हेमंता बिस्वा सरमा के पास 17 करोड़ रुपये की संपत्ति है और उन पर 3 करोड़ रुपये की देनदारी है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की संपत्ति 13 करोड़ रुपये है और उन पर 62 लाख रुपये की देनदारी है। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल की संपत्ति 8 करोड़ रुपये है और उन पर 1 करोड़ रुपये की देनदारी है। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खूके पास 7 करोड़ रुपये की संपत्ति है और उन पर 22 लाख रुपये की देनदारी है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी की संपत्ति 5 करोड़ रुपये है और उन पर 74 लाख रुपये की देनदारी है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री के पास 4 करोड़ रुपये की संपत्ति है और उन पर 47 लाख रुपये की देनदारी है। नागालैंड के मुख्यमंत्री नेफियू रियो के पास 46 करोड़ रुपये की संपत्ति है, जबकि उन पर 8 लाख रुपये की देनदारी है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के पास 1 करोड़ रुपये की संपत्ति है और उन पर 30 लाख रुपये की देनदारी है।

## एफपीआई और एनएससी.....

खबर के मुताबिक, सरकार हर तिमाही में डाकघरों और बैंकों द्वारा संचालित छोटी बचत योजनाओं पर ब्याज दरों को नोटिफाई करती है **इतनी हैं ब्याज दरें-** वित्त मंत्रालय की एक नोटिफिकेशन में कहा कि सुकन्या समृद्धि योजना के तहत जमा पर 8. 2 प्रतिशत की ब्याज दर मिलेगी, जबकि तीन साल की सावधि जमा पर दर चालू तिमाही में प्रचलित 7. 1 प्रतिशत पर बनी रहेगी। लोकप्रिय सार्वजनिक भविष्य निधि (पीपीएफ) और डाकघर बचत जमा योजनाओं की ब्याज दरें भी क्रमश: 7. 1 प्रतिशत और 4 प्रतिशत पर बरकरार रखी गई हैं। किसान विकास पत्र पर ब्याज दर 7.5 प्रतिशत होगी और निवेश 115 महीनों में परिपक्व होगा। **एनएससी पर ब्याज दर-** इसके अलावा, राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र (एनएससी) पर ब्याज दर जनवरी-मार्च 2025 की अवधि के लिए 7.7 प्रतिशत पर बनी रहेगी। मौजूदा तिमाही की तरह, मासिक आय योजना निवेशकों के लिए 7.4 प्रतिशत अर्जित करेगी। सरकार ने पिछली बार पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही के लिए कुछ योजनाओं में बदलाव किया था। सरकार की इन छोटी बचत योजनाओं पर गारंटीड रिटर्न मिलता है। इन स्कीम्स में छोटी रकम भी हर महीने जमा कर निवेश की शुरुआत की जा सकती है। **नियमों में है ये ढील-** सरकार के नए मानदंडों के तहत वरिष्ठ नागरिक बचत योजना के तहत खाता खोलने को तीन महीने का समय मिलता है। कोई व्यक्ति सेवानिवृत्ति लाभ प्राप्त होने की तारीख से तीन महीने के भीतर वरिष्ठ नागरिक बचत योजना के तहत खाता खोल सकता है। परिपक्वता की तारीख या विस्तारित परिपक्वता की तारीख पर योजना के लिए तय दर से ब्याज मिलता है। राष्ट्रीय बचत सावधि जमा योजना में अगर पांच साल की अवधि वाले खाते में जमा राशि खाता खोलने की तारीख से चार साल के बाद समय से पहले निकाली जाती है, तो डाकघर बचत खाते पर लागू दर से ब्याज देय होगा।

### न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल, जबलपुर

रा.प्र.क्र./1403/अ-6/2024-2025
जबलपुर, दिनांक 06/12/2024

### आम इश्तहार

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक योगेश कुमार राजपूत पिता श्री चिरंजीव प्रसाद राजपूत निवासी चेरीताल वार्ड जबलपुर के द्वारा मौजा जबलपुर नं. बं. 264 प.ह.नं. 04 स्थित भूमि खसरा नं. 1/1/1/38/1/1 वगैरह में से रकवा 390 व.फु. भूमि पर सोने लाल राजपूत पिता श्री रामदास राजपूत लिंक विक्रय पत्र नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 30/12/2024 तक इस न्यायालय में स्वंय या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा / आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक-06/12/2024
पेशी दिनांक-30/12/2024

र.नं. 2515
तहसीलदार अधारताल जबलपुर

### न्यायालय नायब तहसीलदार अधारताल, जबलपुर
### आम इश्तहार

रा.प्र.क्रं 0571/अ-6/2024-25

आवेदक कृष्ण राव नागले पिता नारायण राव नागले निवासी:- संचार कालोनी कृषि उपज मंडी द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र क्र./ वसीयत क्र./दानपत्र क्रमांक ... दिनांक 29/01/1983 के माध्यम से मौजा माढोताल नं. बं. ... प.ह.न. 1 स्थित भूमि खसरा नं. 161, 162 रकवा 2400 व.फु. पर विक्रेता/ टेलीग्राफ कोआपरेटिव हाउसिंग सोसायटी लि. अध्यक्ष गोपा प्रसाद पिता अमृतलाल से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र एवं फार्म पी- ।। खसरा की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अत: उपरोक्त नामांतरण किये जाने में यदि किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति पेशी दिनांक 01/01/2025 तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। नियत पेशी दिनांक के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 6/12/2024 इश्तहार किया गया।

जारी दिनांक- 06/12/2024
पेशी दिनांक- 02/01/2025

नायब तहसीलदार, तहसील अधारताल जबलपुर
र.नं. 2516

फौती

### न्यायालय नायब तहसीलदार गोरखपुर जबलपुर

रा.प्र.क्र. 1697/ अ-6/2024-25

### इश्तहार

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विवेक गौर विनीत गौर पिता स्व. अवध बिहारी गौर एवं अन्य द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक ... के माध्यम से मौजा कटंगा नं.ब.... प.ह.नं. ... ख.नं. 25/27 प्लाट नं. -17/1 रकवा 625 व.फु. विक्रेता म.प्र. शासन से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र एवं नक्शा बंटाक की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अत: उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 15/01/2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते है। समयाविधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 31/12/2024 को जारी।

जारी दिनांक- 31/12/2024
पेशी दिनांक- 15/01/2025

र.नं. 2520
नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी गोरखपुर, जबलपुर

### कार्यालय कलेक्टर ( न्यायालय अपर कलेक्टर शहर ) जबलपुर म.प्र.

Room No. 10 Telephone-07612624351
Email:adjabalpur@gmail.com
राजस्व प्रकरण क्रमांक/0069/अ-20 ( 1 )/2024-25 जबलपुर, दिनांक 30/12/2024

### आम इश्तहार

आवेदक श्री शोली दारुवाला मानिक शाह पिता स्व. रतन शाह निवासी- 1743 यूनिवर्सिटी रोड जबलपुर द्वारा सिविल स्टेशन नजूल ब्लॉक नंबर 38 स्थित प्लाट नं. 2/21, कुल रकवा 900 व.फु. जिला जबलपुर ने इस न्यायालय में समक्ष नीचे विनिर्दिष्ट स्थाई पट्टे का भूमि स्वामी अधिकार में संपरिवर्तन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है और जबकि यह संपरिवर्तन किया जाना प्रस्तावित है एवं सुनवाई की तारीख 20.01.2025 स्थान न्यायालय अपर कलेक्टर शहर कक्ष क्रमांक 12 जबलपुर पर 3.00 बजे नियत की गई है।

उक्त स्थाई पट्टे में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वे या तो स्वत: या विधिक व्यवसायी या मान्यता प्राप्त अभिकर्ता के माध्यम से नियत तारीख को उपस्थित हो और अपनी आपत्तियां, यदि कोई हो तो प्रस्तुत करें।आपके उपस्थित नहीं होने पर एवं आपत्तियां को प्रस्तुत नहीं कर पाने की स्थिति में किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

स्थाई पट्टे का विवरण

ब्लॉक नम्बर- 38, प्लाट नं.- 2/21, रकवा- 900 उपपट्टेदार- श्री शोली दारुवाला मानिक शाह पिता स्व. रतन शाह निवासी-- 1743 यूनिवर्सिटी रोड जबलपुर, भू भाटक- 335/- रुपये प्रतिवर्ष।

जारी दिनांक 30/12/2004
पेशी दिनांक 20/01/2025

अपर कलेक्टर जबलपुर
र.नं. 2514

### कार्यालय कलेक्टर ( न्यायालय अपर कलेक्टर शहर ) जबलपुर म.प्र.

Room No. 10 Telephone-07612624351
Email:adjabalpur@gmail.com
राजस्व प्रकरण क्रमांक/0070/अ-20 ( 1 )/2024-25 जबलपुर, दिनांक 31/12/2024

### आम इश्तहार

आवेदक सुश्री साधना जनसारी पिता स्व. हरिलाल जनसारी व अन्य निवासी- 229, अंधेरदेव जबलपुर द्वारा नजूल ब्लॉक नंबर 103 स्थित प्लाट नं. 96 कुल रकवा 1325 व.फु. जिला जबलपुर ने इस न्यायालय के समक्ष नीचे विनिर्दिष्ट स्थाई पट्टे का भूमि स्वामी अधिकार में संपरिवर्तन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है और जबकि यह संपरिवर्जन किया जाना प्रस्तावित है एवं सुनवाई की तारीख 20/01/2025 स्थान न्यायालय अपर कलेक्टर शहर कक्ष क्रमांक 12 जबलपुर पर 3.00 बजे नियत की गई है। उक्त स्थाई पट्टे में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वे या तो स्वत: या विधिक व्यवसायी या मान्यता प्राप्त अभिकर्ता के माध्यम से नियत तारीख को उपस्थित हो और अपनी आपत्तियां, यदि कोई हो तो प्रस्तुत करें। आपके उपस्थित नहीं होने पर एवं आपत्तियां को प्रस्तुत नहीं कर पाने की स्थिति में किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

स्थाई पट्टे का विवरण

ब्लॉक नम्बर- 103, प्लाट नं.- 96, रकवा- 1325 उपपट्टेदार- बिल्लूभाई जनसारी, संतोष कुमार जनसारी, सुश्री साधना जनसारी पिता स्व. हरिलाल जनसारी, कलावती पति स्व. धीरेन्द्र कुमार जनसारी, नयना पिता स्व. धीरेन्द्र कुमार जनसारी, नयता पिता स्व. धीरेन्द्र कुमार जनसारी निवासी- 229, अंधेरदेव जबलपुर।

भू भाटक- 493/- रुपये प्रतिवर्ष

जारी दिनांक 31/12/2004
पेशी दिनांक 20/01/2025

अपर कलेक्टर जबलपुर
र.नं. 2512

### आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि, मकान नं. 548/1, जवाहरगंज वार्ड, गढ़ा फाटक शंकर घी भंडार के पास, जबलपुर में स्थित रकवा 661.375 वर्गफुट के संबंध में एक व्यवहारवाद जिसका वाद क. आर.सी.एस.ए./ 466/23 माननीय न्यायालय श्रीमान् रिशा अहमद कुरैशी तृतीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड के समक्ष दीपक केशरवानी के द्वारा पेश किया गया था, जिसमें दिनांक 20.12.2024 को माननीय न्यायालय के द्वारा डिकी एवं निर्णय पारित कर दिया गया है। उक्त निर्णय एवं डिक्री के अनुसार मेरा पक्षकार दीपक केशरवानी इस संपत्ति का सह स्वामित्व एवं सह अधिपत्यधार है। हर प्रसाद केशवानी एवं मेरे पक्षकार के पिता राम पाल केशवानी उक्त संपत्ति के एकल स्वामित्व नहीं रखते है। इसलिए कोई भी व्यक्ति विशेष, वित्तीय संस्था, निजी संस्था उक्त संपत्ति के संबंध में कोई भी विक्रय अनुबंध, संपव्यवहार ना करे, किसी भी प्रकार की सौदेवाजी ना करें। यदि उक्त संपत्ति को मेरे अनुमति के बिना विक्रय करने के लिए विकय अनुबंध पत्र जारी करता है या विक्रय करता है तो उसका जिम्मेदार वह स्वयं होगा साथ ही साथ निष्पादित किया गया विक्रय अनुबंध या पंजीकृत बैनामा स्वयं में शून्य माना जावेगा।

दिव्यांश यादव (अधिवक्ता)
मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर
कार्यालय-207. छोटी ओमती जबलपुर (म.प्र.)
संपर्क -7987864564
र.नं. 2517

### इश्तहार

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार इरशाद अली आत्मज हसन अली निवासी शास्त्री वार्ड गाडरवारा, तहसील गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर ( म.प्र. ) ने सम्पत्ति मौजा गाडरवारा, ख.नं. 288/14, रकवा 406 वर्गफुट में स्थित सम्पत्ति को रजि. बैनामा दिनांक 31/08/2019 ई-रजि. क्रमांक MP268142019A1617432 के माध्यम से चतुर्भुज पेशवानी एवं कमल पेशवानी दोनों आत्मज अर्जुनदास पेशवानी, दोनों निवासी राजेन्द्र बाबू वार्ड गाडरवारा से उक्त सम्पत्ति क्रय की थी प्रतिफल की रकम के रूप में मेरे पक्षकार द्वारा 17,00,000/- रूपया का चैक एक्सेस बैंक लिमि. शाखा गाडरवारा के चेक क्रमांक 8,50,000/- रूपया चेक क्रमांक 000682 दिनांक 31/01/2020 एवं राशि 8,50,000/- रूपया चेक क्रमांक 000683 दिनांक 31/01/2020 के मावजा की अदायगी में देकर सम्पत्ति का बैनामा अपने पक्ष में पंजीयन कराया था। जिसमें से चेक क्रमांक 000682 का भुगतान विक्रेता के द्वारा प्राप्त कर लिया गया है तथा चेक क्रमांक 000683 राशि 8,50,000/- रूपये के चेक का भुगतान अवधि निकल जाने के कारण भुगतान प्राप्त नहीं हो सका है उक्त चेक के एवज में मेरे पक्षकार द्वारा नया चेक क्रमांक 774 एक्सेस बैंक लिमि. शाखा गाडरवारा राशि 3,50,000/- रूपया दिनांक 21/05/2020 एवं चेक कमांक 90 दिनांक 29/08/2020 राशि 3,00,000/- रूपये एवं चेक क्रमांक 93 दिनांक 03/10/2020 राशि 2,00,000/- रूपये के माध्यम से उक्त सम्पत्ति की माहदा की सम्पूर्ण रकम का भुगतान प्राप्त हो चुका है। अब कुछ भी लेनदेन पक्षकारों के बीच शेष नहीं है। उक्त लेनदेन में किसी व्यक्ति, संस्था, गैरसरकारी संस्था आदि को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन से 7 दिवस के भीतर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है अवधि उपरांत कोई भी दावा आपत्ति मान्य नहीं होगी। जिस हेतु यह इश्तहार प्रकाशित करवाया जा रहा है।

**कृष्ण कुमार पटैल (अधिवक्ता)**
**सिविल कोर्ट गाडरवारा**

# देश-प्रदेश

## उवाच

## चौटाला परिवार को हो जाना चाहिए एकजुट : टिकैत

**सिरसा, एजेंसी।** हरियाणा के सिरसा स्थित चौटाला गांव में किसान नेता राकेश टिकैत ने राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए चौटाला परिवार से एकजुट होने की अपील की। उन्होंने चौटाला की विचारधारा और उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि उनकी सोच और उनके द्वारा उठाए गए कदम हमेशा किसानों के हित में रहे। टिकैत ने सभा में किसानों की शक्ति और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट होने पर बल दिया।



# मनोज श्रीवास्तव बने राज्य निर्वाचन आयोग आयुक्त

### आज संभालेंगे कार्यभार



**भोपाल, देशबन्धु।** सेवानिवृत्त आईएएस मनोज श्रीवास्तव मध्यप्रदेश के नए राज्य निर्वाचन आयुक्त बनाए गए हैं। इस संबंध में मंगलवार शाम सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी कर दिए हैं। श्रीवास्तव 1 जनवरी को आयुक्त का पदभार संभालेंगे। आयोग के आयुक्त बसंत प्रताप सिंह का 6 माह का अतिरिक्त कार्यकाल 31 दिसंबर पूरा होने पर उनके स्थान पर श्री श्रीवास्तव की नियुक्ति की गई है। हालांकि राज्य निर्वाचन आयुक्त रहे श्री सिंह का कार्यकाल विगत 30 जून 2024 को खत्म हो गया था, लेकिन सरकार ने उस समय उन्हें पद पर बने रहने के आदेश दिए थे। श्रीवास्तव फिलहाल प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग के सदस्य के तौर पर काम कर रहे थे। उन्होंने नए नियुक्ति आदेश जारी होने के पहले आयोग के सदस्य पद से इस्तीफा दे दिया था।

सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार नए निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति 6 वर्ष अथवा 66 वर्ष की आयु पूर्ण होने में जो भी पहले हो तक रहेगी। मनोज श्रीवास्तव 1987 बैच के मध्यप्रदेश कैडर के सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी हैं, वे इंदौर कलेक्टर और जनसम्पर्क आयुक्त सहित कई विभागों में अहम पदों पर रह चुके हैं। वर्ष 2021 में वे पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव पद से सेवानिवृत्त हुए थे। उनकी साहित्य के क्षेत्र में भी गहरी रूचि रही है। श्रीवास्तव को केंद्रीय हिंदी संस्थान से स्वामी विवेकानंद पुरस्कार और 'अंतर्राष्ट्रीय विमानन पुरस्कार' से भी सम्मानित किया जा चुका है। उल्लेखनीय है कि इस पद के लिए पूर्व मुख्य सचिव वीरा राणा और सेवानिवृत्त अपर मुख्य सचिव मलय श्रीवास्तव के नाम भी चर्चाओं में थे।

### मुख्यमंत्री ने दी नववर्ष की बधाई, कहा-

# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विकास यात्रा को मिलेगा नया आयाम

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नए साल पर प्रदेश के नागरिकों को बधाई और शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत निरंतर आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में वर्ष-2024 भारत के साथ मध्यप्रदेश समग्र विकास का पर्याय बना। नया वर्ष-2025 निश्चित ही विकसित भारत के ध्येय को गति देगा, भारत की विकास यात्रा को नया आयाम मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष-2024 प्रदेश में जनकल्याण की दृष्टि से महत्वपूर्ण रहा। राज्य सरकार आने वाले वर्ष में भी जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देते हुए प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाने का भरसक प्रयास करेगी।

# बेस्ट की इलेक्ट्रिक बस से निकला धुआं

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई नगर निगम द्वारा संचालित बेस्ट की एक लीज वाली इलेक्ट्रिक बस की ओवरहेड बैटरी से धुआं निकलने लगा। इसके बाद यात्रियों को बाइकुला इलाके में उतारकर बस को खाली किया गया। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सभी यात्री सुरक्षित हैं। बस मार्ग संख्या-126 पर चल रही थी और जजामाता उद्यान की ओर जा रही थी। घटना मंगलवार दोपहर करीब 1.15 बजे बाबासाहेब आंबेडकर रोड पर हुई। एक सूत्र ने बताया कि हो सकता है कि बस किसी निर्माणाधीन पुल के ऊपरी हिस्से से टकराई हो। लेकिन धुएं की सही वजह का अभी तक पता नहीं चल पाया है। अधिकारी ने बताया कि बस का निर्माण ओलेक्ट्रा ने किया था। इस महीने की शुरुआत कुर्ला में एक बड़ा बस हादसा हुआ था। इस बस का निर्माण भी इसी कंपनी ने किया था।

### भोपाल से पीथमपुर तक बनेगा ग्रीन कॉरिडोर

# यूनियन कार्बाइड के 337 मीट्रिक टन कचरे का होगा निपटारा

**भोपाल, देशबन्धु।** भोपाल गैस कांड के 40 साल बाद यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री के गोदाम में रखे 337 मीट्रिक टन जहरीले कचरे को हटाने की प्रक्रिया जारी है। 2 दिन पहले यूनियन कार्बाइड का कचरा एकत्रित कर कंटेनरों में भरकर रख दिया गया है। अब इसको भोपाल से पीथमपुर ले जाया जाएगा, जिसके लिए अलग से कॉरिडोर बनेगा। गैस राहत एवं पुनर्वास विभाग के संचालक स्वतंत्र कुमार सिंह इस संबंध में बताया कि यह कार्यवाई केंद्र सरकार की उच्च स्तरीय कमेटी के निर्देशन और देखरेख के अनुसार की जा रही है।

उन्होंने बताया कि प्रदेश में औद्योगिक इकाइयों में निकलने वाले रासायनिक और अन्य अपशिष्ट के निष्पादन के लिए धार जिले के पीथमपुर में एकमात्र प्लांट है, जहां पर जलाकर से ऐसे पदार्थों का निपटारा किया जाता है। यह प्लांट केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के दिशा-

#### देश में पीथमपुर जैसे 42 संयंत्र मौजूद

निर्देशानुसार संचालित है। सुरक्षा मानकों का ध्यान रखते हुए 10 मीट्रिक टन अपशिष्ट विनिष्क्रिकरण का ट्रायल रन-2015 में किया जा चुका है।

श्री सिंह ने बताया कि शेष बचे 337 मीट्रिक टन रासायनिक अपशिष्ट पदार्थों का निष्पादन सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय द्वारा समय-समय पर पारित आदेशों के अनुरूप तथा उच्च न्यायालय द्वारा गठित उच्च स्तरीय कमेटी व टास्क फोर्स कमेटी के निर्णय 19 जून 2023 के अनुक्रम में किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पीथमपुर में अत्याधुनिक बुनियादी ट्रीटमेंट, स्टोरेज एवं डिस्पोजल फेसिलिटी (टीएसडीएफ) अनुसार वर्ष-2006 से अन्य संस्थाओं के अपशिष्ट का भस्मीकरण ठीक उसी प्रकार से किया जा रहा है, जैसे लगातार क्रियाशील यूसीआईएल में अपशिष्ट संग्रहित है।

#### इन बातों का किया खंडन

संचालक सिंह ने बताया कि एक अखबार की रिपोर्ट का खंडन किया है, जिसमें पीथमपुर स्थित प्लांट क्षेत्र के पास स्थित नाले के पानी के प्रदूषित होने और क्षेत्रीय लोगों को त्वचा संक्रमण तथा श्वांस संबंधी परेशानी है। श्री सिंह ने कहा कि अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, भोपाल के स्किन एक्सपर्ट्स और आईसीएमआर के शोध वैज्ञानिकों तथा विभाग के संबंधित चिकित्सकों की टीम गठित कर संबंधित 12 गांवों में 'स्वास्थ्य सर्वेक्षण' कराया गया। जांच के बाद प्रस्तुत रिपोर्ट अनुसार उक्त गांव में चर्म रोग (1.77) एवं श्वसन रोग यूआरटीआई 1.14 प्रतिशत भारत सरकार का राष्ट्रीय डेटा चर्मरोग 7.9-60 प्रतिशत एवं श्वसन रोग 40-50 प्रतिशत से कम है। इससे यह प्रतीत होता है कि उक्त बीमारियों का प्रतिशत सामान्य स्तर पर ही है।

# जम्मू-कश्मीर में इस साल 75 आतंकियों को मार गिराया गया

**जम्मू, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर में इस साल अलग-अलग अभियानों में सुरक्षा बलों ने 75 आतंकवादियों को मार गिराया, जिनमें से ज्यादातर विदेशी थे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इस साल (2024 में) सुरक्षा बलों ने अलग-अलग आतंकवाद विरोधी अभियानों में 75 आतंकवादियों को मार गिराया, जिनमें 45 पाकिस्तानी थे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी समूहों में स्थानीय आतंकवादियों की भर्ती लगभग शून्य है और इस साल 75 आतंकवादी मारे गए हैं, जिनमें 45 पाकिस्तानी मूल के थे। उन्होंने कहा कि पड़ोसी पाकिस्तान भारतीय सीमा में आतंकवादियों को जम्मू-कश्मीर में घुसाने की हरसंभव कोशिश कर रहा है, लेकिन सुरक्षा बलों ने उनके सभी नापाक मंसूबों को नाकाम कर दिया है। उन्होंने कहा कि इस साल जनवरी से दिसम्बर के बीच सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर में घुसपैठ की कोशिशों को नाकाम करने के अलावा विभिन्न मुठभेड़ों और में 75 आतंकवादियों को मार गिराया है।

# सड़क हादसे में 3 मजदूरों की मौत

### पिकअप के पलटने से हुआ हादसा

**उज्जैन/भोपाल, देशबन्धु।** उज्जैन से लगभग 50 किलोमीटर दूर स्थित महिदपुर तहसील में मंगलवार सुबह सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। साथ ही 14 लोग घायल हो गए। हादस पिकअप के पलटने से हुआ। सभी लोग पिकअप में सवार थे और श्रमिक बताए जा रहे हैं। मटर तोड़ने के लिए लिए खेत जा रहे थे। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। उसके पहले ही ग्रामीणों ने पिकअप के नीचे दबे मजदूरों को जेसीबी के माध्यम से पिकअप हटाकर बाहर निकाल लिया था। घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। बताया जाता है कि मंगलवार सुबह पिकअप में सवार होकर 24 श्रमिक महिदपुर तहसील से मटर तोड़ने के लिए रतलाम जा रहे थे। तभी डेलची गांव में सुबह करीब 8:30 बजे स्पीड तेज होने के चलते पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतरकर पलटी खा गया। हादसे में काफी श्रमिक पिकअप के नीचे दब गए। गनीमत रही कि जल्द से जल्द क्षेत्र के लोगों ने घटनास्थल पर पहुंचकर मजदूरों को बचाने के प्रयास शुरू कर दिए। जेसीबी की मदद से पिकअप को सीधा करवाने के साथ ही यहां फंसे मजदूरों को अस्पताल भिजवाने में मदद भी की। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने तुरंत एंबुलेंस के माध्यम से गंभीर घायलों को उज्जैन जिला चिकित्सालय पहुंचाया, जबकि अन्य घायलों का उपचार महिदपुर अस्पताल में जारी है। महिदपुर थाना पुलिस ने बताया कि इस मामले में पिकअप के नीचे दबने से कंचनबाई (45), जसोदाबाई (35) और बालाराम (15) की मौत हो गई। जबकि अन्य मायाबाई, रेखाबाई, पायलबाई, रम्भाबाई को गंभीर हालत में उज्जैन जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि घटना में मंजूबाई, हेमाबाई, साजनबाई, लक्ष्मीबाई, डालीबाई, रेखाबाई, ललिताबाई, रम्भाबाई, कमलाबाई, उमरावबाई, सुगनबाई और रुक्माबाई भी घायल हुई हैं, उन्हें महिदपुर के अस्पताल में उपचार दिया जा रहा है। बताया जा रहा है कि पिकअप में 24 लोग सवार थे, चालक फरार है।

### मुख्यमंत्री ने शोक व्यक्त किया

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को उज्जैन जिले के ग्राम डेलची-बुजुर्ग के समीप मजदूरों को रतलाम ले जा रहे पिक अप वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने से हुई तीन मजदूरों की असामयिक मृत्यु पर दुःख व्यक्त किया है। डॉ. यादव ने कहा कि मेरी संवेदनाएं प्रभावित परिवारों के साथ हैं। उन्होंने जिला प्रशासन उज्जैन को मृतकों के परिजन को नियमानुसार आर्थिक मदद देने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने बाबा महाकाल से दिवंगत आत्माओं की शांति और शोकाकुल परिजन को इस गहन दुःख सहन करने की शक्ति देने और घायलों को पूर्णतः शीघ्र स्वास्थ्य लाभ

### मुख्यमंत्री ने की विक्रमोत्सव और विक्रम व्यापार मेले के आयोजन की समीक्षा, कहा-

# उज्जैन को मूर्ति-शिल्प का केन्द्र बनाने के प्रयास किए जाएंगे




**उज्जैन/भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को उज्जैन के स्मार्ट सिटी कार्यालय के सभा कक्ष में आगामी विक्रमोत्सव-2025 और विक्रम व्यापार मेले के आयोजन की समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में विक्रम व्यापार मेले का आयोजन एक महत्वपूर्ण प्रयास है। सम्राट विक्रमादित्य न्याय, दानशीलता, सुशासन, वीरता की अद्वितीय मिसाल है। वे एक महान शासक थे। उन्होंने न केवल विदेशी आक्रमणकारियों को पराजित कर देश से बाहर किया बल्कि सुशासन के सभी क्षेत्रों में उनका विशेष स्थान रहा है। मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि उज्जैन को मूर्तिशिल्प का केन्द्र बनाए जाने के लिए कार्य योजना बनाने के निर्देश दिये।

मध्यप्रदेश सरकार ने सम्राट विक्रमादित्य के विभिन्न आयामों को देश और विदेश के सामने लाने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में कार्य प्रारंभ किया है। सम्राट विक्रमादित्य के विक्रम संवत् के प्रवर्तन के अवसर पर उज्जैन में आने वाले दिनों में भव्य आयोजन किया जाएगा। विक्रमादित्य की न्याय परंपरा पर विश्वविद्यालय में सेमीनार का आयोजन किया जाएगा। विक्रम व्यापार मेले में सरकार द्वारा निवेशकों को मंच प्रदान किए जाएंगे। प्रदेश में पर्यटन के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं इन्हें और अधिक विकसित किया जाएगा। उज्जैन में धार्मिक पर्यटकों की संख्या में अत्यंत वृद्धि हुई है।

मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने विक्रम व्यापार मेले के आयोजन और विक्रमोत्सव के आयोजन की समीक्षा की। कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन से गत वर्ष आयोजित विक्रम व्यापार मेले के बारे में मूलभूत जानकारी दी। बताया गया कि इस वर्ष विक्रम व्यापार मेले के आयोजन के लिए शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर का चयन किया जाना प्रस्तावित है। बैठक में विक्रम व्यापार मेले-2025 के लिये स्थल के प्रस्तावित ले-आउट, प्रस्तावित दुकानों की जानकारी और आयोजन के संबंध में अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि इस बार के विक्रम व्यापार मेले में ऑटो एक्स-पो और धार्मिक पर्यटन को भी विशेष बढ़ावा दिया जाएगा।

बैठक में सांसद बालयोगी उमेशनाथ जी महाराज, प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, सतीश मालवीय, जितेन्द्र पण्ड्या, एडीजी उमेश जोगा, संभागायुक्त संजय गुप्ता, डीआईजी नवनीत भसीन, कलेक्टर नीरज कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जयति सिंह, विक्रमादित्य शोधपीठ के निदेशक डॉ.श्रीराम तिवारी, डॉ.भगवतीलाल राजपुरोहित, जिला पंचायत की उपाध्यक्ष श्रीमती शिवानी कुँवर, विक्रम विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो.अर्पण भारद्वाज, नगर निगम आयुक्त आशीष पाठक, बहादुर सिंह बोरमुण्डला, एमपीआईडीसी के राजेश राठौर, विशाल राजोरिया एवं अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे।



# उज्जैन में बैरवा जयंती में शामिल हुए मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारत विभिन्न धर्मों, समाजों, भाषाओं और संस्कृतियों का देश है। सब मिलकर यहां सद्भावपूर्वक रहते हैं। सांस्कृतिक वैविध्य ही हमारी संस्कृति की पहचान है। हमारी आस्था और जीवन मूल्य हमें विकास की ओर ले जाते हैं। योग, तप, साधना और साहचर्य से जीवन का समग्र विकास की शिक्षा सिर्फ भारतीय संस्कृति ही सिखाती है। समाज में जनजागृति लाने में महर्षियों की बड़ी अहम भूमिका रही है। महर्षि बालीनाथ बैरवा उन्हीं में से एक थे। वे परम संत थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को उज्जैन में महर्षि बालीनाथ बैरवा जयंती कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जो असंभव दिखता है, वो केवल सनातन धर्म में ही संभव है। महर्षि बालीनाथ जी ने समाज की कुरीतियों, रूढ़ियों और बुराइयों को खत्म किया और सबको सद्मार्ग की ओर ले जाने का काम किया। उन्होंने बालीनाथ जी की स्मृति में देश के दूरदराज से आए बैरवा समाजजन का अभिनंदन करते हुए कहा कि इस प्रदेश सरकार सामाजिक कार्यक्रम में आकर वे बेहद प्रसन्न है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अखिल जूनवाल द्वारा लिखित पुस्तक भीम वंदना का विमोचन भी किया। इसके बाद बैरवा समाज की बाईक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

कार्यक्रम में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कौशल विकास एवं रोजगार विभाग एवं उज्जैन जिले के प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल, अखिल भारतीय बैरवा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश जारवाल, लालाराम बैरवा, राधेश्याम बैरवा, मुकेश टेटवाल, सी.एल. बैरवा, प्रभुराम सहित अन्य समाजजन उपस्थित थे।

### पेटलावद विधानसभा में खुलेंगे 13 उप स्वास्थ्य केंद्र

# उप स्वास्थ्य केंद्रों से होगा स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार



**झाबुआ, देशबन्धु।** प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने झाबुआ जिले की पेटलावद विधानसभा में 13 उप स्वास्थ्य केन्द्रों की स्वीकृति प्रदान करने पर उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल को धन्यवाद दिया और क्षेत्र की जनता की ओर से आभार माना है।

मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत में स्वास्थ्य क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए ऐतिहासिक निर्णय लिये है। वहीं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग नागरिकों को उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिये कृत संकल्पित हैं। महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने कहा कि झाबुआ जिले की पेटलावद विधानसभा के अंतर्गत असालिया, चेन बावडी, बरखेड़ा, भैंसाकराई, भंवर पिपलिया, घावलिया, गोमला, गोपालपुरा, हत्यादेली, झूमका, कोकावद, रसोडी, वागलाबाट भूरिया के लिए कुल 13 नवीन उप स्वास्थ्य केन्द्रों के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि इन स्वास्थ्य केंद्रों के खुलने से क्षेत्र की जनता को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं में वृद्धि होगी।

# राज्य प्रशासनिक सेवा के 15 अधिकारियों को वरिष्ठ प्रवर श्रेणी वेतनमान

**भोपाल, देशबन्धु।** राज्य शासन ने राज्य प्रशासनिक सेवा के 15 अधिकारियों को प्रवर श्रेणी वेतनमान से वरिष्ठ प्रवर श्रेणी वेतनमान में क्रमोन्नति प्रदान की है। इस संबंध में आज सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा आदेश जारी कर दिए गए हैं। इन अधिकारियों को एक जनवरी से वरिष्ठ प्रवर श्रेणी वेतनमान का लाभ मिलने लगेगा।

शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार इसमें संस्कृति संचालक नारायण प्रसाद नामदेव, सामान्य प्रशासन विभाग के उप सचिव जयेन्द्र कुमार विजयवत, शहडोल की उपायुक्त (राजस्व) निमिषा पांडे, अपर संचालक स्वास्थ्य सेवाएं कृष्ण कुमार रावत, जिला पंचायत मुरैना के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. इच्छित गढ़पाले, क्षेत्रीय कार्यालय औद्योगिक विकास निगम भोपाल के कार्यकारी संचालक विशाल चौहान, मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी मेहताब सिंह गुर्जर, जिला पंचायत श्योपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अतेन्द्र सिंह गुर्जर, उप निर्वाचन पदाधिकारी मप्र श्रीमती सुरभि तिवारी, सामान्य प्रशासन विभाग की उप सचिव श्रीमती वंदना मेहरा अटूट, नरोन्हा प्रशासन अकादमी की विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी सुश्री नेहा भारतीय, रायसेन के अपर कलेक्टर श्रीमती श्वेता पवार, मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के मुख्य महाप्रबंधक प्रकाश सिंह चौहान, सिवनी की अपर कलेक्टर सुनीता खंडायत और मुख्य सचिव कार्यालय में पदस्थ उप सचिव उमराव सिंह मरावी का नाम शामिल है।

### बीपीएससी अभ्यर्थियों के समर्थन में महागठबंधन का मार्च

# पुलिस ने रोका तो सड़क पर ही बैठे नेता



**पटना, एजेंसी।** बिहार लोक सेवा आयोग की 70वीं प्रारंभिक परीक्षा को रद्द कराने की मांग लेकर अभ्यर्थियों का प्रदर्शन जारी है। मंगलवार दोपहर महागठबंधन ने नेताओं ने फिर से अभ्यर्थियों के समर्थन में सड़क पर उतर गए। पटना में राजभवन मार्च के लिए भाकपा माले और कांग्रेस के कार्यकर्ता विधानसभा के पास जमा हुए। इसके बाद नीतीश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए वह राजभवन की ओर बढ़ ही रहे थे कि निर्वाचन आयोग के पास पटना पुलिस ने मार्च को रोका दिया। इसके बाद महागठबंधन के विधायकों ने विरोध जताया। देखते ही देखते विधायकों और पुलिस के झड़प होने लगी। नाराज विधायक रोड पर बैठ कर धरना प्रदर्शन करने लगे। विधायकों के हाथों में परीक्षा रद्द करें और लाठीचार्ज के विरोध वाले पोस्टर थे। इधर, सड़क पर बैठे विधायकों को पटना पुलिस की टीम समझाने की। माले विधायक संदीप सौरभ ने पुलिस से पूछा कि आप हमलोगों को किस नियम के आधार पर राज्यपाल से मिलने से रोक रहे हैं। नियम दिखाइए, कि विधायक राज्यपाल से नहीं मिल सकते हैं? इसके बाद पुलिस ने उन्हें आगे जाने दिया।


## कार्यालय, संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र.- सभा. अधि./13/मुख्यालय 2024-25/एम/232 दिनांक 30.12.2024

### भवन नामांतरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 1. मोहम्मद अबरार पिता श्री मोहम्मद रियाज 2. श्री मो. अशफाक पिता श्री मो. जहूर ने मकान नं. 405/आई-4 का भाग वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी क्षेत्रफल 708.5 व.फु. भूतल 455 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक- 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

कृति

राजस्व निरीक्षक
संभागीय अधिकारी, संभाग क्रं.-13
मुख्यालय नगर निगम, जबलपुर

## कार्यालय, संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र.- सभा. अधि./13/मुख्यालय 2024-25/एम/335 दिनांक 31.12.2024

### भवन नामांतरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राजेश नागदेव पिता स्व. श्री राम चन्द्र नागदेव ने मकान नं. 920 का भाग वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती कुल भूमि-4132 व.फु. बंटवारानामा के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक- 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

र.नं. 2518

राजस्व निरीक्षक
संभागीय अधिकारी, संभाग क्रं.-13
मुख्यालय नगर निगम, जबलपुर

## संभागीय कार्यालय संभाग क्र.-15 सुहागी, नगर निगम, जबलपुर

प्रकरण क्र./संभा.अधि./राजस्व/एम 92/2024-25 दिनांक 31/12/2024

### भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति तुलसा सोनी पति श्री मूलचंद सोनी के द्वारा वार्ड क्र. 72 दादा उनठनपाल के निगम सम्पत्ति आई.डी. क्र. 1003859674 के पंजीकृत स्वामी श्रीमति संध्या जैन पति श्री रविन्द्र कुमार जैन के नाम से दर्ज श्री रामदेव बाबा डेवलपर्स एंड बिल्डर्स ड्रीमलैण्ड सिटी के ले आउट प्लाट क. 451 का दर्ज प्लाट रकवा 1537 वर्गफुट जिसका मौजा रिमझा खसरा नं. 173/2 का भाग डायवर्सन खसरा नं. 166, 167, 169/1ख 169/2, 169/3 एवं 171, 172/1, 172/2. 172/3, 173/1, 173/2, 179/1, 179/2 का हिस्सा की विक्रय/क्रय संपत्ति ई-पंजीयन प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, टैक्स रसीद एवं राजस्व नामांतरण शुल्क के आधार पर नगर निगम राजस्व कम्प्यूटर रिकार्ड में अपना नाम दर्ज किये जाने नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया हैं जिस किसी को भी आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्र. 15 सुहागी में दस्तावेज/प्रमाण सहित आपत्ति आवेदन प्रस्तुत करें।

र.नं. 2518

संभागीय अधिकारी (राजस्व)
संभाग क्रं.-15, सुहागी नगर पालिक निगम, जबलपुर

## संभागीय कार्यालय संभाग क्र.-15 सुहागी, नगर निगम, जबलपुर

प्रकरण क्र./संभा.अधि./राजस्व/एम 92/2024-25 दिनांक 31/13/2024

### भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति हेमलता रात्रमवार पुत्री श्री मोरेश्वर सत्रमवार के द्वारा वार्ड क्र. 75 शहीद बिरसामुण्डा के निगम सम्पत्ति आई.डी क्र. 1000616251 के पजीकृत स्वामी डायरेक्टर राजुल प्रापर्टीज श्री दिलीप मेहता पिता स्व. श्री धीरज लाल मेहता के नाम से दर्ज खसरा नं. 5/2, 8, 14, 6/3 राजुल नगर महाराजपुर का दर्ज खुली भूमि रकवा 85455 वर्गफुट में से खसरा नं. 6/2/2 का हिस्सा प्लाट नं. 80 का प्लाट रकवा 1503 वर्गफुट विक्रय/क्रय संपत्ति ई-पंजीयन प्रमाण पत्र, संपत्ति लेजर रिपोर्ट, आधार कार्ड एवं राजस्व नामांतरण शुल्क के आधार पर नगर निगम राजस्व कम्प्यूटर रिकार्ड में अपना नाम दर्ज किये जाने नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया हैं जिस किसी को भी आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्र.-15 सुहागी में दस्तावेज / प्रमाण सहित आपत्ति आवेदन प्रस्तुत करें।

र.नं. 2518

संभागीय अधिकारी (राजस्व)
संभाग क्रं.-15, सुहागी नगर पालिक निगम, जबलपुर

## निविदा/नियुक्ति/जाहिरात

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं, Army No. JC-452798P SUB (HONY CAPT) UMED SINGH SHEKHAWAT OF UNIT ADM BN, DEPOT COY, GRC JABALPUR MP 482001. VILLAGE- NANGAL, POST- BAY, TEH- DANTA RAMGARH, DISTT SIKAR (RAJ) शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी पुत्री का नाम NIKU KANWAR दर्ज है जो कि गलत है मेरी पुत्री का सही एवं वास्तविक नाम NIKKU KANWAR है जो कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है, एवं मेरी पुत्री के इस नाम NIKKU KANWAR को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे।

गलत नाम-NIKU KANWAR
सही नाम-NIKKU KANWAR

कृति


# संतोष और अतुलकर सहित 9 आईपीएस अधिकारियों को मिली पदोन्नति

**भोपाल, देशबन्धु।** गृह विभाग द्वारा इंदौर पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सहित 9 आईपीएस अधिकारियों को पदोन्नति दी गई है। वहीं 4 डीआईजी को पदोन्नत कर आईजी और 4 वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारियों को पदोन्नति देकर डीआईजी बनाया गया है। जहां इंदौर पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह को एडीजी के पद पर पदोन्नत किया गया है। छिंदवाड़ा और चंबल रेंज के डीआईजी को जहां आईजी बनाया गया है। वहीं धार और अशोकनगर के पुलिस अधीक्षक को डीआईजी पद पर पदोन्नत किया गया है। इन अधिकारियों को तरक्की के साथ ही एक जनवरी से नए वेतनमान का लाभ भी मिलेगा। गृह विभाग द्वारा जारी आदेश के मुताबिक 2000 बैच के आईपीएस अधिकारी संतोष कुमार सिंह को एडीजी पद पर पदोन्नति दी है। श्री सिंह वर्तमान में नगरीय पुलिस इंदौर में पुलिस आयुक्त हैं। पदोन्नति के बाद भी एडीजी, बतौर इंदौर पुलिस आयुक्त ही काम करते रहेंगे।

वहीं डीआईजी के पद से पदोन्नत होने वाले अधिकारियों में 2007 बैच के सचिन अतुलकर, कुमार सौरभ, कृष्णावेनी देसावतु और जगत सिंह राजपूत शामिल हैं। यह अधिकारी अब आईजी के रूप में कार्यभार संभालेंगे। वहीं, 4 पुलिस अधीक्षकों के पद से पदोन्नत होने वाले अधिकारियों में 2010 बैच के अधिकारी विजय कुमार खत्री, विनीत कुमार जैन, मनोज कुमार सिंह और राकेश कुमार सिंह शामिल हैं। यह अधिकारी अब बतौर डीआईजी अपने नए कार्यक्षेत्र में कार्य संभालेंगे।



र.नं. 2232

जबलपुर, बुधवार 01 जनवरी 2025
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# नया साल, कई सवाल

पुराने साल की ठिठुरी हुई परछाइयां सिमटीं
नए दिन का नया सूरज उफ़ुक़ पर उठता आता है।
-अली सरदार जाफ़री

तेजी से बदलती दुनिया में बहुत सी परंपराएं, मान्यताएं, रिवाज़, उत्सव मनाने के तरीके भी बदलते जा रहे हैं। हालांकि नए साल के आगमन और स्वागत का जोश वैसा ही बरकरार है, बल्कि अब उसमें कुछ और इजाफा हो गया है। पहले दीवारों पर लगे कैलेंडरों के बदलने और नए साल के आने पर काफी दार्शनिक किस्म की बातें होती थीं, अब भी होती हैं, लेकिन अब दीवारों से कैलेंडर गायब होते जा रहे हैं। मोबाइल और स्मार्ट वॉच ने कैलेंडरों की उपयोगिता सीमित कर दी है। वैसे कैलेंडर तो साल में एक बार बदला जाता है, मोबाइल और स्मार्ट वॉच बदलने के लिए साल का इंतजार नहीं करना पड़ता। उनका नया संस्करण जब आ जाए और जेब जब इजाज़त दे दे, शौकीन लोग इन्हें भी कपड़ों की तरह बदल लेते हैं। उपभोक्तावाद बिन बुलाए मेहमान की तरह जिंदगी के हर पहलू में अपनी दखलंदाजी कर चुका है। नए साल के जश्न में भी इसी उपभोक्तावाद के दर्शन होते हैं। जिसकी जेब जितनी भारी होती है, उतनी खातिरदारी वह नए साल की करता है।

अब विचारणीय पहलू यह है कि आखिर हर साल के आखिरी दिन रात 12 बजने के 10 सेंकड पहले दीवानों की तरह दस, नौ, आठ, सात की उल्टी गिनती पढ़कर घड़ी की दोनों सुइयों को एक जगह टिका देखते हुए या मोबाइल पर शून्य, शून्य, शून्य, शून्य देखकर जो हैप्पी न्यू ईयर का नाद किया जाता है, उसके ठीक अगले ही पल से हमारी जिंदगी में क्या बदलाव आ जाता है। समय अपनी चाल से चलता है, 12 बजकर एक मिनट होते हैं, लोग एक-दूसरे को बधाइयां देते हैं कि उन्होंने अपनी जिंदगी का एक साल और देख लिया। इसके बाद कुछ लोग रात भर जश्न मनाते हैं और नए साल की दोपहर को उनकी सुबह होती है। कुछ लोग अपने-अपने ईश्वर को याद करके आभार व्यक्त करते हैं। व्हॉट्सऐप के इस दौर में नए साल पर शुभकामना संदेशों का आदान-प्रदान थोक में होता है। नए साल के लिए नयी प्रतिज्ञाएं, नए सिरे से बहुत से लोग लेते हैं, ताकि उनकी जिंदगी में बेहतर बदलाव आ सके।

दरअसल नए साल की सार्थकता इसी में है कि हम जहां थे, वहां से कुछ आगे बढ़ सकें। जैसा कवि भवानी प्रसाद मिश्र ने लिखा था,

कुछ लिख कर सो, कुछ पढ़ कर सो,
तू जिस जगह जागा, उस जगह से बढ़कर सो।

लेकिन अभी हम दुनिया पर निगाह दौड़ाएं या देश को ही देख लें, तो लगता है कि आगे बढ़ने की तमन्ना होने के बावजूद पैर पीछे की तरफ ही सरक रहे हैं। रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध थमा नहीं है, इजरायल फिलीस्तीन में जो नरसंहार कर रहा है, उसे रोकने की कोई कोशिश नहीं हो रही। अमेरिका की सत्ता में चेहरे बदल गए, लेकिन नीतियां वही हैं। पूरी दुनिया में कट्टरपंथ, नफरत, लालच के लिए अधिक जगह बनती जा रही है। नैतिक मूल्यों और विचारों के लिए जगह कम हो गई है। भारत भी इनमें अछूता नहीं है।

गुजरे साल कई नामी-गिरामी हस्तियों ने दुनिया से विदा ली। उद्योगपति रतन टाटा, तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन, निर्देशक श्याम बेनेगल, मलयाली लेखक एमटी वासुदेवन और हाल ही में पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह का निधन 2024 में हुआ। संस्कार कहते हैं कि मौत पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। लेकिन बीते साल के आखिरी दिनों में भारत ने यह भी मुमकिन होते हुए देख लिया। डा. सिंह की अंत्येष्टि से लेकर उनके अस्थि विसर्जन तक आरोप-प्रत्यारोप का खेल चला। भाजपा सरकार ने ससम्मान डा. सिंह का अंतिम संस्कार नहीं होने दिया, ऐसे आरोप लगे तो बदले में भाजपा ने कांग्रेस पर सवाल उठाए कि उसका कोई बड़ा नेता अस्थि विसर्जन में शामिल क्यों नहीं हुआ। नए साल पर क्या राजनीति के इस ओछेपन से देश को मुक्ति मिल पाएगी। सवाल यह भी है कि क्या नए साल में युवाओं के लिए नयी उम्मीदें बाकी रहेंगी या अब उम्मीद पालने, सपने देखने को भी जीएसटी के दायरे में लाया जाएगा। क्या महंगाई से लोगों को राहत मिलेगी, क्या किसानों को सरकार इस नए साल में एमएसपी देगी। महिलाएं, दलित, आदिवासी, मजदूर, गरीब क्या इन वर्गों के लिए घोषणापत्रों के अलावा भी सम्मान की जगह बन पाएगी। देश को कितने ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाना है, क्या इसका आकलन वास्तविक स्थिति और रुपए की कीमत के आधार पर किया जाएगा या मनमाने दावे किए जाते रहेंगे। देश की संवैधानिक संस्थाओं, न्यायपालिका की साख और उसके लिए निर्णयों की कद्र क्या नए साल में होगी या पहले की तरह बुलडोजर, कुदालों और फावड़ों का इंसाफ चलेगा। ढहाने और खोदने की राजनीति में हम गड्ढों में धर्म को तलाश रहे हैं या धर्म को गड्ढे में धकेल रहे हैं, क्या इस पर कोई विमर्श नए साल में होगा।

एक आखिरी सवाल 2014 से 2024 तक दस साल में जो अच्छे दिन नहीं आ पाए, क्या 2025 के 365 दिनों में कभी कोई दिन अच्छे दिनों वाला दिखेगा। बहरहाल, उम्मीद पर दुनिया कायम है और इसी उम्मीद पर नया साल भी टिका है।

देखिए पाते हैं उश्शाक़ बुतों से क्या फ़ैज़।
इक बरहमन ने कहा है कि ये साल अच्छा है।।
मिर्ज़ा ग़ालिब

# जाते-जाते बहुतों को बेनकाब कर गये मनमोहन सिंह

अपनी कार्य कुशलता और उत्कृष्ट स्वभाव का स्वयं उदाहरण बन चुके पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह जाते-जाते बहुतों को बेनकाब कर गये, जिनमें भारतीय जनता पार्टी सहित अनेक कांग्रेस विरोधी दल, कई स्वयंसेवी संगठन और देश का मुख्यधारा का मीडिया है। मनमोहन सिंह के निधन के बाद जिस प्रकार से उनके बारे में बातें हो रही हैं; और जो व्यवहार हो रहा है, वह यह भी बतलाता है कि किस प्रकार से भारत व्यक्तियों एवं परिस्थितियों को पहचानने में गलतियां करता है। वैसे तो अनेक लोगों एवं देश में पहले की परिघटनाओं को समझने-परखने के मामलों में यह होता आया है, लेकिन जिस तरह से मनमोहन सिंह जाते-जाते इन्हें बेपर्दा कर गये हैं, वह भारतीय मानस की बहुत अच्छी पड़ताल करता है।

मनमोहन सिंह कई मायनों में अलग तरह के प्रधानमंत्री थे। सिर्फ इसलिये नहीं कि वे गैर राजनीतिक पृष्ठभूमि से आये थे या कांग्रेस के वे उन गिने-चुने पीएम में से रहे जो नेहरू-गांधी परिवार से सम्बद्ध नहीं थे। उनके पास एक बेहतरीन कार्य अनुभव था जिसके बल पर उन्होंने पहले 1991 से 1996 तक वित्त मंत्री रहते और फिर 2004 से 2014 तक प्रधानमंत्री के रूप में देश को आर्थिक संकटों से उबारा था। कांग्रेस के खिलाफ जहर उगलने वाली विचारधारा ने जब लोगों को बतलाया कि पिछले 60 वर्षों में देश में कुछ भी नहीं हुआ था, तो उसे एक पीढ़ी ने मान भी लिया क्योंकि जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी का काल तो उन्होंने देखा नहीं था, पीवी नरसिंहा राव का समय भी वे भूल गये थे जिस दौरान मनमोहन सिंह वित्त मंत्री थे और देश ने आर्थिक उत्थान देखा था। मनमोहन सिंह का पीएम का कार्यकाल वे भूले नहीं थे, लेकिन उनके दिमाग पर एक कुत्सित प्रचार तंत्र ने बताया था कि वह सरकार घोटालेबाज व भ्रष्ट थी। 2014 से आये नये निज़ाम का सारा वक्त लोगों को यही याद दिलाने में बीता। इसलिये अब तक संसद की सारी कार्रवाइयों में वर्तमान दौर की उपलब्धियों पर चर्चा नहीं होती वरन पिछली सरकारों के कथित भ्रष्टाचारों पर बातें होती हैं जिन्हें कभी सिद्ध नहीं किया जा सका। उल्टे ज्यादातर में वे आरोप गलत ही साबित हुए हैं।

इस बीच भारतीय जनता पार्टी, खासकर उसके शीर्ष नेतागण अलग-अलग वक्त में कांग्रेस के विभिन्न नेताओं के बारे में एक स्थायी विमर्श के रूप में यह कहते सुने जाते हैं कि 'कांग्रेस ने इसका सम्मान नहीं किया' या 'उसका सम्मान नहीं किया।' नेहरू के खिलाफ कभी सरदार पटेल को खड़ा किया जाता रहा तो कभी सुभाषचन्द्र बोस को। यह साबित करने के लिये उसे करोड़ों रुपये फूंककर गुजरात में पटेल और इंडिया गेट पर बोस की मूर्ति लगाने से भी गुरेज़ नहीं रहा। हाल के वर्षों में भाजपा ने एक नया नरेटिव चलाया कि 'पूर्व राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी को कांग्रेस ने महत्ता नहीं दी', पर इसी पांसे को जब मनमोहन सिंह के नाम से फेंका गया तो वह उल्टा पड़ गया क्योंकि हाल की पीढ़ी ने खुद ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उन्हें (मनमोहन) पूरे दस साल अपमानित करते हुए देखा है। वह भूला-बिसरा अध्याय नहीं था। हाल की महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी और आर्थिक बदहाली के बरक्स लोग पहले से ही मोदी-काल की तुलना मनमोहन-काल से करते पाये गये हैं। सोशल मीडिया पर इसे लेकर मीम्स और कार्टून बनाये जाते हैं। रसोई गैस, पेट्रोल, रुपये की गिरती कीमत सहित बढ़ते दाम, सरकारी कम्पनियों का मोदी के मित्र कारोबारियों की झोलियों में डालना, बढ़ती बेकारी आदि का तुलनात्मक अध्ययन वैसे तो लम्बे समय से जारी रहा लेकिन सिंह साहब के जाते ही इसकी बाढ़ आयी हुई है। अब हर कोई उनके आर्थिक कदमों की सराहना कर रहे हैं।

सम्भवत: डॉ. सिंह की हो रही वाहवाही ने मोदी को चिंतित कर दिया होगा क्योंकि वे दस वर्षों से उन्हें बदनाम करने का कोई अवसर नहीं छोड़ते थे। संसद हो या उसके बाहर की कोई भी सभा, मोदी का एजेंडा नेहरू के व्यक्तित्व को कोसना तथा मनमोहन के आर्थिक फैसलों की आलोचना करना रहा था। इसके लिये मोदी ने असत्य कथन की सारी सीमाएं लांघी। उन्होंने मनमोहन सिंह के एक बयान को तोड़-मरोड़कर यह तक कहा था कि 'वे देश के संसाधनों पर पहला हक अल्पसंख्यकों का मानते थे।' हालांकि उसमें मोदी पूर्णत: गलत साबित हुए थे क्योंकि मूल बयान वैसा था ही नहीं। संसद में मनमोहन सिंह सरकार को भ्रष्ट साबित करने के लिये मोदी यह तक कह गये कि 'पूर्व पीएम रेनकोट पहनकर नहाते थे।' मनमोहन सिंह के निधन के तत्काल बाद से उनके कदमों की जिस तरह से प्रशंसा हुई वह शायद मोदी व भाजपा के लिये चिंता की बात रही होगी। इसलिये मोदी को राष्ट्र के नाम विशेष संदेश प्रसारित कर उनकी तारीफ करनी पड़ी। पहले भाजपा का प्रसार तंत्र उन्हें 'एक परिवार का नौकर', 'मौन मोहन' या 'रिमोट से चलने वाला पीएम' कहती थी, परन्तु अब जब उनके मजबूत एवं जनहित के फैसले सामने आ रहे हैं तो वह विमर्श जनता के बीच उतारने का साहस भाजपा व उसका प्रचार तंत्र अब तक नहीं जुटा पा रहा है। 'कांग्रेस ने उनका महत्व नहीं पहचाना', यह कहना तो दूर की बात है।


डॉ. दीपक पाचपोर

**मनमोहन सिंह कई मायनों में अलग तरह के प्रधानमंत्री थे। सिर्फ इसलिये नहीं कि वे गैर राजनीतिक पृष्ठभूमि से आये थे या कांग्रेस के वे उन गिने-चुने पीएम में से रहे जो नेहरू-गांधी परिवार से सम्बद्ध नहीं थे। उनके पास एक बेहतरीन कार्य अनुभव था जिसके बल पर उन्होंने पहले 1991 से 1996 तक वित्त मंत्री रहते और फिर 2004 से 2014 तक प्रधानमंत्री के रूप में देश को आर्थिक संकटों से उबारा था।**

इसके बावजूद डरी हुई सरकार ने मनमोहन सिंह की अंत्येष्टि प्रधानमंत्रियों (पूर्व भी) के लिये निर्धारित राजघाट की बजाये निगम बोध घाट पर करना तय किया तो इसकी जबर्दस्त आलोचना हुई जो यह बतलाता है कि जनता का नज़रिया उन्हें लेकर पूरी तरह से बदल गया है। उनकी मौत ने न सिर्फ भाजपा के लिये मुश्किलें खड़ी कीं वरन दूसरी अनेक पार्टियों को भी कठघरे में खड़ा किया है। विशेषकर दिल्ली की आम आदमी पार्टी को, जिसने मनमोहन सिंह के कार्यकाल में जन लोकपाल आंदोलन खड़ा कर इस सरकार को इतना बदनाम किया कि उसका लाभ भाजपा ले गयी और खुद आंदोलनकारियों का संगठन एक राजनीतिक दल (आप) बन गया। आज आप पार्टी भी मानती है कि मनमोहन सिंह के साथ भाजपा अच्छा सुलूक नहीं कर रही है, लेकिन वह इसका पश्चाताप नहीं कर रही है, और न ही इसके लिये माफ़ी मांग रही है, कि उसने एक अच्छी-भली सरकार को गिराने में अग्रणी भूमिका निभाई। इस आंदोलन के पुरोधा अण्णा हजारे अब 'मनमोहन सिंह को देश हित में काम करने वाला पीएम' बता रहे हैं, तो वहीं आप के अन्य नेता उनके आर्थिक निर्णयों की तारीफ कर रहे हैं। वैसे तो जिस तत्कालीन सीएजी विनोद राय की रिपोर्ट में कथित कोयला घोटाला पाया गया था, उसे काफी पहले सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया था, लेकिन किसी ने भी अपने किये पर क्षमा नहीं मांगी। ऐसे सारे तत्वों, संगठनों तथा सियासी दलों को भी जाते-जाते मनमोहन सिंह बेनकाब कर गये।

मुख्यधारा का मीडिया भी कम दोषी नहीं, जिसने यह पहचानने की भूल की कि जन लोकपाल आंदोलन एक जनहित में कार्यरत सरकार को गिराने की भाजपायी साजिश थी जो पूर्ववर्ती सरकार को हराने में दो बार नाकामयाब रही। उसने इस आंदोलन में घुसकर अपना उद्देश्य हासिल किया। इसलिये उसे मनमोहन सिंह की सरकार को बार-बार भ्रष्ट साबित करना ज़रूरी सा हो गया था। विनोद राय की रिपोर्ट गलत होने पर भी मीडिया खामोश रहा जबकि उसे भाजपा-आप की आलोचना करनी थी। दिवंगत डॉ. साहब और कई को बेपर्दा करेंगे। वे कह गये हैं- 'इतिहास उनके प्रति ऐसा निष्ठुर नहीं होगा जैसा आज का मीडिया है।'

(लेखक देशबन्धु के राजनीतिक सम्पादक हैं)

# अमेरिका भक्ति की सीमा तय हो

नए साल पर पहली चर्चा खुशखबरी की ही होनी चाहिए. तो खुशखबरी यह है कि बाहर गए भारतीयों द्वारा बीते साल में बाहर की कमाई में से बचत करके देश में पैसा भेजने के मामले में दुनिया में सबसे ऊपर आ गया है और दूर-दूर तक उसे चुनौती मिलती नज़र नहीं आ रही है क्योंकि उसके लिए चुनौती बनने वाला चीन काफी पीछे हो गया है। बाहर गए भारतीयों ने इस साल 129.1 अरब डालर की रकम अपने बंधु-बांधवों और देश को भेजी जो वैश्विक हिसाब का 14.3 फीसदी है। चीन का नंबर अब काफी पीछे है और उसका हिस्सा मात्र 5.3 फीसदी का हो गया है जबकि अभी हाल तक वह कभी भी दस फीसदी से नीचे नहीं गया था। भारत के बाद मैक्सिको का नंबर आता है पर अंग्रेजी जानने वाले ऐसे 'मजदूरों' के मामले में पाकिस्तान ही हमारे बाद है जिसका हिसाब और भी पीछे है। विदेशी मजदूरी/कमाई के इस हिसाब का महत्व तब और साफ दिखता है जब हम पाते हैं कि हमारी जीडीपी में इसका हिस्सा 3.3 फीसदी का हो जाता है और हमारे लिए तो नहीं लेकिन दुनिया के काफी देशों में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की मात्रा इस कमाई के नीचे ही है।


अरविन्द मोहन

**सिर्फ भक्त ही नहीं यहां के भगवान लोगों के लिए भी अभी तक यह समस्या ध्यान देने लायक नहीं बनी है। वे कभी पुजारी तो कभी ग्रंथी की तनख्वाह या मंदिर/मस्जिद का खेल करके अमेरिका से भी खराब सामाजिक स्थिति का संदेश दुनिया को दे रहे हैं, वे उन रोहिंग्या शरणार्थियों को भी चुनाव में मुद्दा बना रहे हैं जिन्हें आधिकारिक रूप से शरणार्थी बनाया गया है।**

हमारे लिए भी यह कमाई काफी महत्वपूर्ण खासकर विदेशी मुद्रा की कमाई के लिहाज से भी। और चीन की घटती कमाई पर ज्यादा खुश होने की जरूरत नहीं है क्योंकि एक तो अंग्रेजी के चलते उसके बीपीओ क्षेत्र में हमारे जितने 'मजदूर' उपलब्ध भी नहीं हैं। दूसरे वहां युवा आबादी का अनुपात तेजी से कम होने लगा है। और तीसरी वजह उसका खुद का एक बड़ी आर्थिक ताकत बनने से अपने सारे कामगार हाथों को काम उपलब्ध कराना है। दूसरी ओर हम हैं जिसके डालर कमाने वाले 'मजदूरों' में अंग्रेजी ज्ञान काफी बड़ी ताकत है और बीपीओ क्षेत्र से होने वाली कमाई हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण बन गई है। अरब जगत या अन्य देशों में शारीरिक श्रम करके कमाई करने वाले कम नहीं हैं पर भारत में कंप्यूटर क्रांति का मतलब सेवा क्षेत्र से कमाई बढ़ाना है और इस 'सेवा' का लाभ अमेरिका और यूरोप समेत किस-किस देश को कितना मिला है इसका हिसाब लगाने की फुरसत भी हमें नहीं है पर डालर में कमाई के चलते इसकी मात्रा और महत्व दोनों काफी अधिक हैं। मुश्किल यह है कि आज अचानक इस कमाई पर ग्रहण उपस्थित हो गया है।

सो पहली खुशखबरी से भी ज्यादा महत्व की चेतावनी यही कि हमारे बीपीओ कारोबार के लिए सबसे बड़ा बाजार अमेरिका अकारण वीज़ा के नियमों में बदलाव करके भारतीय पेशेवर कम्प्यूटरकर्मियों का अपने यहां काम करना मुश्किल कर रहा है। कई महीने पहले जब डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने चुनाव प्रचार के क्रम में वीसा नियम सख्त करने और 'अवैध' प्रवासियों को भगाने की बात उठाई तब से यह मामला अमेरिका, पूरी दुनिया और वहां काम कर रहे भारतीयों के बीच सर्वोच्च प्राथमिकता का मुद्दा बना हुआ है लेकिन हमारी सरकार और उसकी एजेंसियां कान में तेल डालकर सोई पड़ी हैं। मेक अमेरिका ग्रेट अगेन (मागा) नाम से पहचान वाले ट्रम्प भक्त हुड़दंग मचाए हुए हैं जबकि ट्रम्प की जीत को अपने जीत बताने वाले भारतीय भक्त इस सवाल पर चुप्पी साधे हुए हैं तो अमेरिकी भक्त लगभग जातीय दंगा शुरू कराने वाली भाषा बोलने लगे हैं। क्योंकि वहां सरकार बदल चुकी है और डोनाल्ड ट्रम्प बस आने ही वाले हैं। ऐसे-ऐसे अपमानजनक और डरावने वीडियो क्लिप भारत तक पहुंचने लगे हैं जिनसे लगता ही नहीं कि अमेरिका कोई सभ्य समाज है। हम जानते हैं कि ट्रम्प के परम सहयोगी और टेसला के मालिक एलन मस्क ने भी उनकी इस राय से सहमति जताई थी और लगातार वीज़ा नियमों में बदलाव की वकालत करते रहे हैं। नई सरकार पर उनकी छाप के अंदाजे से यह भी घबराहट का विषय बन गया था।

अब कारण जो भी रहे हों पर साल जाते जाते मस्क ने अपनी बात थोड़ी हल्की की तब काफी सारे लोगों ने राहत की सांस ली। मस्क ने कहा कि वीज़ा प्रणाली में गड़बड़ियां हैं और इन्हें दूर किया जा सकता है। अब अवैध ढंग से घुसपैठियों की वकालत कौन करेगा लेकिन वे वीज़ा-पासपोर्ट वाले तो हैं नहीं। जो लोग वीज़ा, खासकर एच-1 बी वीसा लेकर गए हैं उनमें अवैध लोग कैसे जा सकते हैं? यह समझ से परे है और फिर उनके खिलाफ आग उगलने का क्या कारण है यह समझना मुश्किल है। हर काम में कमाई करने का अभ्यस्त अमेरिका हर वीज़ा के लिए 35 हजार डालर की फीस वसूलता है और रेजिडेंसी के स्पांसरशिप के लिए 50 हजार डालर की फीस लेता है। ये लोग अपनी मौजूदगी और बौद्धिक/शारीरिक श्रम से अमेरिकी अर्थव्यवस्था में कितना या कैसा योगदान देते हैं (क्योंकि सब बुलाए हुए लोग हैं) वह हिसाब अलग है लेकिन उनकी अमेरिका में तैनाती कराने में ही हमारी साफ्टवेयर कंपनियों का हाल खराब होता है। अब क्या होगा यह कहना मुश्किल है लेकिन इतना ते लग रहा है कि एक बार फिर उनका ही मुंडन प्रमुख रूप से होने वाला है और अगर अमेरिका वीज़ा या वर्क परमिट को महंगा करता है तो इसका वैश्विक असर होगा।

कहना न होगा कि सिर्फ भक्त ही नहीं यहां के भगवान लोगों के लिए भी अभी तक यह समस्या ध्यान देने लायक नहीं बनी है। वे कभी पुजारी तो कभी ग्रंथी की तनख्वाह या मंदिर/मस्जिद का खेल करके अमेरिका से भी खराब सामाजिक स्थिति का संदेश दुनिया को दे रहे हैं, वे उन रोहिंग्या शरणार्थियों को भी चुनाव में मुद्दा बना रहे हैं जिन्हें आधिकारिक रूप से शरणार्थी बनाया गया है और जिनके प्रति सरकार की जवाबदेही तय है। असल में सबका ध्यान देश की आर्थिक राजधानी का चुनाव जीतने के बाद राजधानी दिल्ली के नन्हे एसेम्बली के चुनाव पर है जिसके अधिकारों पर सभी शक करते रहे हैं। उनका मुकाबला असल में 'मागा' (मेक अमेरिका ग्रेट अगेन) से है। ट्रम्प भक्तों का अगेन तो बहुत कम दिनों के फासले का है। हमारे मेक इंडिया ग्रेट अर्थात भारत महान वालों को यह भी तय करना है कि वे किस भारत की बात कर रहे हैं। शायद उनको इससे कोई लेना-देना भी है, यह नहीं लगता।



## ललित सुरजन की कलम से

# नया साल और नौजवान

*'यह सोचना शायद गलत नहीं है कि हमारे वर्ग-विभाजित समाज में खाई लगातार बढ़ रही है और उसका सीधा असर युवजनों पर पड़ रहा है। हमने युवाओं के लिए ऐसे तमाम साधन जुटा लिए हैं जिनमें मशगूल रहते हुए वे अपने समय की सच्चाईयों से कट जाएं। दूसरी तरफ वे व्यवस्थाएं भ्रष्ट या नष्ट कर दी गई हैं जहां युवा पीढ़ी एक मंच पर आकर एक-दूसरे से रूबरू हो सके और परस्पर समझ विकसित कर सके। इस बात को यूं समझा जा सकता है कि पिछले तीस-चालीस साल में देश में कोई बड़ा छात्र आन्दोलन नहीं हुआ। जिन छात्रसंघों के माध्यम से नवयुवा आगे आते थे उनको निष्प्रभावी बनाने के लिए हर संभव कोशिश की गई है। राजनीतिक दलों के भी जो छात्र अथवा युवा संगठन हैं उनमें भी वैचारिक आधार पर चर्चाएं नहीं होतीं, बल्कि अराजक वातावरण निर्मित करने के लिए नौजवानों को उकसाया जाता है।' 'यह स्थिति भविष्य के प्रति चिंता उपजाती है। हम जानते हैं कि वर्चस्ववादी ताकतें युवाओं को भरमाने के लिए नित नए उपाय करती रहेंगी। यह तो खुद नयी पीढ़ी के सोचने की बात है कि वह मृगमरीचिका के पीछे न दौड़े। जिन्हें वोट देने का अधिकार मिल चुका है उनसे इस समझदारी की अपेक्षा तो करना ही चाहिए। हम भरोसा करना चाहते हैं कि आज नहीं तो कल देश के नौजवान वस्तुस्थिति को समझेंगे और मिल-जुल कर एक नया समाज बनाने के लिए अग्रसर होंगे। इन्हीं विचारों के साथ नौजवानों को 2015 की शुभकामनाएं।'*

**(देशबन्धु सम्पादकीय 1 जनवरी 2015)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2014/12/blog-post_31.html

## पावन प्रसंग

# स्वयं को बदलने का साहस

हम जैसा सोचते हैं. वैसा करें तथा यथार्थ में जीवन को स्वर्गीय बनाएं, यही सारे अध्याम का विषय है। जिसकी चेतना में जाग्रति है, समयानुसार स्वयं को बदलने का साहस है, जो जीवन से एक ही कामना रखता है कि कैसे मैं एक ऊंचे, सच्चे, आदर्श ध्येय की प्राप्ति की दिशा में बढ़ें-वहीं आगे बढ़ पाता है। जो बाधाओं से नहीं घबराता है, जिसे पता है मुझे कहां जाना है, ऐसा व्यक्ति यदि निश्चित कर ले कि हमें पथ की गरिमा के अनुरूप चलना है तथा आदर्श एवं उन्नत जीवनक्रम को पहचानना है तो स्वत: ही उसकी सारी समस्याएं एवं व्यामोह समाप्त होने लगते हैं। यही आदर्श जीवन का प्रतिसूचक है एवं इस मार्ग पर चल कर महानता अर्जित की जा सकती है।

देखने में लगता है कि किसी भी उत्कृष्ट ध्येय की प्राप्ति हेतु एक अनिवार्यता मेहनत एवं लगन है, परन्तु वास्तव में उससे उन्नत चीज है-किसी सही लक्ष्य के पीछे दौड़ लगाना जिससे जीवन का परिष्कार हो सके। आत्मा को सुख-शांति एवं प्रेम की अनुभूति हो सके इसके लिए चाहिए उसकी शक्तियों का किसी ऐसे महान लक्ष्य के लिए लग पड़ना, जो लोक कल्याण से संबद्ध हो, जिससे आत्मा की उत्कृष्ट अवस्था पूर्णता प्राप्त की जा सके। ऐसे ही लक्ष्य को पाने में मनुष्य की ललक एवं लिप्सा कार्यरत रहती है तथा उसे दैवी अनुदान अपनी ही आत्मा के अभिसिंचन से प्राप्त होती है इसे कहते हैं पात्रता का विकास। जो मनुष्य की अंतरात्मा की चाह को, उसकी सुषुप्त क्षमताओं को पहचान कर तथा उसे उद्देश्य का भलीभांति ज्ञान करा ऊपर उठाती है। मनुष्य की तड़पन इसलिए है; क्योंकि वह कोई छोटी महत्वाकांक्षा को लेकर पैदा नहीं हुआ है, उसे सीधा परमात्मा से मिलता है और यह छोटा कार्य नहीं।

इसके लिए दीर्घकालिक पुरुषार्थ तथा आत्मा अर्पण की भावना को अपनाना पड़ता है तथा संतोषजनक परिणामों को प्राप्त करने में देरी नहीं करनी होती। जीवन का निर्वाह किसी प्रकार होता रहे, परंतु आदर्श एवं उच्चकोटि की विचारणा हेतु हमें संघर्ष के उस महान पथ से गुजरना होता है, जिसे जवन साधना कहते हैं। जीवन सधता है तो किसी एक माने में नहीं, बल्कि उसका परिष्कार, उसकी आत्मा का दिग्दर्शन तथा उसे हर्षोल्लास से जीने की पद्धति भी हमें प्राप्त होती है। उसके बिना जीवन में कोई भी परिष्कार का क्रम उन्नत स्थिति को प्राप्त नहीं कर पाता। जिसका जीवन सुधरा, संवरा एवं परिष्कृत भावना को प्राप्त हुआ है, केवल वही समझता है कि जीवन की असल में कीमत क्या है। उसे किस रीति- नीति से जिया जाना है तथा उसे आचरण की शुद्धता द्वारा प्राणों से अभिपूरित कर तथा दैवी मनोभावना लिए परिपूर्ण अवसर कैसे दिया जाना है?

-अखंड ज्योति

## आपके पत्र

# नए साल के जश्न में बड़ी संख्या में लोग पर्यटक स्थलों पर पहुंचे

31 दिसम्बर को अलविदा कहकर नए साल के जश्न में डूबे युवाओं की खुशियां सातवें आसमान पर है। पर्यटक स्थलों पर जमावड़ा देखने को मिला। 31 दिसम्बर को सेलिब्रेशन के लिए अपने दोस्तों के साथ हिल स्टेशनों की तरफ रुख किया गया। उत्तराखंड के नैनीताल, मसूरी, ऋषिकेश, चकराता और धनोल्टी की तरफ पर्यटक रवाना हुए हैं। एक तरफ बर्फबारी हो रही है। मौसम खराब है दूसरी तरफ जश्न मनाने पहुंच रहे हैं। इन शहरों में होटलें बुक हो चुकी है। नए साल के आगमन पर पूरी दुनिया में जश्न मनाया जा रहा है। वही हिल स्टेशन पर लोगों का पहुंचना नए साल का बेसब्री से इंतजार रहता है। 31 दिसम्बर को उत्तराखंड में होटलों की बुकिंग की जा रही है और अपने दोस्तों के साथ जश्न मनाने पहुंचे हैं। उत्तराखण्ड सरकार ने होटल, रेस्टोरेंट और ढाबे खोलने के लिए निर्देश दिए हैं। इन स्टेशनों पर पुलिस की बड़ी व्यवस्था है। ट्रैफिक पुलिस और राज्य पुलिस की व्यवस्था चाकचौबंद है। नए साल में जहां खानपान की महफ़िल सजेगी, वहीं लोगो की खुशियां भी बढ़-चढ़ देखने को मिल रही है। गढ़वाल में पुलिस की सक्रियता रहेगी। 24 घण्टे पुलिस तैनात रहेगी। कोई भी अप्रिय घटना घटित न हो,उसके लिए पुलिस व्यवस्था दुरुस्त की गई है। दिल्ली, लखनउ शिमला और कश्मीर में पर्यटक जश्न मनाने पहुंचे हैं। मनुष्य नवीनता प्रेमी है। सुबह उठते ही नया सूरज देखकर आनन्दित होता है। नए खिले फूल और नयी ताजी हवा से मन प्रसन्न हो उठता है। आज नया वर्ष प्रारम्भ हो रहा है। मित्र, स्वजन, परिचित एक दूसरे को नये वर्ष की बधाइयां दे रहे हैं। 31 दिसम्बर जो अतीत व्यतीत बन गया, उसके विषय में कुछ सोचना-विचारना व्यर्थ है किंतु जो नया साल हमारे सामने आ रहा है वह हमारे हाथ में है। लोग बीते वर्ष की बिदाई करके नये आने वाले वर्ष का अभिनंदन करने हिल स्टेशन पर एकत्रित हुए हैं। इसकी शुभकामनाएं करते हैं कि इस नव वर्ष को आप अपने पुरुषार्थ, अपनी प्रतिभा और अपनी उदात्त संकल्पशीलता के बल पर सुंदर से सुंदर, महत्वपूर्ण बना सकते हैं। जीवन का स्वर्णिम वर्ष बना सकते हैं। सुंदर राष्ट्र के निर्माण की ईंट बना सकते है। आज जिसके लिए हम बीज बोते हैं,वह फसल कल काटी जाएगी। भविष्य के मंदिर की नींव आज ही रखी जायेगी इसलिए आज हमारा है,भविष्य का निर्माण हमारे हाथ में है। आज बधाइयां, शुभ कामनाएं दी जा रही है वह मामूली चीज नहीं है। वह हमारे भविष्य का निर्माण करने नींव का काम कर सकती है। सज्जनों की शुभकामनाएं किसी ऋषि के वरदान से कम नहीं होती। शुभकामनाएं शुभ वायुमंडल का निर्माण करती है, शुभ प्रेरणाएं जगाती और नई ऊर्जा प्रदान करती है। ये शुभकामनाएं आपको सावधान करती है कि आपका आने वाला कल मंगलमय हो, इसलिए परिवार समाज राष्ट्र और समस्त विश्व के कल्याण में योगदान दे सके।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

# लाखों की लागत से बना हॉट बाजार बदहाल





## शाम होते ही शौचालय और अन्य स्थान मयखाने में हो जाते हैं तब्दील

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर के विजय नगर में लाखों रूपये की लागत से बना हॉट बाजार दुर्दशा का शिकार है। अब तो हालात इतने खराब हो गये हैं, यहां पर शौचालय देखरेख के अभाव में बद से बदतर हो गये हैं।

शराब की खाली बोतल और पाउच एवं अन्य तरह प्रतिबंधित सामग्री कचरे के ढ़ेर में तब्दील हो गये हैं। एक तरह से शाम होते ही यहां के बाथरूम शराब पीने का अड्डा बन जाते हैं। चौकाने वाली बात यहां यह है कि प्रशासन की नाक के नीचे यह सब हो रहा है।

उल्लेखनीय है कि तीन दशक से ज्यादा समय पूर्व विजय नगर में हाट बाजार को जबलपुर विकास प्राधिकरण ने तैयार किया था। यहां पर रेडीमेड और दूसरे तरह के दुकानदारों को बसाने की थी। दुकानों के लिये आपस में व्यापारियों में जमकर प्रतिस्पर्धा भी हुई। महंगे दामों में दुकान

**देशबन्धु पड़ताल**

आवंटित की गई थी। बाजार में मूलभूत सुविधाओं को जुटाने के संसाधन जुटाये गये। इसमें लाखों रूपये खर्च किये गये। लेकिन समय के साथ यहां आज तक न तो मार्केट बन पाया और इसे बचाये रखने के प्रयास नहीं किये गये।

**परिसर में एसडीएम कार्यालय-** गौरतलब है कि हॉट बाजार में एसडीएम आधारताल का कार्यालय है। यहां पर पूरे दिन अधिकारियों का आना जाना लगा रहता है। इसके बाद भी सामने स्थित शौचालयों में कभी भी साफ सफाई तक नहीं होती है। उल्टे जैसे ही कार्यालयीन बंद हो जाता है, यहां पर आवारा किस्म के लोग सक्रिय हो जाते हैं। इसके बाद देर रात तक शराब पार्टी चलती रहती है। नब्बे फीसदी दुकानों में ताला लटके हैं। शटर खुलती नही है।

दस से पंद्रह प्रतिशत दुकानों काम हो रहा है, जिसमें नोटरी और पंजीयन करने वाले, फोटो कॉपी आदि से जुड़े कारोबार करने वाले शामिल हैं।

# फ्यूल सरचार्ज शून्य से कम प्रतिशत है, फिर भी बिजली रेट बढ़ाने का प्रस्ताव

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश पावर मैनेजमेंट कम्पनी ने 27 नवम्बर को आदेश जारी फ्यूल सरचार्ज शून्य से कम (माइनस) 6.14 प्रतिशत बताया है, 26 दिसम्बर के आदेश में भी बाद का फ्यूल सरचार्ज माइनस 0.55 प्रतिशत बताया है। ऐसे में 29 नवम्बर को बिजली कम्पनियों द्वारा इस वर्ष के आंकड़े के आधार पर बिजली के रेट 7 प्रतिशत बढ़ाने के प्रस्ताव पर विरोधाभास खड़ा हुआ है। यह जानकारी देते हुए डॉ. पी.जी. नाजपांडे ने बताया कि 17 मार्च 2023 के राजपत्र में प्रकाशित रेग्युलेशन 4 के संशोधन में बिजली खरीदी के लागत में हुई वृद्धि के आधार पर फ्यूल सरचार्ज की गणना करने के निर्देश है, ऐसे में पावर मैनेजमेंट कम्पनी द्वारा जारी आदेशों में जब फ्यूल सरचार्ज शून्य से कम प्रतिशत का है तो बिजली खरीदी के लागत में सितम्बर माह से कोई वृद्धि नहीं हुई, यह प्रमाणित होता है इसी के उल्टे बिजली कम्पनियों ने बिजली रेट 7 प्रतिशत बढ़ाने के प्रस्ताव में कहा है कि इस वर्ष बिजली खरीदी में भारी खर्च होने से निर्मित आमदनी तथा खर्च के बीच के अंतर को समाप्त करने हेतु बिजली रेट बढ़ाना जरूरी है।

रजत भार्गव, एड. वेदप्रकाश अधौलिया, डीआर लखेरा, सुशील कनौजिया, माया कुशवाहा, उमा दाहिया ने आरोप लगाया है कि तथ्यहीन आधारों पर बिजली उपभोक्ताओं को शोषण हो रहा है।

## हॉबी कलेक्शन प्रदर्शनी का समय 3 दिन बढ़ा

**जबलपुर, देशबन्धु।** हॉबी एण्ड कलेक्शन ग्रुप ऑफ जबलपुर द्वारा होम साईन्स कॉलेज रोड पेट्रोल पम्प के सामन सभी प्रकार की एन्टिक वस्तुओं का 3 दिवसीय 29, 30, 31 दिसम्बर प्रदर्शन किया गया, जिसमें विभिन्न प्रकार के सिक्के, नोट, डाक टिकिट, घड़िया, पुस्तकों का कलेक्शन देखा गया जो जन आकर्षण का केन्द्र रहा। प्रदर्शन के उपरांत शहर में विगत 50 वर्षों से पुरातत्व से जुड़े केपी पाण्डेय, काशी प्रसाद एवं सत्यानारायण को गोल्डन जुबली अवार्ड से सम्मानित किया गया, कार्यक्रम का समापन पार्षद अमरीश मिश्रा द्वारा दिया गया।



## ईपीएफओ से सेवानिवृत्त हुए 3 अधिकारी

**जबलपुर, देशबन्धु।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय, जबलपुर से 31 दिसम्बर 2024 को 03 अधिकारी सेवानिवृत्त हुए। क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त कार्यालय, जबलपुर से 31 दिसम्बर 2024 को सेवानिवृत्त हुए रविन्द्र लाल श्रीवास्तव, प्रवर्तन अधिकारी, आशीष चट्टे, अनुभाग पर्यवेक्षक एवं सुरेन्द्र सिंह ठाकुर, अनुभाग पर्यवेक्षक को क्षेत्रीय आयुक्त-।, राकेश सहरावत द्वारा सेवानिवृत्ति संबंधित दस्तावेज एवं स्मृतिचिन्ह प्रदान किये। सेवानिवृत्ति पर राकेश सहरावत, क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त-। ने सेवानिवृत्त अधिकारियों ए को स्वस्थ, सुखी और समृद्ध जीवन के लिए शुभकामनाएं दी।

## सैंटअलाएसीएस कॉलेज लाइब्रेरी में ई रिसोर्सेस पर तीन दिवसीय कार्यशाला



**जबलपुर, देशबन्धु।** सैंटअलाएसीएस कॉलेज लाइब्रेरी में ई रिसोर्सेस पर तीन दिवसीय कार्यशाला 17 से 19 दिसम्बर तक का आयोजन किया गया, कार्यशाला का शुभारंभ प्राचार्य फादर बेन एन टोन रोज एवं उपप्राचार्य कलोल दास द्वारा किया गया। कार्यशाला में महाविद्यालय के पीजी के बी एड के विद्यार्थियों और नवनियुक्त शिक्षकों ने भाग लिया, कार्यशाला को सफल बनाने में लाइब्रेरी कमेटी एवं लाइब्रेरी स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा कार्यशाला में लाइब्रेरियन डॉक्टर अर्चना दुबे ने विभिन्न ई रिसोर्सेस में किस तरीके से मनोवांछित डाटा या सूचना को प्राप्त कर सकते हैं इसका विस्तृत रूप से प्रशिक्षण दिया जिसका उद्देश्य रिसर्च एवं डेवलपमेंट को प्रोत्साहन देना था।

## पमरे के अनिल बने सीनियर नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप के रैफरी

**जबलपुर, देशबन्धु।** सीनियर नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप पुरुष/महिला 2025 की आयोजन समिति द्वारा पमरे के अनिल डी गिरम को रैफरी बनाए जाने पर पमरे के साथ शहर के खेल जगत से जुड़े लोगों में हर्ष का माहौल हैं। आयोजन सचिव भरत सिंह एवं अध्यक्ष विक्रम सिंह द्वारा हालही में कहा गया कि तकनीकी समिति (कोच) सभी मैदानों की खेल स्थिति के लिए जिम्मेदार है। वे पुरुष और महिला दोनों चयन समिति के पर्यवेक्षक के रूप में काम करेंगे। यह समिति अनुशासन समिति के रूप में भी काम करेगी। रेफरी समिति में देश भर के 21 खेल प्रतिभाओं का चयन किया गया हैं। इनमें पमरे भारतीय रेलवे के अनिल डी. गिरम का चयन भी रेफरी के रूप में किया गया हैं। आयोजन समिति ने जारी पत्र में कहा हैं कि रेफरी समिति सभी मैचों के लिए रेफरी नियुक्त करेगी। वे प्रत्येक कोर्ट में एसआरसी के रूप में तैनात रेफरी की कार्यशैली का भी मूल्यांकन करेंगे। रेफरी की कार्यशैली में सुधार के लिए मूल्यांकन रिपोर्ट पर हर दिन रेफरी उप-समिति के सदस्यों के बीच चर्चा की जाएगी। वे मैच शुरू होने से पहले हर दिन क्लिनिक आयोजित करेंगे।



**जबलपुर, देशबन्धु।** नगर में पुलिस ने नववर्ष को देखते हुये जगह-जगह वाहनों में जांच के लिये पाइंटस लगाये। जहां पर कड़ी पड़ताल में ऐसे लोगों पर लगाम कसने का काम किया गया जो शहर की शांति के लिये बाधा बन सकते हैं। आला अधिकारी भी मौके पर मौजूद थे।

## बंदर के बच्चे का पैर रस्सी में फंसा, रैस्क्यू कर निकाला

**जबलपुर, देशबन्धु।** रैस्क्यू अभियान सफल हुआ। आनंद कुंज तिराहा स्थित अवस्थी के बाड़े में एक छत पर दोपहर दो बजे उछल कूद एक ललमुंहे बंदर के बच्चे का पैर रस्सी में उलझ गया, जिसके कारण वहां अफरातफरी मच गई। स्थानीय विनय पीपल ने सर्प हेल्पलाइन वनविभाग में सूचना दी। यहां से रैस्क्यू स्क्वाड प्रभारी गुलाब सिंह परिहार ने रैस्क्यू स्क्वाड टीम में उप वन क्षेत्रपाल अजय तिवारी, सर्प एवं वन्य प्राणी विशेषज्ञ गजेन्द्र दुबे तथा सहयोगी शनि अहिरवार, शंकर लाल आदि को मौके पर भेजा रैस्क्यू प्रारंभ किया लेकिन बंदरों के झुंड ने टीम पर हमला करने की कोशिश की अंततः श्री दुबे के मार्गदर्शन में एक घंटे बाद बंदर के बच्चे को रस्सी से मुक्त कराया गया और बच्चे की मां उसे झपट कर ले गई। सभी ने राहत की सांस ली।





**जबलपुर, देशबन्धु।** नववर्ष के स्वागत के लिये जबलपुर क्लब में रंगारंग कार्यक्रम आयाोजित किये गये। क्लब के अध्यक्ष अचल सिंह गौर, कमलेश रावत, हेमराज अग्रवाल, राजेश पांडे लड्डू, संजय अग्रवाल, विनय चौरसिया, प्रफुल्ल जैन, द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया।

## राष्ट्रीय वालीबॉल प्रतियोगिता हेतु शहर के सुरेश खुराना रेफरियो के चेयरमैन बने

**जबलपुर, देशबन्धु।** वालीबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के सानिध्य में आयोजन समिति द्वारा आगामी 7 से 13 जनवरी तक राजस्थान के जयपुर में 69वीं सीनियर पुरूष व महिला वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजित की गई हैं। प्रतियोगिता को निर्विवाद संपन्न कराये जाने हेतु आयोजन समिति ने जबलपुर से रेल्वे के से.नि. अधिकारी व सीनियर राष्ट्रीय वालीबॉल खिलाड़ी सुरेश कुमार खुराना को रेफरियो का चैयरमेन नियुक्त किया है। शहर को गौरवान्वित करने पर समस्त खिलाड़ियों व शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी है।



## रेल कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति पर विदाई दी गई




**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर रेल मंडल में मंगलवार 31 दिसम्बर को मण्डल कार्यालय में आयोजित एक गरिमामयी कार्यक्रम में अपनी आवश्यक रेल सेवा पूर्ण करने पर एक अधिकारी मंडल अभियंता रजनीश कुररिया एवं 32 कर्मचारियों को आवश्यक रेल सेवा पूर्ण होने पर डीआरएम कमल कुमार तलरेजा द्वारा गोल्ड प्लेटेड सिल्वर मेडल तथा सेवानिवृत्ति से संबंधित दस्तावेज देकर विदाई दी गई।

इस अवसर पर सेवानिवृत होने वाले अधिकारी रजनीश कुररिया सहायक मंडल अभियंता एवं कर्मचारियों में नरेंद्र कुमार उपाध्याय, लक्ष्मण सिंह डागोर, नीरज श्रीवास्तव, विद्याधर मिश्रा, अरुण कुमार राय, रामनाथ यादव आदि प्रमुख थे। सेवानिवृत्त हुए सभी कर्मचारियों का भुगतान एन.ई.एफ.टी के माध्यम से किया गया. सेवानिवृत्ति कार्यक्रम में कमल कुमार तलरेजा के साथ ही वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी सुबोध विश्वकर्मा, सहायक मंडल वित्त प्रबंधक प्रशांत कुमार अहिरवार के साथ ही कार्मिक एवं लेखा विभाग के सभी कर्मचारियों का सहयोग रहा।

## ग्राहक पंचायत के पदाधिकारियों ने जाना मरीजों का हाल

**जबलपुर, देशबन्धु।** विगत दिवस अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत महाकौशल प्रांत अंतर्गत महानगर जबलपुर के पदाधिकारियों ने शासकीय विक्टोरिया हास्पिटल में इलाजरत रोगियों से सम्पर्क किया।



एवं ओ पी डी में डयूटी डाक्टर श्री तोमर से मुलाकात कर अस्पताल में दवाई व अन्य कोई कमी के बारे जानकारी ली। व अलग-अलग वार्ड के पेशेन्टस से मिलकर उनसे पूछताछ कर जानकारी ली, अस्पताल द्वारा डाक्टर समय पर आते हैं एवं शासकीय सुविधायें पेशेन्टस को उपलब्ध है प्रांत अध्यक्ष परविंदर जीत सिंह बिन्द्रा से महिला मरीज ने शिकायत की उसे खून की जरूरत है अस्पताल मे उपलब्ध नहीं है। बिन्द्रा ने ड्यूटी डाक्टर से तत्काल खून की व्यवस्था करने हेतु निर्देशित किया।

विधी प्रमुख आनंद नेमा एड. ने वृद्ध महिला जो डिप्रेशन में थी संन्तावन प्रदान की दर्द से परेशान थी अस्पताल प्रबंधन को तत्काल राहत प्रदान करने कहा। एडमिट सभी पेशेन्टस से सम्पर्क किया एवं उनकी समस्या दूर करने के संबंध में स्टाफ़ से चर्चा की। प्रांत संगठन मंत्री धर्मेन्द्र सिंह ने वार्ड में स्टाफ से मेडिकल संशाधन की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष पीकेअग्रवाल, आशालता, प्रभा दीदी, सुरेश महोबे मौजूद थे।

## कलेक्ट्रेट की जनसुनवाई में आये 98 आवेदन

**जबलपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में शहरी और ग्रामीण क्षेत्र से आये लोगों ने अपने विभिन्न



समस्याओं को लेकर 98 आवेदन दिये। जिसमें 64 नये आवेदन हैं तथा 34 ऐसे आवेदन है जो पूर्व में भी आ चुके थे। अपर कलेक्टर श्री नाथूराम गौड ने आज पूर्व में प्राप्त आवेदनों की सुनवाई की और संबंधित अधिकारियों को उनके निराकरण के निर्देश दिये। जिनमें मुख्य रूप से जाति प्रमाण पत्र के दस्तावेजों में छेड़छाड़, मोटर पंप की राशि जमा करने पर भी कनेक्शन नहीं जोड़े जाने, ड्रोन सर्वे में छूटे गये नाम जोड़ने में, संबंल योजना अंतर्गत अनुग्रह राशि भुगतान करने, अवैध कब्जा हटाने, पीएम किसान योजना में नाम जोड़ने, अभिलेख दुरूस्त करने, फर्जी नामांतरण, किसान सम्मान निधि की राशि नहीं मिलने आदि 25 आवेदनों की सुनवाई की। इस दौरान अन्य अधिकारियों ने भी जनसुनवाई में आये नागरिकों से उनकी समस्यायें सुनी तथा प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही करने को कहा।

जनसुनवाई में आये ज्यादातर प्रकरण नामांतरण, सीमांकन, अतिक्रमण, शिक्षा, समग्र आईडी, चिकित्साय सहायता, पेंशन, संबल राशि दिलाने, आवास योजना का लाभ दिलाने, बीपीएल कार्ड बनवाने, निजी भूमि से कब्जा हटवाने, सीमांकन और पारिवारिक विवाद से सबंधित थे।

## जनसुनवाई में प्राप्त हुए 15 प्रकरण

**जबलपुर, देशबन्धु।** निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार अपर आयुक्त आर.पी. मिश्रा एवं सहायक आयुक्त वेदप्रकाश ने जनसुनवाई कक्ष में प्रातः 11:00 बजे से 01:00 बजे तक नागरिकों की समस्याएँ सुनी। इस दौरान भवन शाखा, अतिक्रमण, शासकीय योजना, संपदा, सीवर, बाजार विभाग, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं अन्य योजनाओं से संबंधित 15 जनसमस्याएँ प्राप्त हुई, जिसका निराकरण सुनवाई के दौरान ही किया गया। अपर आयुक्त आर.पी. मिश्रा एवं सहायक आयुक्त वेदप्रकाश ने बताया कि सभी प्राप्त शिकायतें संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द निराकरण हेतु प्रेषित की गयी हैं। उन्होंने बताया कि नगर निगम के संभाग क्रमांक 1 से 16 में भी जनसुनवाई का आयोजन किया गया तथा नागरिकों की समस्याएँ सुनी गई और उनका निराकरण भी कराया गया। जनसुनवाई के दौरान सभी विभागीय प्रमुख आदि उपस्थित रहे।



# जबलपुर स्टेशन पार्किंग ठेका बना लूट का अड्डा

**देशबन्धु, जबलपुर ।** इन दिनों जबलपुर स्टेशन के पार्किंग ठेकों पर लूट की चर्चा जोरो पर है । जब से पार्किंग सुधार के नाम पर जबलपुर मंडल ने नए-नए प्रयोग करने शुरू किए हैं तभी से जबलपुर स्टेशन के पार्किंग ठेकेदारों की बल्ले बल्ले हो गई है । जब भी इन पार्किंग ठेकेदारों का जहां मन होता है वहीँ वेरीकेट लगाकर यात्रियों से मनमानी राशि वसूलना शुरू कर देते हैं । परंतु इनकी मनमानी पर रोक लगाने के लिए जबलपुर स्टेशन पर पदस्थ कोई भी अधिकारी, वाणिज्य पर्यवेक्षक जहमत नहीं उठाता । जबलपुर स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक की ओर पार्किंग हेतु रेलवे ने स्थान निर्धारित कर रखा है लेकिन पार्किंग ठेकेदार ने पूरे स्टेशन परिसर को छावनी बनाकर जग-जग बैरीकेट लगाकर यात्रियों से धन उगाही चालू कर दी है । हद तो तब हो गई जब इस ठेकेदार के कर्मचारियों ने निलंबरी और श्वेतांबरी ऑफीसर्स रेस्ट हाउस में रुके अधिकारीयों के वाहनों से एवं यूनियन कार्यालय के सामने खड़ी कर्मचारियों की गाड्यिों से अवैध वसूली करना प्रारंभ कर दिया । सूत्रों की माने तो इस ठेकेदार को वाणिज्य विभाग के अधिकारियों एवं स्टेशन पर पदस्थ वाणिज्य विभाग के पर्यवेक्षकों का वरद हस्त प्राप्त है जिससे उसकी दादागिरी दिनों दिन बढ़ती जा रही है । जबलपुर मंडल ने यात्रियों की सुविधा एवं शिकायत निवारण हेतु प्रत्येक पाली में उप स्टेशन प्रबंधक वाणिज्य एवं इन पर पर्यवेक्षक के रूप में स्टेशन प्रबंधक वाणिज्य की पदस्थापना के साथ-साथ मुख्य वाणिज्य निरीक्षक को भी पदस्थ कर रखा है लेकिन यह भी अपने कक्ष से बाहर निकाल कर यात्रियों की समस्याओं का समाधान करने में असमर्थ है ।

हाल ही में जबलपुर मंडल में नए मंडल रेल प्रबंधक की पद्स्थापन हुई है देखना है कि वह इस पर सख्त कदम उठाते हुए आम नागरिक को यह विश्वास दिलाएंगे कि रेल प्रशासन उनकी सेवा के लिए हमेशा तत्पर है अथवा पूर्व मंडल रेल प्रबंधकों की तरह सब चलता है पद्धत्ति पर कार्य करेंगे । जबलपुर स्टेशन पर पार्किंग ठेकेदारों की लूट को रोकना उनकी अग्नि परीक्षा होगी ।

## रेल अधिकरियों से भी हो रही बदसलूकी

नाम न छापने की शर्त पर कार्मिक विभाग के एक सेवनिवर्त अधिकारी ने बताया कि जब वो अपने एक मित्र अधिकरी से मिलने नीलांबरी ऑफिसर्स रेस्टहाउस गए थे तो उन्होंने अपनी दोपहिया वाहन रेस्ट हाउस की पार्किंग में ख?ी की थी और जब वो मित्र से मिलकर वापस आये तो पार्किंग ठेकेदार के कर्मचारियों ने 200 रूपये की मांग कि और कहा कि आपने वाहन की पार्किंग स्टैंड पर नहीं की थी अतः यह पेनाल्टी लगेगी । जब उन्होंने उसे कई बार समझाने का प्रयास किया कि वो स्टेशन नहीं गए थे इसलिए पार्किंग में गा?ी नहीं ख?ी की थी परंतु ठेकेदार का कर्मचारी अपनी बात से टस से मस नहीं हुआ । थक-हार कर जब उन्होंने कई वाणिज्य अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया लेकिन संपर्क न होने के कारण, उन्होंने उसे 50 रु देकर किसी तरह अपनी जान छुड़ाई ।

## स्टेशन डायरेक्टर की चुप्पी का कारण क्या

जबलपुर स्टेशन पर स्टेशन डायरेक्टर के रूप में पदस्थ अधिकारी वाणिज्य विभाग के ही अधिकारी के साथ पूर्व में मुख्य सतर्कता निरीक्षक के पद पर भी कार्य कर चुके है और अपनी दबंग, ईमानदार छवि के लिए जाने जाते हैं लेकिन उनकी चुप्पी इस संदेह को जन्म दे रही है कि क्या इन पर मंडल या जोन के वरिष्ठ अधिकरियों का इतना दबाब है कि वे इस पार्किंग ठेकेदार पर कोई कार्यवाही या मनमानी पर रोक लगाने में अपने आप को असहाय मान रहे है ।

## आरपीएफ एवं जीआरपी बनीं मूक दर्शक

जबलपुर स्टेशन पर आरपीएफ एवं जीआरपी का थाना यात्रियों की सुविधा के लिए बनाया गया है लेकिन यहां पर पदस्थ प्रभारी अपने अधीनस्थ के माध्यम से अवैध वेंडरों एवं स्टेशन के आसपास बसें अतिक्रमणकारियों से अवैध बसूली कर अपने कार्य की इतिश्री समझ लेते है ।

## क्या कर रही है रेलवे विजिलेंस

सूत्रों की माने तो रेलवे बिजनेस की चुप्पी भी संदेह को जन्म दे रही है । पूर्व में एसडीजीएम रामगोपाल के जमाने में कोई भी पार्किंग ठेकेदार रेलवे की 1 इंच जमीन पर भी अवैध पार्किंग नहीं करवा सकता था क्योंकि पकडे जाने पर उसे लाखों रुपए का जुर्माना भरना प?ता था लेकिन अब यहां तो ह?ारों मीटर अलग-अलग जगह पर अवैध पार्किंग कराई जा रही है लेकिन विजिलेंस अपनी आँख पर पट्टी बांध कर बैठी है । विजिलेंस की चुप्पी किस ?र इशारा कर रही है यह विचारणीय प्रश्न है कि क्यों नहीं विजिलेंस की लंबी फौज स्टेशन एरिया का भ्रमण कर हो रही अवैध गतिविधियों एवं अवैध वसूली को रेल प्रशासन के संज्ञान में लाकर टेंडर को निरस्त कराने का प्रयास नहीं करती ।

# मित्रों को संगठित होकर सामाजिक कार्य करना चाहिए: स्वामी नरसिंह दास जी



**जबलपुर, देशबन्धु।** भगवत भक्ति करते हुए पारिवारिक जीवन के समस्त कार्यों का संपादन करना चाहिए। श्रीकृष्ण सुदामा ने बचपन से ही जग कल्याण के लिए सर्वस्व समर्पित किया। मित्रों को समर्पण सेवा, संगठित होकर सामाजिक कार्य करना चाहिए। मित्रों में सदैव अपनापन होना चाहिए जिससे समान रूप सद्व्यवहार करना चाहिए

उक्त उद्गार नरसिंह पीठाधीश्वर डॉक्टर स्वामी नरसिंह दास जी महाराज ने रामायण महिला मंडल हाथीताल के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा पुराण सप्ताह के सप्तम दिवस व्यास पीठ से कहे। श्रीमद्भागवत कथा पुराण महिला सुंदरकांड समिति सीताराम मंदिर हाथी ताल की महिला सुन्दर काण्ड समिति के सदस्यों श्रीमती लीलासिंह, शशि विजौर, कमला पाण्डेय कृष्णा मिनास, अभिलाषा साहू, अविनाश कोहली कैलाश तनेजा, मनोरत मुद्गल, सुधा राजपूत, मीना वर्मा शीला मेहता, जमुना चौधरी, चंदा असाटी, शान्ता रानेर विमला भाटिया, गीता परमार, पार्वती धरमक, शोभाजी, सावित्री पटेल, गायत्री, सुभिचा साहू, पूजा, अरुणा, रचना, विजेता, रश्मि, शालिनी, रेणु श्वेता राजू, रोहित वर्मा, श्यामसुन्दर साहू, लल्लू, देवेश पंडित,प्रकाश पाण्डेय जी, अमित विश्वकर्मा सनी गुप्ता, लकी भाटिया, अंकिता उपाध्याय सोनू व श्रद्धालुओं से आचार्य रामफल शास्त्री.कामता गौतम. प्रियांशु शास्त्री ने श्रीमद्भागवत पोथी, नवग्रह, व्यास पीठ कलश का पूजन अर्चन संपन्न कराया।

## कृष्ण सुदामा चरित्र प्रसंग पर श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे



**जबलपुर, देशबन्धु।** श्रीमद भागवत कथा ज्ञान की अमृत वर्षा कथा व्यास आचार्य दिनेश गर्ग जी महाराज जी ने संगीतमय कथा वाचन कर सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि, जीवन में धैर्यता सुदामा जी से सीखे, मित्रता करो, तो भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा जैसी करो। सच्चा मित्र वही है जो अपने मित्र की परेशानी को समझे और बिना बताए ही मदद कर दे। परंतु आजकल स्वार्थ की मित्रता रह गई है जब तक स्वार्थ सिद्ध नहीं होता है, तब तक मित्रता रहती है प्रभु की कृपा उन राजकुमारी पर भी हुई जिनको भौमासुर ने अपने बंदी गृह में कैद करके रखा था, राजकुमारियों ने पत्र लिखकर द्वारकाधीश के पास भेजा भगवान सत्यभामा के साथ प्राग्ज्योतिषपुर गए भौमासुर का उद्धार कर उन कन्याओं के साथ विवाह किया गया भगवान की संतति का वर्णन एवं राजा नृग की कथा आचार्य गर्ग ने सुनाई। भगवान के पूजन के साथ प्रसाद वितरण किया जाएगा इस अवसर पर यजमान गणेश पटेल, आयोजक रूपेश पिन्टू पटेल, नीलम पटेल, नवीन पटेल, विनोद पटेल, सुनील पटेल, अभिषेक कोरी अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## सार-समाचार



### कथक में छाए होनहार, प्रस्तुति से सजा मंच

**जबलपुर, देशबन्धु।** संस्कार भारतीय महाकोशल एवं कथक नाद संस्था के तत्वावधान में जानकीरमण कॉलेज में कथक कार्यशाला में निपुण हुए प्रतिभागियों की नृत्य प्रस्तुति हुई। मुख्य अतिथि जेटीपीसी सीईओ हेमंत सिंह, प्राचार्य डॉ. अभिजात कृष्ण त्रिपाठी, अध्यक्षता माला सिंह ने की। संयोजक विजयश्री मिश्र एवं प्रांत अधिकारी राजेश कुमार खरे रहे। इस मौके पर कथक गुरु शालिनी खरे के निर्देशन में प्रतिभागियों ने बेमिसाल प्रस्तुतियां दीं। तबले पर अनुज, हारमोनियम पर प्रशांत पचौरी ने संगत की। इस मौके पर दीप्ति ठाकुर, डॉ. सविता खरे, आरती दीक्षित, प्रेमदास बैरागी, राकेश पाठक, पूजा रैकवार, राकेश मिश्रा, वर्षा मालवीय, मदन गोपाल, प्रभा विश्वकर्मा मौजूद रहीं।

### नुक्कड़ नाटक से समझाया बेहतर आहार

**जबलपुर, देशबन्धु।** गवर्नमेंट मॉडल हाई स्कूल और गवर्नमेंट एकीकृत शासकीय कन्या स्कूल ब्योहारबाग में ईट राइट चैलेंज प्रतियोगिता के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में नाट्य लोक संस्था के निर्देशक दविंदर सिंह ग्रोवर के निर्देशन में फोर्टिफाइड फूड की महत्ता विषय पर नुक्कड नाटक मंचित किया गया। इसके जरिए भोज्य पदार्थ आटा, चावल, तेल, दूध आदि को फोर्टीफाइड प्रयोग किए जाने, जंक फूड से बचाने का संदेश दिया गया। इस मौके पर अजीत सिंह द्विवेदी. रमेश विश्वकर्मा, उप प्राचार्य अर्चना मिश्रा, प्राचार्य सुनील कुमार शर्मा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंकज श्रीवास्तव, संजय गुप्ता विनोद धुर्वे, माधुरी मिश्रा, सारिका दीक्षित, फूड सेफ्टी मित्र सतीश विश्वकर्मा, सौरभ गौतम मौजूद थे।

### अग्निवीर वायु विषय पर सेमिनार

**जबलपुर, देशबन्धु।** भारतीय वायु सेना मप्र के युवाओं को अग्नि वीर वायु के रूप में कॅरियर बनाने के लिए पीएम एक्सीलेंस कॉलेज में दोपहर 1 बजे से अग्निवीर वायु विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी ने बताया कि भारतीय वायु सेना अग्निपथ योजना के अंतर्गत मेल और फीमेल कैटेगरी में प्रतिभागी शामिल हो सकते हैं। इसके साथ ही वायु सेना में कॅरियर, चयन प्रक्रिया और विभिन्न पहलुओं को शामिल किया जाएगा। प्रो. अरुण शुक्ल, संभागीय समन्वयक ने बताया कि सेमिनार में प्रतिभागियों को अग्नि वीर वायु के रूप में शामिल होने की चयन प्रक्रिया पावर पॉइंट प्रजेंटेशन के द्वारा बताई जाएगी।

### भगवान चित्रगुप्त का पूजन आज

**जबलपुर, देशबन्धु।** अखिल भारतीय कायस्थ समाज द्वारा नव वर्ष 01 जनवरी 2025 का प्रतिवर्षानुसार दोपहर 2 बजे से आराध्य देव चित्रगुप्त भगवान जी की पूजन, चालीसा पाठ कथा महाआरती प्रसाद वितरण नव वर्ष मिलन एवं 90 वर्ष के वरिष्ठ नागरिकों को सम्मान श्री राधा भाव भगवान चित्र गुप्त धाम हाईकोर्ट कॉलोनी, छापर, रामपुर में आयोजित किया गया है। प्रांतीय महामंत्री सहेन्द्र श्रीवास्तव, पीयूष वर्मा, रत्ना श्रीवास्तव ने सभी चित्रांश बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में परिवार समेत उपस्थिति की अपील की है।

## स्वरांजलि संगीत समारोह में विभूतियां अलंकृत



**जबलपुर, देशबन्धु।** निकटवर्ती आगासौद में आंचलिक साहित्यकार परिषद लोककला सांस्कृतिक संगठन द्वारा डॉ अभिजात कृष्ण त्रिपाठी डॉ. बैजनाथ गौतम, शरदचंद पालन के आतिथ्य एवं समारोह संवाहक पंडित रूद्रदत्त दुबे के मार्गदर्शन में आयोजित इस समारोह में आंचलिक कवीन्द्र प्रो. राजेन्द्र ऋषि लोक कला विद पंडित नाथूराम तिवारी, शंकरलाल दाहिया की स्मृति में सर्वश्री राज सागरी, डॉ.प्रकाश तिवारी, पंडित रमेश मिश्रा गोपाल, डॉ. शिप्रा सुल्लेरे, माधुरी उमेश मिश्रा, परशुराम पटेल, सुग्रीम चक्रवर्ती को अलंकृत किया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि डा. अभिजात कृष्ण त्रिपाठी ने कहा संस्कारधानी के दिवंगत संगीत साधकों की प्रेरक गाथाओं का मूल्यांकन करने शोधार्थियों को आगे आना चाहिए। डॉ. बैजनाथ गौतम ने कहा शताधिक संगीत साधकों की स्मृति में आयोजित होने वाला यह आयोजन नवोदित प्रतिभाओं ऊर्जित करेगा। इस अवसर पर दिवंगत काव्यशिल्पी प्रो. राजेन्द्र ऋषि द्वारा रचित कृति कृष्णकाव्य का विमोचन हुआ, जिस की मीमांसा महाकवि डॉ. कौशल दुबे ने कहा कि एवं अजय मिश्रा ने प्रथम चरण का संचालन किया। द्वितीय चरण में नवोदित अनुष्का सोनी सितार, तनु शर्मा कव्यक एवं चांदनी ठाकुर ने श्रोताओं का मन जीता, वहीं दूरदर्शन कथन लाकार डॉ. कीर्ति श्रीवास्तव, डॉ प्रकाश तिवारी, अनिता यादव, सौम्या त्रिपाठी मिश्रा, डॉ. शिप्रा सुल्लेरे, रमेश मिश्रा गोपाल, सुखचैन विश्वकर्मा ने मधुर गायन वादन से रस वर्षा की चर्चित ताल साधक पंडित सुरेश पाठक, रिषभ श्रीवास्तव, पंडित राघवशरणराज ने सुमधुर संगत की।

## पमरे के अनिल बने सीनियर नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप के रैफरी

**जबलपुर, देशबन्धु।** सीनियर नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप पुरुष/महिला 2025 की आयोजन समिति द्वारा पमरे के अनिल डी गिरम को रैफरी बनाए जाने पर पमरे के साथ शहर के खेल जगत से जुड़े लोगों में हर्ष का माहौल हैं। आयोजन सचिव भरत सिंह एवं अध्यक्ष विक्रम सिंह द्वारा हालही में कहा गया कि तकनीकी समिति (कोच) सभी मैदानों की खेल स्थिति के लिए जिम्मेदार है। वे पुरुष और महिला दोनों चयन समिति के पर्यवेक्षक के रूप में काम करेंगे। यह समिति अनुशासन समिति के रूप में भी काम करेगी। रैफरी समिति में देश भर के 21 खेल प्रतिभाओं का चयन किया गया हैं। इनमें पमरे भारतीय रेलवे के अनिल डी. गिरम का चयन भी रैफरी के रूप में किया गया हैं। आयोजन समिति ने जारी पत्र में कहा हैं कि रेफरी समिति सभी मैचों के लिए रेफरी नियुक्त करेगी। वे प्रत्येक कोर्ट में एसआरसी के रूप में तैनात रेफरी की कार्यशैली का भी मूल्यांकन करेंगे। रेफरी की कार्यशैली में सुधार के लिए मूल्यांकन रिपोर्ट पर हर दिन रेफरी उप-समिति के सदस्यों के बीच चर्चा की जाएगी।

## डिग्री कम्पलीट होने तक सेट करेंगे नौकरी का टार्गेट

### सेहत के लिए निकालेंगे 15 मिनट, सेहत और सेविंग के नाम समर्पित करेंगे नया साल



**जबलपुर, देशबन्धु।** नववर्ष नई उम्मीद से भरा है। क्योंकि बीते साल की दुख-तकलीफों को भुलाकर लोग नए साल की नई शुरुआत करना चाहते हैं। युवाओं का कहना है कि नया साल नया सवेरा होगा, उस बेहतर काम की शुरुआत करने के लिए, जो अब तक नहीं कर पाए थे। यह साल ऐसे संकल्प के साथ शुरुआत करने वाली है, जिसमें अच्छी हेल्थ, कॅरियर और गुड हैबिट का रेजोल्यूशन शामिल हो। नए साल के मौके पर युवाओं ने रोजगार और स्वरोजगार से जुड़ने का रेजोल्यूशन लिया।

हेल्थ के लिए दिनचर्या से पंद्रह मिनट वर्तमान में युवाओं के लिए सामने सबसे ज्यादा फिजिकल फिटनेस से जुड़ी समस्याएं हैं। उनका कहना है कि यंग एज में भी बीमारियां घेर रही हैं। इसका बड़ा कारण फिजिकल फिटनेस से दूरी है। नए साल में हेल्थ के लिए एक कदम बढ़ाकर रोजाना 10 से 15 मिनट वॉक और फिजिकल एक्टिविटी का रेजोल्यूशन लिया है।

हुनर से रोजगार की चुनेंगे रास्ता नई शिक्षा नीति के बाद युवाओं के लिए कॅरियर के अवसर बढ़ गए हैं। युवाओं का कहना है कि वे व नए साल में बेहतर कॅरियर के लिए खुद को तैयार करने का रेजोल्यूशन लेंगे। इसमें ज्यादातर कौशल कला से जुड़ी हुई ट्रेनिंग प्राप्त करेंगे। इसमें डिग्री के साथ-साथ खुद को स्टेबल करने का लक्ष्य भी साधा है।

**सोशल मीडिया का सीमित उपयोग-** युवाओं ने कहा कि यह दौर सोशल मीडिया का है। जिसके कारण लोग इंटरनेट के एडिक्टेड भी हुए हैं। अधिक सोशल मीडिया के इस्तेमाल से बीते साल साइबर फ्रॉड की घटनाएं भी बढ़ी है। ऐसे में इंटरनेट के कम उपयोग का रेजोल्यूशन भी युवाओं ने लिया है। उन्होंने कहा कि सीमित उपयोग की साइबर फ्रॉड से बचने का जरिया है।

**डेली टास्क वाले दिन से शुरुआत-** युवाओं ने कहा कि नए साल में गुड हैबिट से शुरुआत करने का रेजोल्यूशन भी लिया है। उन्होंने कहा कि वे नए साल में हर दिन नए टास्क सेट करेंगे। वहीं गुड हैबिट में दूसरों की मदद करना, लक्ष्य पूर्ति तक काम करना और हर नए संकल्प के साथ काम करने का रेजोल्यूशन भी शामिल है।

## मिला महादेवी वर्मा सम्मान

**जबलपुर, देशबन्धु।** विश्व हिंदी रचनाकार मंच के कार्यक्रम में संस्कारधानी की अलका मधुसूदन पटेल को महादेवी वर्मा कवयित्री सम्मान प्रदान किया गया। आयोजन भोपाल में हुए कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों से 55 रचनाकारों को सम्मानित किया गया।

## दैनिक राशिफल

बुधवार 01 जनवरी 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। पौष शुक्ल पक्ष की द्वितीया, नक्षत्र-उ.षा.।

**मेष**
आज मन व्याकुल रहेगा और शरीर में आलस्य छाया रहेगा। स्वास्थ्य कुछ नरम-गरम हो सकता है। काम में सफलता देर से मिलेगी।

**वृषभ**
सरकार विरोधी काम और एक्टिविटी से दूर रहने की सलाह आपको दी जाती है। नए काम की शुरुआत ना करें। स्वास्थ्य भी बिगड़ सकता है।

**मिथुन**
आज का दिन सुख और शांतिपूर्वक गुजार सकेंगे। दैनिक कामों में कुछ ज्यादा ही व्यस्त रह सकते हैं। मन को प्रसन्न रखने के लिए आप मनोरंजन का सहारा लेंगे।

क- 379-257

**कर्क**
व्यवसाय स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। मायके से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। पारिवारिक वातावरण भी अनुकूल रहेगा। विरोधियों को लाभ प्राप्त नहीं हो पाएगा।

**सिंह**
प्रणय प्रसंग के लिए आज का दिन अनुकूल है। फिर भी गुस्से पर संयम रखें। पेट से संबंधित रोगों से कोई कष्ट हो सकता है। दोपहर के बाद परिवार में आनंद और उल्लास का वातावरण रहेगा।

**कन्या**
आज शारीरिक ताजगी का आपमें अभाव रहेगा। किसी बात की चिंता से काम में मन नहीं लगेगा। धनहानि होने की आशंका है।

**तुला**
नए काम की शुरुआत करने के लिए दिन अच्छा है। प्रिय व्यक्ति के साथ हुई मुलाकात आनंददायी रहेगी।

**वृश्चिक**
निर्धारित काम न होने के कारण हताशा का अनुभव होगा। किसी भी महत्वपूर्ण काम का डिसीजन आज ना लें। पारिवारिक वातावरण में क्लेश रहेगा।

**धनु**
आज का दिन आप के लिए शुभ फलदायी है। आज भाग्य आपका साथ देगा और आर्थिक रूप से आपको फायदा होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से आप उत्साही तथा प्रफुल्लित बने रहेंगे।

**मकर**
कोर्ट कचहरी के मामलों से आज दूर रहें। मन में किसी बात को लेकर आज चिंता रह सकती है। आपके नकारात्मक विचार काम पर सीधा प्रभाव डालेंगे।

**कुंभ**
आज के दिन की शुरुआत लाभदायी है। सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में आप प्रगति करेंगे। किसी नए व्यक्ति से रिश्ता बन सकता है।

**मीन**
आपके विचारों में आज दृढ़ता अधिक नहीं होगी। व्यापार में भागीदारी के काम से लाभ होगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं।

म. 447-139

0,1,5,2,01,10,52,00,25,31,16,31

## शशांक प्रभाकर के गीतों से सजी शाम

# मंचदीप ने किया निरंतर नीरज का आयोजन



**जबलपुर, देशबन्धु।** देश के सुप्रसिद्ध कवि एवं गीतकार शशांक प्रभाकर नीरज के गीतों से सजी मंगलवार की शाम संस्कारधानीवासियों के लिए यादगार बन गई। पद्मभूषण एवं पद्मश्री पुरस्कार से अलंकृत गीत ऋषि गोपालदास नीरज के जन्म शताब्दी वर्ष पर मंचदीप संस्था द्वारा कलावीथिका में निरंतर नीरज का आयोजन किया। कार्यक्रम में महाकवि गोपालदास नीरज के सुपुत्र एवं ख्यातिलब्ध कवि शशांक प्रभाकर नीरज ने काव्यरस वर्षा से श्रोताओं को सराबोर कर दिया।

शशांक प्रभाकर ने अपने पिता नीरज जी की प्रसिद्ध रचनाएं उनकी आवाज में भी सुनाईं। मंचदीप द्वारा आयोजित इस कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह में कवि सोहन सलिल, रजनी कोठारी, प्रभा शील, प्रीति नामदेव ने गीत-गजलों की प्रस्तुति दी। मंचदीप के संस्थापक एवं अध्यक्ष मथुरा जैन उत्साही ने भी महाकवि गोपालदास नीरज की आवाज एवं अंदाज में रचना प्रस्तुत की, जिसे श्रोताओं ने भरपूर सराहा। कवि सम्मेलन के साथ सम्पूर्ण आयोजन का संचालन राजेश पाठक प्रवीण ने किया।

इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. श्याम मनोहर सीरोठिया, सागर के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे आचार्य भगवत दुबे ने नीरज जी की काव्ययात्रा पर अपने विचार रखे। रंगकर्मी आयुषी जैन ने नीरज जी के संस्कारधानी से जुड़े संस्मरण सुनाए।

**इनका हुआ सम्मान-** समारोह में डॉ. नलिनी सिंघई, पंडित अशोक मनोध्या, मोहित ओबेराय, अक्षय सैनी का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में डॉ. अरविंद जैन,डॉ. रमेश बसेडिया, डॉ. हरिशंकर दुबे, लोकराम कोरी, युवराज गढ़वाल, राजेश नेमा, मनीष खत्री, राजेंद्र सिंह, प्रवीण विश्वकर्मा, सादिक खान, राजेश मालवीय,राजेश परोहा ,प्रतुल श्रीवास्तव, विजय जायसवाल संतोष नेमा , विजय अनुज, विजय तिवारी किसलय,गणेश प्यासा, सुभाष शलभ, डॉ सलमा जमाल,छाया त्रिवेदी, अर्चना मलैया,डॉ छाया सिंह,आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर मथुरा जैन उत्साही ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## मनाया जायेगा कालीनंद जी महाराज का 61 वां जन्मोत्सव

**जबलपुर, देशबन्धु।** दस महाविद्या शक्तिपीठ कालीनंद आश्रम सैनिक सोसायटी में परम पूज्य गुरुदेव पीठाधीश्वर श्री श्री 108 महंत स्वामी कालीनंद जी महाराज का जन्मोत्सव दिनांक 1 जनवरी 2025 को 61 वां जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा आश्रम प्रबंधकारिणी समिति के तत्वाधान में गुरुदेव का जन्मदिन प्रतिवर्ष मनाया जाता है। इसी कड़ी में 1 जनवरी 2025 को प्रातः 5 बजे से माँ दक्षिणेश्वरी महाकाली जी का अभिषेक पूजन एवं वनवासी आदिवासी परिवारों को ठण्ड से राहत पहुंचाने कंबलों का वितरण गुरुदेव जी द्वारा किया जायेगा दोपहर 4 बजे से भजन संध्या, तत्पश्चात गुरुदेव का पूजन एवं माँ दक्षिणेश्वरी महाकाली जी की महाआरती एवं भोजन प्रसाद का आयोजन शिष्य भक्तों द्वारा किया गया है सभी शिष्य भक्त एवं श्रद्धालुओं से निवेदन है कि समय पर उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

# कर्मचारी कलेण्डर का हुआ विमोचन



**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के कलेण्डर का हुआ विमोचन मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया की आज पूर्व केबिनेट मंत्री माननीय अंचल सोनकर जी के द्वारा जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के वार्षिक कलेण्डर का विमोचन फीता काट कर किया गया।

ज्ञात रहे की कर्मचारी कलेण्डर में कर्मचारियों के लिए सामान्य अवकाश, ऐच्छिक अवकाश की पूर्ण जानकारी रहती है जिससे सभी विभाग के कार्यालयों में शासकीय अवकाश की महत्वपूर्ण जानकारी मिलजाती है जिससे कर्मचारी समय समय पर अपनी छुट्टियों का प्रयोग करते है द्य कलेण्डर विमोचन के दरम्यान पूर्व केबिनेट मंत्री अंचल सोनकर जी के द्वारा कर्मचारियों को संबोधित करते हुए सभी को बधाई देते हुए नए वर्ष की शुभकामनाएं दी गई।

इस अवसर पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, राम सोनकर, जियाउर्रहीम, हेमंत ठाकरे, शैम पिल्ले, राकेश श्रीवास, गुडविन चार्ल्स, दिनेश गोंड, शहीर मुमताज, उमेश सिंह ठाकुर, क्रिस्टोफ़र नरोन्हा, राजेश सहारिया, राजकुमार यादव, प्रदीप पटेल, विनोद सिंह, फिलिप एंथोनी, रिंकू पीटर, नीरज मारवी, सुरेंद्र चौधरी, देवसिंग भवेदी, संतोष चौरसिया, त्रिलोक मारवी, राकेश गुप्ता, एनोस विक्टर, आशाराम झारिया, रामेश्वर प्रसाद दुबे, देवेंद्र पटेल, आर पी खनाल, धनराज पिल्ले, देवेंद्र भट, कुलदीप सिंह, तेजभान सिंह, दयाराम बेलवंसी, शशिरमन स्वामी, मनमोहन चौधरी, दीपेश जैन, गोपीशाह , भोला चौहान, मक़सूद अहमद कादरी, विकी पटवा आदि उपस्थित रहे।

## निधन

ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान



**श्री महावीर नयन-** नगर निगम के कार्यपालन यंत्री हमारे निगम परिवार के मुख्य सदस्य श्री राजवीर नयन जी के 72 वर्षीय भाई नेपियर टाउन निवासी महावीर डेरी के संचालक (पूर्व मॉडेलियन) श्री महावीर नयन जी का लम्बी बीमारी के चलते आज देवलोक गमन हो गया है। सेवानिवृत रेयर एडमिरल नसीब नयन के छोटे भाई तथा नगर निगम के सेवानिवृत कार्यपालन यंत्री राजवीर नयन के बड़े भाई एवं श्रवण नयन एवं सिद्धार्थ नयन के पिता थे। अंतिम यात्रा आज दिनांक 1 जनवरी 2025 को सुबह 11 बजे ग्वारीघाट मुक्तिधाम के लिए रवाना होगी।

**श्री प्रीतम सिंह पटेल-** अभिषेक विहार रतन कॉलोनी गोरखपुर निवासी श्री प्रीतम सिंह पटेल (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुनीता नारंग-** रब्स हाइट्स पूर्व शीला टाकीज के पास निवासी श्री नरेश नारंग की धर्मपत्नी श्रीमती सुनीता नारंग (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती शकुंतला सेन-** खलासी लाइन छोटी ओमती निवासी श्री ददन प्रसाद सेन की धर्मपत्नी श्रीमती शकुंतला सेन (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रश्मि पटेल-** पंसारी मोहल्ला गोरखपुर निवासी श्री बलराम पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती रश्मि पटेल (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती पार्वती देवी शर्मा-** कालीमठ आमनपुर मदमहल निवासी श्री महेश शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती पार्वती देवी शर्मा (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री प्रदीप साहू-** खाई मोहल्ला खेरमाई वार्ड निवासी श्री प्रदीप साहू (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**कु. श्रद्धा कोरी-** अमखेरा गोहलपुर निवासी श्री रोहणी प्रसाद कोरी की पुत्री कु. श्रद्धा कोरी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मीनू यादव-** उड़िया मोहल्ला छोटी ओमती निवासी श्री विपिन यादव की धर्मपत्नी श्रीमती मीनू यादव (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री बैजनाथ प्रसाद वर्मा-** भट्ठा मोहल्ला कटनी निवासी श्री बैजनाथ प्रसाद वर्मा (91) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री घनश्याम चौधरी-** घमापुर सरकारी कुआं चौधरी मोहल्ला निवासी श्री घनश्याम चौधरी (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री प्रकाश चंद्र जैन-** पचपेढ़ी रोड निवासी श्री प्रकाश चंद्र जैन (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

# कलेक्शन एजेंट से लूट का मास्टरमाइंड निकला रूम पार्टनर



दो आरोपी गिरफ्तार,तीन फरार

**जबलपुर,देशबन्धु।** संजीवनी नगर थानान्तर्गत कलेक्शन एजेंट के साथ लूट की वारदात का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। लूट का मास्टर माइंड कलेक्शन एजेंट का रूम पार्टनर निकला। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लूटे हुए 75 हजार रूपये तथा दो मोबाइल बरामद किये है। तीन अन्य आरोपी फरार है,जिनकी सरगर्मी के साथ तलाश जारी है।

सीएसपी गोरखपुर एच आर पांडे से प्राप्त जानकारी के अनुसार विवेक कुमार काछी उम्र 29 वर्ष निवासी धनवंतरी नगर भारत फाइनेंस कंपनी में कलेक्शन एजेंट का काम करता है। युवक 11 दिसम्बर की सुबह कंपनी का बैग एवं टैबलेट लेकर अपनी मोटर साइकिल से कनेक्शन करने के लिए निकला था । कलेक्शन के कुल 1 लाख 56 हजार 455 रुपये लेकर ग्राम जमुनिया से वापस आफिस लौट रहा था। दोपहर करीबन 1.30 बजे दोपहर में बहदन नहर के पास तीन ल?के बिना नंबर की मोटर साइकिल से उसका पीछा करते हुए आये एवं उसकी मोटर साइकिल के आगे अपनी मोटर साइकिल अ?ाकर उसे रोक लिया। युवकों ने चाकू अडाकर कलेक्षन की राषि वाला बैंग तथा कंपनी की टैबलेट बायोमेट्रिक मशीन कीमती दस हजार रूपये लूट लिये थे। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनके संबंध में पतासाजी प्रारंभ कर दी थी। मार्ग में लगे 200 सीसीटीव्ही कैमरों के फुटेज खंगाले गए तो आरोपियों की पहचान हर्ष विश्वकर्मा,आनंद श्रीवास, रोहित कोल तीनो निवासी अमखेरा कुदवारी थाना गोहलपुर के रूप में हुई। लूट करने वाले आरोपी आनंद श्रीवास की बात कंपनी के ही कर्मचारी सचिन मेहरा होती थी,जो शिकायतकर्ता का रूममेट था। पुलिस ने अभिरक्षा में लेकर सचिन ने बताया कि उसने कंपनी में 45 हजार रुपये की गडबडी की है। कंपनी के अधिकारी पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवाने की धमकी दे रहे थे। इस संबंध में उसने जयप्रकाश नगर निवासी सचिन पटेल से करी थी। उसने अपने दोस्त हर्ष विश्वकर्मा एवं आनंद श्रीवास मुलाकात कराई थी। चारों ने मिलकर विवेक कुमार को लूटने की योजना बनाई थी।योजना के अनुसार हर्ष विश्वकर्मा एवं आनंद श्रीवास ने अपने एक अन्य साथी रोहित कोल के साथ मिलकर लूट की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपी सचिन महेरा तथा सचिन पटेल को गिरफ्तार कर लिया है। तीन आरोपी फरार है,जिनकी सरगर्मी से तलाश जारी है।



# पार्षद के जेठ ने कार से मारी महिला को टक्कर

## ज्योति टॉकीज चौराहा में हुआ हादसा

**जबलपुर,देशबन्धु।** पूर्व एमआईसी सदस्य के भाई तथा महिला पार्षद के जेठ ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ज्योति टॉकीज चौराहा में एक महिला को टक्कर मार दी। महिला को टक्कर मारने के बाद कार रोड डिवाइडर से टकरा गयी। जिसके कारण कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कार पूर्व एमआईसी सदस्य काके आनंद के भाई तथा पार्षद लवलीन आनंद के जेठ चला रहे थे। कार की टक्कर से महिला को गंभीर चोटें आई है। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल में पहुँच गयी थी। महिला को गंभीर चोट आने के कारण उसे उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज नहीं किया था। महिला पर रिपोर्ट दर्ज नहीं करवाने का दबाव बनाया जा रहा था।

# युवक के पेट में घोंपा चाकू

**जबलपुर,देशबन्धु।** रांझी थाना अंतर्गत मड़ई स्कूल के समीप चायनीज खा रहे एक युवक पर एक बदमाश ने चाकू से हमला कर दिया। जिससे युवक के पेट में गंभीर चोट आई है। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। पुलिस ने बताया कि मड़ई निवासी 18 वर्षीय सुमित केवट बेलदारी करता है। शाम करीब साढ़े पांच बजे वह मड़ई स्कूल के सामने एक ठेले में चाइनीज खा रहा था। उसी समय कांचीपुरम कालोनी निवासी संगम बर्मन पहुंचा और कहने लगा कि तू आजकल बहुत गुंडा बन रहा है, मेरे भाई से विवाद क्यों कर रहा था। जिस पर सुमित ने कहा कि विवाद नहीं हुआ बातचीत कर रहा था, इसी बात से नाराज होकर संगम ने चाकू निकालकर सुमित के पेट में घोंप दिया। जिससे उसे गंभीर चोट आ गई। उसकी चीख पुकार सुन आसपास के लोग दौड़े तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

# सेवानिवृत्त 5 पुलिसकर्मियों को दी गयी भावभीनी विदाई



**जबलपुर,देशबन्धु।** पांच पुलिसकर्मियों के सेवानिवृत्त होने पर पुलिस कंट्रोल रूम में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यवाहक सहायक उपनिरीक्षक रूप राम पटेल थाना बेलबाग कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक लाल बहादुर सिंह थाना गोसलपुरए कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक श्री यशवंत सिंह रघुवंशी थाना कोतवाली, कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक बाबूलाल कुशवाहा पुलिस लाईन एवं कार्यवाहक प्रधान आरक्षक लल्लू प्रसाद चतुर्वेदी पुलिस लाईन एमटी शाखा को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर आनंद कलादगी के द्वारा सुखद स्वस्थ एवं दीर्घायु की कामना करते हुए स्मृति चिन्ह के साथ साथ अवकाश नगदीकरण, बीमा, पेंशन, ग्रेच्युटी के दस्तावेज प्रदान करते हुए भावभीनी विदाई दी गयी।

इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर आनंद कलादगी ने कहा कि आप सभी की 33 से 40 साल तक की सेवा अवधी शानदार, यादगार एवं बेदाग रही है। आप सभी ने निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ बखूबी अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। पुलिस को सराहनीय योगदान दिया तथा हमेशा विभाग के लिये समर्पित रहे। आप सभी को एवं आपके परिवार को लम्बे और सफल कार्यकाल के लिये बधाई।

# हाईकोर्ट ने पूर्व आयकर आयुक्त सहित अन्य को जारी किए नोटिस

## झूठी रिपोर्ट व ट्रांसफर कराने के आरोप का मामला

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने पूर्व में जबलपुर में पदस्थ रहे आयकर आयुक्त श्रीकांत नामदेव, जो फिलहाल प्रतिनियुक्ति पर वित्तीय सेवाएं, दिल्ली में डायरेक्टर के रूप में पदस्थ हैं और उनकी बहन लक्ष्मी नामदेव को नोटिस जारी किए हैं।

हाईकोर्ट के जस्टिस संजय द्विवेदी व जस्टिस दिनेश कुमार पालीवाल की एकलपीठों ने दो अलग-अलग याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए जवाब तलब किया है। मामला पद के प्रभाव में बहन से जीजा डॉ. संत कुमार नामदेव के विरुद्ध दहेज प्रताड़ना की झूठी शिकायत दर्ज कराने और ट्रांसफर कराने के आरोप से संबंधित है। याचिकाकर्ता डॉ. नामदेव का आरोप है कि उन्हें मनमाने तरीके से कटनी से जगदलपुर, छत्तीसगढ़ स्थानांतरित करा दिया गया। यही नहीं याचिकाकर्ता के अलावा उसके भाई, भाभी, जीजा, बहन सहित आठ को दहेज प्रताड़ना के प्रकरण में आरोपी बनवा दिया। इसके अलावा आरटीओ जबलपुर व पन्ना की सहायता से कार छीनकर बहन के नाम करा दी गई। पुलिस में शिकायत के बावजूद दूसरे पक्ष के प्रभाव के चलते कोई कार्रवाई नहीं हुई। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।

## मारपीट करने वालो को छह-छह माह का सश्रम कारावास

### तीनों आरोपियों पर पांच-पांच सौ रुपये का जुर्माना

**जबलपुर,देशबन्धु।** न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी की अदालत ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने वाले तीन आरोपियों को दोषी करार दिया है। अदालत ने आरोपी नीलेश, अखिलेश व कोमल को छह-छह माह का सश्रम कारावास व पांच-पांच सौ रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

अदालत के समक्ष एडीपीओं अरुणप्रभा भारद्वाज ने पक्ष रखा। जिन्होंने बताया कि आरोपीगण बस स्टैण्ड के किनारे समोसा का ठेला लगाते है। जिनके ठेले के बाजू से आलू का बोरा रखा था। जिसमें प्रार्थी आकाश सोनकर बैठ गया। जिससे नाराज होकर तीनों आरोपियों ने मारपीट करते हुए पत्थर से हमला किया था। आकाश की शिकायत पर माढ़ोताल पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया था। सुनवाई पश्चात् अदालत ने तीनों आरोपियों को उक्त सजा से दंडित किया।




## साल के अंतिम दिन 25 सौ नवीन अधिवक्ता नामांकित

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र राज्य अधिवक्ता परिषद में साल के अंतिम दिन नामांकन समिति-ए की बैठक आयोजित की गई। जिसमें राज्य अधिवक्ता परिषद के वाईस चेयरमेन एवं नामांकन समिति-ए के सदस्य आरके सिंह सैनी, समिति के चेयरमेन राजेश कुमार शुक्ला एवं सदस्य एवं कोषाध्यक्ष मनीष तिवारी ने नवीन नामांकन आवेदन फॉर्मों पर विचारोपरांत लगभग 2500 आवेदनों पर अपने हस्ताक्षर से पंजीयन की मोहर लगाकर नये अधिवक्ताओं को नामांकित किया। बैठक के दौरान कार्यकारी सचिव गीता शुक्ला, प्रणय खरे, अंकित सेन, इत्यादि उपस्थित रहे।एसबीसी के वाईस चेयरमेन श्री सैनी व कोषाध्यक्ष मनीष तिवारी द्वारा सभी नये अधिवक्ताओ को बधाई देते हुये विधि जगत में उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई एवं सभी अधिवक्तागणों को नए साल की बधाईयाँ दी गई।

## एसडीएम का आदेश को किया निरस्त

**जबलपुर,देशबन्धु।** हाईकोर्ट ने कहाअनिर्वाय प्रावधानों के बिना अपील को नहीं बदल सकते चुनाव याचिका में जबलपुर। निर्वाचन को चुनौती देते हुए दायर अपील को चुनाव याचिका में अनिर्वाय प्रावधानों के बिना तब्दील किए जाने के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी। जस्टिस विनय सराफकी एकलपीठ ने अपने आदेश में कहा कि निर्धारित प्रावधानों का पालन किये बिना एसडीएम ने उक्त आदेश जारी किये है। एकलपीठ ने एसडीएम द्वारा पारित आदेश को निरस्त कर दिया। यह मामला याचिकाकर्ता चंचल गुप्ता की ओर से दायर किया गया था। जिसमें कहा गया था कि उसने तथा अनावेदिका श्रीमती राखी ढाली ने बैतूल जिले की ग्राम पंचायत चोपना के वार्ड नम्बर 16 से पंच का चुनाव लड़ा था। जिसमें उसे निर्वाचित घोषित किया था। उसके निर्वाचन को चुनौती देते हुए अनावेदिका ने एसडीएम शाहपुर के समक्ष मप्र पंचायत राज्य एव ग्राम स्वराज अधिनियम की 1993 की धारा 91 के तहत अपील दायर की थी। जिससे बाद में संषोधित को स्वीकार करते हुए एसडीएम ने चुनाव याचिका के रूप में सुनवाई करने के आदेश जारी कर दिये। जिसे चुनौती देते हुए उक्त याचिका दायर की गयी है। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि चुनाव याचिका अधिनियम की धारा 122 के तहत दायर की जाती है। अधिनियम के अनुसार याचिका के साथ 500 रूपये की सुरक्षा राशि जमा किये जाने का प्रावधान है। जो अनावेदिका के द्वारा जमा नहीं की गयी। संशोधन को सत्यापित भी नहीं किया गया था। इसके बावजूद भी एसडीएम ने लेखन त्रुटि व अज्ञानता के आधार पर संशोधन आवेदन को स्वीकार कर लिया। एकलपीठ ने सुनवाई के दौरान पाया कि अपील को चुनाव याचिका में तब्दील करने के आदेश में अधिनियम के अनिर्वाय प्रावधानों का पालन नहीं किया गया है। एकलपीठ ने सुनवाई के बाद एसडीएम के आदेश को खारिज कर दिया।

## हाईकोर्ट ने 9.33 लाख की रिकवरी पर लगाई रोक

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विवेक जैन की एकलपीठ ने प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना अंतर्गत आईडी-पासवर्ड हैक कर 270 अपात्र हितग्राहियों को नौ नाख 76 हजार रुपये वितरित किए जाने के आरोप के मामले में अहम आदेश पारित किया। इसके अंतर्गत प्रोजेक्ट आफिसर स्वाति जैन के विरुद्ध विभागीय जांच का अंतिम परिणाम आने तक किसी तरह की कठोर कार्रवाई प्रतिबंधित कर दी। साथ ही अनुशासनिक प्राधिकारी द्वारा जारी नौ लाख 33 हजार 500 रुपये के रिकवरी आदेश को अनुचित पाकर निरस्त कर दिया। कोर्ट ने अपने आदेश में साफ किया कि रिकवरी की कार्वाई मप्र सिविल सर्विस रूल के विपरीत होने के कारण अनुचित है।

याचिकाकर्ता सागर निवासी स्वाति जैन की ओर से दलील दी गई कि प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना अंतर्गत 270 अपात्र हितग्राहियों को नौ नाख 76 हजार रुपये वितरित करने के प्रकरण से याचिकाकर्ता का कोई सरोकार नहीं था। ऐसा इसलिए क्योंकि डाटा इंट्री आपरेटर सुनील ठाकुर ने याचिकाकर्ता प्रोजेक्ट आफिसर की आईडी व पासवर्ड हैक कर एप्रूरूवल हासिल करने के बाद घोटाले को अंजाम दिया था। इसके बावजूद याचिकाकर्ता के विरुद्ध विभागीय जांच संस्थित करते हुए आरोप पत्र सौंप दिया गया। यही नहीं विभागीय जांच की रिपोर्ट की प्रतीक्षा किए बिना अनुशासनिक अधिकारी ने रिकवरी नोटिस जारी कर दिया। यह कार्रवाई पेनाल्टी अधिरोपित करने की भांति की गई। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये।

# साल के अंतिम दिन आई 52 शिकायत

## पुलिस अधीक्षक ने दिये सम्बंधित अधिकारियों को त्वरित वैधानिक कार्यवाही हेतु किया निर्देशित'



**जबलपुर,देशबन्धु।** साल के अंतिम दिन मंगलवार को 52 लोग अपनी शिकायत लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुँचे। पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने शिकायत की सुनवाई करते हुए सम्बंधित अधिकारियों को त्वरित वैधानिक कार्यवाही हेतु निर्देश जारी किये। जन सुनवाई में अधिकांश शिकायत परिवारिक एवं जमीन सम्बंधी विवाद, मारपीट तथा सायबर फ्राड से सम्बंधित थी। पुलिस अधीक्षक ने शिकायतों पर वैधानिक कार्यवाही का आश्वस्त देते हुए त्वरित निराकरण समय सीमा में करने हेतु सम्बंधित थाना प्रभारियों तथा राजपत्रित अधिकारियों को निर्देषित किया। जनसुनवाई के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ;ग्रामीण श्रीमती सोनाली दुबे, उप पुलिस अधीक्षक ;ग्रामीण श्रीमति आकांक्षा उपाध्याय उपस्थित थी।

# साल 2024 में हुई गंभीर आपराधिक वारदात

## अपने खून से रंगे हाथ,ब्लास्ट में उड़े चिथड़े, सड़क दुर्घटना में बने काल का ग्रास

**जबलपुर,देशबन्धु।** साल 2014 में कोई दिल-दहलाने वाली आपराधिक वारदाते व हादसे घटित हुए। जिससे रिश्ते को तार-तार होने के साथ कई व्यक्तियों को अपनी जान से हाथ धोना पडा।

## नाबालिग किशोरी ने प्रेमी के साथ मिलकर की पिता व मासूम भाई की हत्या

**जबलपुर,देशबन्धु।** नाबालिग बेटी ने प्रेमी के साथ मिलकर रेलवे में कार्यरत पिता तथा आठ वर्षीय मासूम भाई की हत्या कर दी थी। आरोपी किशोरी ढाई माह बाद हरिद्वार में स्थानीय पुलिस के हत्थे चढ गयी थी। किशोरी को जबलपुर लाने के बाद आरोपी बॉयफ्रेंड ने जबलपुर पहुंचकर सिविल लाइन थाने में आत्मसमर्पण कर दिया था।

जबलपुर के सिविल लाइन थानान्तर्गत 15 मार्च को रेलवे मिलेनियम कॉलोनी निवासी राजकुमार विश्वकर्मा (52) व उनके बेटे तनिष्क (8) की हत्या कर दी गई थी। घर से लापता नाबालिग 15 वर्षीय बेटी ने वॉइस मैसेज से अपने रिश्तेदारों को सूचना दी थी कि प?ौस में रहने वाले मुकुल सिंह (21) ने पिता व भाई की हत्या कर दी है। पुलिस को घर के अंदर फ्रिज में मासूम बच्चे की लाश मिली थी। नाबालिग ल?की 29 मई को हरिद्वार में स्थानीय पुलिस के हत्थे चढ गये थे। आरोपी मुकुल पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया है। किशोरी को जबलपुर लाने के बाद आरोपी मुकुल ने 31 मई जबलपुर पहुंचकर सिविल लाइन थाने में आत्मसमर्पण कर दिया था।

## स्क्रैप यार्ड धमाका,एनआईए ने की जांच

**जबलपुर,देशबन्धु।** अधारताल थानान्तर्गत 26 अप्रैल को खजरी-खिरिया बायपास स्थित स्क्रैप यार्ड में रखे सेना के उपयोग के आने वाले खाली बमों में धमाका हो गया था। धमाका इतना तेज था कि यार्ड की छत तथा दीवार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। ब्लास्ट जिस स्थान पर हुआ है, वहां ब?ा गड्ढा हो गया है। षक्तिषाली ब्लास्ट की जांच एनआईए तथा एनएसजी की टीम द्वारा की गयी थी। इस घटना में दो व्यक्तियों का शरीर चीथड़ों में मिला था। शवों की शिनाख्त के लिए दोनों व्यक्तियों का डीएनए टेस्ट करवाया गया था। घटना में भोला नामक मजदूर के मृत होने की संभावना व्यक्त की गयी थी,जिसकी डीएनए रिपोर्ट निगेटिव आई थी। जिसके बाद पुलिस ने उनके गुमशुदा होने की रिपोर्ट दर्ज की थी। यार्ड संचालक मोहम्मद शमीम घटना के बाद से फरार है और उसके दुबई में होने की संभावना व्यक्त की जा रही है।

## ओएफके में ब्लास्टः दो मृत,डेढ दर्जन कर्मचारी घायल

**जबलपुर,देशबन्धु।** खमरिया स्थित ऑर्डिनेंस फैक्टरी में 22 अक्टूबर को हुई ब्लास्ट में दो कर्मचारियों की मौत हो गयी थी। इसके अलावा डेढ दर्जन कर्मचारी घायल हो गये थे। ब्लास्ट इतना शक्तिशाली था कि पूरी बिल्डिंग उड़ गयी थी। हादसा 30 साल पुराने रूसी बम की रिफिलिंग करते समय हुआ। इस घटना में एलेक्जेंडर टोप्पो तथा रणधीर नामक कर्मचारियों की मौत हो गयी थी।

## ऑटो पर पलटा हाइवा,सात की मौत

**जबलपुर,देशबन्धु।** जबलपुर जिले के मझगवां थाना अंतर्गत विगत 18 सितंबर को ओवर टेक करते हुए डम्पर अनियंत्रित होकर लोडिंग ऑटो पर पलट गया था। इस घटना में सात व्यत्यिों की मौत हो गयी थी तथा ग्राम लुंगी में हुई हृदय विदारक सड़क दुर्घटना में सात व्यक्तियों की मौत हो गई तथा 11 व्यक्ति घायल हो गए। ओवरटेक करते समय डंपर में लोडिंग ऑटो फंस गया। डंपर ऑटो को लगभग 100 मीटर तक अपने साथ घसीटते हुए ले गया। इसके बाद मालवाहक ऑटो के ऊपर डंपर पलट गया था।

## ट्रैक्टर पलटने से पांच बच्चों की मौत

**जबलपुर,देशबन्धु।** चरगवां थानान्तर्गत विगत 6 मई को ट्रैक्टर पलटने से 5 मासूम बच्चों की मौत हो गयी थी। जिसके कारण परिवार में आयोजित विवाह की खुशियां मातम में बदल गयी थी। चरगवां थानान्तर्गत तिनेटा गांव में 17 वर्षीय धर्मेन्द्र की बहन का विवाह था। घर में आये मेहमानों के लिए पानी की व्यवस्था करने वह ट्रैक्टर लेकर पानी का टैंकर लेने कुंए पर जा रहा था। इस दौरान रिश्तेदारी में आये हुए बच्चे भी ट्रैक्टर में सवार हो गये। रास्ते में रास्ते में ट्रैक्टर के पलटने से धर्मेन्द्र सहित पांच बच्चों की मौत हो गयी थी।

## पति की प्रेमिका का कत्ल

**जबलपुर,देशबन्धु।** माढोताल थानान्तर्गत 19 दिसम्बर को एक महिला ने अपनी पति की प्रेमिका पर चाकू से हमला कर उसकी हत्या कर दी। इसके अलावा महिला ने उसकी सहेली पर भी चाकू से जान लेवा हमला किया था। बिल्डर पति का कंपनी में काम करने वाली एक महिला से अफेयर चल रहा था। पत्नी को जानकारी मिलने पर वह पति की प्रेमिका से मिलने गयी। प्रेमिका उसे अपने सहेली के घर ले गयी थी। इस दौरान पत्नी ने चाकू से हमला कर प्रेमिका की हत्या कर दी। इसके बाद उसकी सहेली पर भी चाकू से प्राणघातक हमला किया। पुलिस ने महिला को सतना रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया था।

## आठवीं के बच्चे ने चाकू मारकर दूसरे छात्र की हत्या

**जबलपुर,देशबन्धु।** शहपुरा थाना 3 अक्टूबर को आठवी में पढने वाले छात्र ने कक्षा 9 वीं के पढने वाले छात्र पर चाकू से हमला कर दिया था। घायल छात्र की दूसरे दिन उपचार के दौरान मौत हो गयी थी। दोनों छात्र अलग-अलग स्कूल में पढते थे और बात पर उनका विवाद हो गया था। आरोपी छात्र ने घटना के दो दिन पहले मोबाइल पर दूसरे छात्र को जान से मारने की धमकी दी थी। आरोपी छात्र ने धमकी भरे मैसेज में लिखा था कि कि बाप-बाप होता और बेटा-बेटा होता है। कक्षा आठवीं में पढ़ने छात्र ने मैसेज में जान से मारने की धमकी भी दी थी।

## शादी से इंकार करने पर युवती की हत्या

**जबलपुर,देशबन्धु।** ओमती थानान्तर्गत शादी से इंकार करने पर आरोपी ने चाकू से हमला कर युवती की हत्या कर दी। आरोपी युवक व युवती एक साथ स्कूल में पढते थे और दोनों के बीच दोस्ती थी। दोनों के परिवार के बीच षादी की बात हुई थी परंतु युवती ने इंकार कर दिया था। युवती के द्वारा इंकार किये जाने के आक्रोशित गुलफाम रहीम ने उसकी रैंकी प्रारंभ कर दी। आरोपी ने 2 जून को घर के समीप ही युवती पर चाकू से हमला कर उसकी हत्या कर दी।

## पत्नी की दोस्तों को 60 हजार सुपारी देकर कराई हत्या

**जबलपुर,देशबन्धु।** एक गर्भवती महिला की हत्या का खुलासा करते हुए पुलिस ने मृतका के पति को गिरफ्तार किया है. आरोपी शुभम चौधरी ने अपने तीन दोस्तों के साथ मिलकर इस घटना को अंजाम दिया था. पुलिस ने बताया कि आरोपी शुभम चौधरी ने लूट और मारपीट की झूठी कहानी बनाकर पुलिस को गुमराह किया था. शक होने पर उसे हिसारत में लेकर सख्ती से पूछताछ की गई तो उसने अपना गुनाह कबूल कर लिया। शनिवार की रात करीब 9 बजे गोराबाजार थाना अंतर्गत कजरवारा निवासी शुभम चौधरी एवं रेशमा चौधरी के साथ लूट एवं मारपीट की वारदात सामने आई थी. जिसमें शुभम ने एफआईआर दर्ज कराई थी कि वह अपने डेढ़ साल के बेटे और पत्नी रेशमा के साथ माढ़ो ताल थाना अंतर्गत मदर टेरेसा स्थित ससुराल जा रहा था. यहां रास्ते में बाइक सवार कुछ लोगों ने उसकी कार पर पत्थर फेंके और लूट की वारदात को अंजाम दिया और विरोध करने पर पत्नी की हत्या कर दी. पुलिस ने जब इस मामले की पड़ताल शुरू की तो शुभम चौधरी के बयानों ने पुलिस को उस पर ही शक करने के लिए मजबूर कर दिया और जब पुलिस ने इलाके में रहने वाले लोगों से पूछताछ की तो उन्होंने लूट की किसी भी वारदात से इनकार कर दिया।

## नर्स ने पुराने प्रेमी से नजदीकी बढ़ाई, ब्रेकअप से नाराज डॉक्टर ने मारी गोली

**जबलपुर,देशबन्धु।** पुराने आशिक के नजदीकियां बढ़ने के बाद नर्स ने डॉक्टर प्रेमी से ब्रेकअप कर लिया था। ब्रेकअप से नाराज डॉक्टर ने नर्स को सरेआम सड़क पर दो गोलियां मार दी थी। ओमती थानान्तर्गत रसल चौक पर डॉक्टर ने सुबह लगभग दस बजे वारदात को अंजाम दिया था। उस समय नर्स काम पर हॉस्पिटल जा रही थी। पुलिस ने आरोपी डॉक्टर संदीप सोनी उम्र 34 साल को गिरफ्तार कर दिया था। डॉक्टर को उसके रिश्तेदार ने वारदात के लिए देसी पिस्टल दी थी। पुलिस ने रिश्तेदार के खिलाफ भी प्रकरण दर्ज किया था।

## ओव्हर टैक करने पर छात्र की हत्या

**जबलपुर,देशबन्धु।** ओव्हर टेक करने के कारण आरोपियों ने पीएससी की तैयारी कर रहे छात्र की धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी। घमापुर थानान्तर्गत 16 जून की सुबह तडके आरोपियों ने वारदात को अंजाम दिया। बालाघाट निवासी युवराज भूमर्डे का 27 वर्षीय रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में एमसीए पाठ्यक्रम में अध्ययनरत था। वह जबलपुर में रहकर पीएससी की तैयारी कर रहा था। रात को वह अपने दोस्त के साथ रांझी से घर लौट रहा था। रास्ते में उसने बाइक सवार युवकों को ओव्हर टेक किया था। इस बात पर बाइक सवार युवकों ने उसका पीछा किया और सतपुला रोड शनि मंदिर के पास धारदार हथियार से हमला की उसकी हत्या कर दी।

# हाईवे पर घना कोहरा पर चौराहों पर सुबह के समय बंद हो जाती है हाईमास्ट लाइट

## सुरक्षा के लिए सुबह लाइट चालू रखने मांग

**गांधीग्राम,देशबन्धु।** राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 हाईवे फोरलेन पर गांधीग्राम -सिहोरा सड़क मार्ग पर वर्तमान में सुबह देर तक घने कोहरे के कारण हाईवे पर वाहनों की रफ्तार धीमी रहती है, ऊपर से मुख्य चौराहों,तिराहों पर लगी हाईमास्ट लाईट सुबह के समय बन्द कर दी जाती है।



अपनी सुरक्षा के लिए भारवाहक वाहन,ट्रक डम्फर,यात्री वाहनों बस,मिनी बस,कार,आटो को लाइट जलाकर चलते ही है।जबकि हाईवे पर सुबह 4 बजे से घना कोहरा रहता है।सुबह धूप बाद कोहरा थोड़ा कम हो पाता है। सुबह हाईवे पर कोहरा इतना घना रहता है कि वाहनों को बड़ी मुश्किल से व लाइट जलाकर चलना बमुश्किल पड़ रहा था।कोहरे के कारण हाईवे पर भी सुबह 4 बजे से 8 बजे तक कोहरे के कारण वाहन अस्पस्ट रूप से व साफ नहीं दिखाई देते।

हाईवे के चौराहे पर हाईमास्ट लाईट बन्द रहने की वजह से वाहन चालकों को खासकर हाईवे के चौराहों पर परेशानी हुई । क्योंकि कुछ ही दूरी पर घने कोहरे की वजह से वाहन नही दिख पाते।वाहन चालकों को एक्सीडेंट का खतरा भी रहता है।वही मार्निंग वाक पर जाने वाले लोगों को भी हाईवे पार करने में दुर्घटनाओं का भय लगता है। बुद्धिजीवी वर्ग की मांग है कि चूंकि सुबह के समय कोहरे की वजह से यातायात में परेशानी होती है इसीलिए चौराहों पर हाईमास्ट लाईट चालू रखी जावे।

# सूने मकान का ताला तोड़कर जेवर और नगदी चुरा ले गये चोर

## मझौली में वारदात, आरोपियों की तलाश में पुलिस

मझौली। एक सूने घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर कीमती जेवर व पचास हजार रुपये की नगदी चुरा ले गये। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की पतासाजी शुरु कर दी है।



पुलिसने बताया कि ग्राम कंजई निवासी 34 वर्षीय अनिल पटेल इलेक्ट्रानिक तराजू सेल्स एण्ड सर्विस का काम करता है। जिसकी त्यागी आश्रम के सामने सब्जी मंडी मंझौली में जय माँ इलेक्ट्रानिक्स के नाम से दुकान भी है। बीते दिवस वह अपने मंझौली स्थित मकान में ताला लगाकर अपने पैतृक गांव कंजई गया हुआ था। उसके भांजे सुधांशू पटेल ने फोन पर सूचना दी कि घर का पूरा सामान बिथरा पड़ा है। अनिल ने घर आकर देखा तो आलमारियों के ताले टूटे हुए थे। आलमारी में रखा सोने की एक मोहन माला, एक रानीहार, चार अंगूठी, एक जोड़ी झाला, एक जोड़ी कान के सुई धागा झाला, गले का चिक सेट तथा नगदी 50 हजार रूपये गायब थे। कोई अज्ञात चोर ताला तोड़कर सोने के जेवर एवं नगदी चोरी कर ले गया है। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

# ठंड ने किया ठिठुरने पर मजबूर

**गांधीग्राम,देशबन्धु।** सुबह से ही बादल छाए रहने के साथ ही गलन भरी ठंड के साथ चलती ठंडी हवाओं ने दिनभर लोगों को ठिठुरने पर मजबूर कर दिया। सुबह के समय सड़कों पर भी सन्नाटा पसरा रहा। वहीं सूर्यास्त के बाद शाम को ठंड ने रफ्तार पकड़ ली। इसका अहसास सोमवार की रात से ही लोग करने लगे थे। रविवार को सुबह हवा के साथ ठंडी हवा ने अपना असर दिखाना शुरू किया। पूरे दिन बदली छाए रहने और ठंड के चलते हर शख्स परेशान दिखा।

कई लोग तो आने वाले दिनों में तापमान में और गिरावट आने के साथ ठंड बढ़ने की संभावना जताते नजर आए। दिन निकलने के बाद अचानक ठंड ने तेवर दिखाए। बरसात के बाद कोहरा छाने से सर्दी के मौसम में पहली बार जबरदस्त ठंड देखने को मिली। एकाएक तापमान में अधिक गिरावट है। सुबह होते ही घर से बाहर निकलने में लोग ठंड के कारण कांपते दिखे।

सड़क किनारे व चौराहों के आसपास लोग आग से हाथ तापते दिखे। चाय की दुकानों पर भी ठंड का असर लोगों पर खासा दिखा। ठंड बढ़ने के कारण खासकर घरेलू महिलाएं परेशान दिखीं। सुबह शाम घर से बाहर टहलने जाने वालों ने भी ठंडी हवाओं के बीच घर से बाहर नहीं निकलने में ही भलाई समझी।

मौसम की मार सरकारी विभागों में देखी जा रही है सरकारी भवनो में अफसरों से लेकर कर्मचारी तक कार्यालय में कैद दिख रहे हैं। दिनभर मौसम में ठिठुरन बनी रहने के कारण ग्राम के पॉश इलाकों में भी सन्नाटा पसरा रहा। ग्रामवासियों का कहना था कि तापमान में गिरावट के साथ ही और अधिक ठंड बढ़ने के पूरे आसार दिखने लगे हैं।

मंगलवार को पूरे दिन सर्दी में काफी इजाफा हो गया। सर्दी बढ़ जाने के बावजूद ग्राम प्रशासन ने सार्वजनिक अलाव लगवाने की जहमत नहीं उठाई, जिससे लोगों में ग्राम पंचायतों के प्रति रोष देखा गया। मंगलवार को सर्दी का सितम देखने को मिला। शाम को सर्द हवाओं ने शीतलहर का अहसास करा दिया।

**प्रशासन की ओर से नहीं जलाए गए अलाव- ठंड का प्रकोप बढ़ने के साथ ही प्रशासन द्वारा गांधीग्राम में अभी तक अलाव तक की व्यवस्था नहीं की जा सकी है।ग्रामवासियो ने कहा कि प्रशासन ठंड से बचाव के लिए अलाव जलाने व इसके साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर ठंड से निजात दिलाने के लिए अलाव की व्यवस्था करे।

## सार-समाचार



### भूगोल छात्र परिषद का गठन किया गया

**सिहोरा,देशबन्धु।** शासकीय श्याम सुन्दर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिहोरा के भूगोल विभाग में सत्र 2024.25 के लिए भूगोल छात्र परिषद का गठन किया गया महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एम के श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित भूगोल परिषद के गठन मै अध्यक्ष रेशु कुशवाहा बी ए तृतीय वर्ष, उपाध्यक्ष सार्थक मिश्रा,सचिव रवि बाबू चौधरी ,सहसचिव दीपिका रजक का मनोनयन परिषद में किया गया , कार्यक्रम मै मुख्यवक्ता डॉ सी एल वर्मा विभाग अध्यक्ष डॉ अर्चना नामदेव उपस्तिथ रहे कार्यक्रम का संचालन भूगोल विभाग के डॉ के पी रजक के द्वारा संचालित किया गया,भूगोल परिषद के गठन में लगभग 75से अधिक बी ए प्रथम ,द्वितीय एवं तृतीय वर्ष भूगोल विभाग के विद्यार्थियों की उपस्तिथि रही। भूगोल परिषद के गठन मै सभी मनोनीत पदाधिकारियों को मुख्य वक्ता डॉ सी एल वर्मा द्वारा शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए अपने जीवन के अनेक संस्मरण ओर छात्रों की सफलता के लिए महत्वर्ण बातें छात्रों को बताई गई,डॉ के पी रजक द्वारा भूगोल परिषद के गठन का उद्देश्य पर प्रकाश डाला गया, विभाग अध्यक्ष डॉ अर्चना नामदेव द्वारा सभी छात्रों को संबोधित किया गया एवं परिषद को शुभकामनाएं दी गई। परिषद के सभी पदाधिकारी द्वारा छात्र हित मै कार्य करने एवं उनकी समस्याओं के निराकरण की बात की गई।

### के के वी हायर सेकेंडरी स्कूल सिहोरा में आनंद मेला एवं विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**सिहोरा,देशबन्धु।** के के व्ही हायर सेकेंडरी स्कूल खितौला बाजार में गत दिवस फन फेयर एवं विज्ञान प्रदर्शनी का सफल आयोजन स्कूल परिसर में किया गया जिसमे विद्यालय के प्रत्येक विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया. साथ ही फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं विविध प्रकार के फ़ूड एवं गेम स्टाल्स का संयोजन किया गया जिसमें छात्रों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया ।कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्या ओम वात्री एवं प्रबंधक निशांत वात्री के कुशल निर्देशन में संपन्न हुआ. कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथियों में श्रीमति संध्या दिलीप दुबे अध्यक्ष न.पा.अध्यक्ष सिहोरा, अशोक उपाध्याय प्राचार्य सी एम राइज उपस्थित रहे । निर्णायक दल में व्याख्याता अमित जैन व प्रखर गुप्ता,कृष्णा सरावगी,सुधा पहारिया उपस्थित रहे । कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलन व रिबन काटकर किया गया तत्पश्चात कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ. कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त शिक्षकों का योगदान सराहनीय रहा।

### बिजली कटौती से लोग परेशान

**गोसलपुर,देशबन्धु।** मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की लापरवाही के चलते पिछले एक सप्ताह से गोसलपुर डीसी अंतगर्त बिजली कटौती ने लोगों का जीना हराम कर दिया है भले ही मध्य प्रदेश सरकार लोगों को 24 घंटा घरेलू बिजली प्रदान करने का दावा करती है परंतु जमीनी हकीकत यह है कि लोगों को बमुश्किल 18 घंटे बिजली मिल पा रही है पल-पल में बिजली की आवाजाही लगी हुई है जिससे विद्युत उपकरण खराब हो रहे हैं वहीं बिजली पर आश्रित व्यवसाय जैसे फोटोकॉपी दुकान वेल्डिंग दुकान आटा चक्की व अनेक औद्योगिक इकाइयां कारखाने में कामकाज ठप्प पड़ा हुआ है नलजल योजना भी बुरी तरह बाधित हो रही है इस संबंध में अनेकों बार विद्युत उपभोक्ताओं द्वारा विद्युत हेल्पलाइन नंबर व सीएम हेल्पलाइन नंबर में बिजली कटौती की शिकायत की गई साथ ही स्थानीय जवाबदार जन प्रतिनिधियों को भी बिजली कटौती की समस्या से अवगत कराया गया परंतु कोई सुधार नहीं हुआ जिससे लोगों को यह बिजली कटौती बेहद परेशानी का सबब बनी हुई है स्थानीय जन रवि ठाकुर अनिल सराफ आकाश जैन धर्मेंद्र सोनी अमरकांत सराफ राजा दुबे सुरेन्द्र श्रीवास रवि तिवारी बेडी बर्मन ने इस दिशा में विद्युत मंडल के आला अधिकारियों से बिजली कटौती शीघ्र बंद करने की मांग की है।

### राजाराम मलिक का निधन



सैनिक राजाराम मलिमड़ई मस्जिद के पीछे वहीकल स्टेट निवासी पूर्व सैनिक राजाराम मलिक का लंबी बीमारी के बाद पचासी(85) वर्ष की आयु में निधन हो गया! आप वरिष्ठ समाजसेवी एसपी मलिक गांधी मलिक के बड़े भ्राता थे व सरोज मलिक के ससुर कशिश काजल व गुनगुन मलिक के दादा थे! अंत्येष्टि मड़ई मुक्ति धाम में की गई!

### वृंदावन प्रसाद चौबे का निधन



विनोवाभावे वार्ड निवासी श्री वृंदावन चौबे का 78 वर्ष की आयु में निधन हो गया आप राजेश चौबे,धर्मेश चौबे के पिता जी रहे अंतिम संस्कार जगमोहन वार्ड स्थित(पुराना व्यास तालाब) शमशान घाट पर किया गया

# धूमधाम से मनाई प्रभात फेरी की 34वीं वर्षगांठ

## 50 से ज्यादा प्रभात फेरी वाले शामिल

**पनागर,देशबन्धु।** राम नाम की अलख जगाने और सुबह की हवा लाखों की दवा के उद्देश्य को लेकर ग्राम पंचायत सुंदरपुर में 35 वी प्रभात फेरी की शुरुआत की गई । इसमें दर्जनों ग्रामीण राम नाम की धुन के साथ पूरे गांव में भ्रमण करते हैं। बारिश हो, ठंड हो या फिर गर्मी हो किसी भी मौसम में आज तक प्रभात फेरी नहीं थमीं।

खास बात यह है कि गांव में दो लोगों से शुरू की गई प्रभात फेरी आज सैंकड़ो लोगों से जुड़ गई हैं। यह कहना है श्री राम प्रभात फेरी प्रज्ञा मंडल संयोजक नारायण यादव ने बताया कि ग्राम के बच्चों मैं प्रभात फेरी को लेकर खासा उत्साह देखने को मिलता है। वे सुबह 5 बजे उठ कर राम नाम सुमरान करते हैं।

34वर्षो पूर्व 31 दिसंबर को ग्राम पंचायत सुंदरपुर में सुबह चार बजे प्रभात फेरी की शुरुआत की गई थी जब से लेकर आज तक हर साल 31 दिसम्बर को राम धुन गाते हुए गाजे-बाजे के साथ प्रभात फेरी पूरे गांव का भ्रमण करती है।

इस प्रभात फेरी का उद्देश्य जीवन से मुक्ति के लिए हरि कीर्तन व स्वस्थ रहने के लिए सुबह की हवा लाख रुपये की दवा के उद्देश्य को लेकर ग्रामीण आज तक इस क्रम से जु? हुए हैं। ग्रामीणों के अनुसार इस प्रभात फेरी की प्रेरणा स्त्रोत मैहर वाले गुरु जी है, उनके ही मार्ग दर्शन से

यहां प्रभात फेरी की शुरुआत हुई, जो आज तक चल रही है। इस अवसर पर 50 से अधिक आसपास की प्रभात फेरी कार्यक्रम में सम्मिलित हुई। जिसमें सभी प्रभात फेरी प्रमुखों और अतिथियों का सम्मान साल श्रीफल और तुलसी पोधा भेंट कर किया गया और विशाल निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भी किया गया जिसमें डॉ डेंटल अस्तपाल से नेहा राय फिजियोथेरेपी से डॉ कुनाल पटले और देवजी नेत्रालय से डॉ अनुष यादव उपस्थित रहे कार्यक्रम के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

इस दौरान शारदा प्रसाद यादव, वंदना राकेश ठाकुर, रत्नेश साहू, युवा सेवा संगठन प्रांतीय अध्यक्ष सुमित भाई यादव, हनुमानदास जी महाराज, भरत पटेल, गिरजा पाठक, कढ़ोरी लाल यादव, शिव प्रसाद यादव ,रामकुमार यादव के साथ सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे।

# पाटन में श्री राम कथा महोत्सव का शुभारंभ आज

पाटन देशबन्धु। मानस सत्संग परिवार पाटन के द्वारा आयोजित श्री राम कथा महोत्सव का शुभारंभ आज एक जनवरी होगा। 21वें श्री राम कथा महोत्सव में इस वर्ष कथा रस वर्षा कराने के लिए संस्कारधानी जबलपुर की आध्यात्मिक चेतना के अग्रदूत नृसिंह पीठाधीश्वर पूज्य डा नरसिंहदास जी महाराज, प्रताप गढ़ उत्तर प्रदेश के मानस प्रवक्ता मानस मधुर पं दिनेश त्रिपाठी और जालौन उत्तर प्रदेश की मानस प्रवक्ता पंडिता अखिलेश्वरी जी पधार रहे हैं।



सरस्वती शिशु मंदिर थापक वार्ड पाटन में आयोजित कथा महोत्सव में मानस सत्संग परिवार संयोजक ठाकुर रणधीर सिंह, सुरेन्द्र सिंह ठाकुर,घनश्याम बबेले,राघवेन्द्र शुक्ल,शिवकुमार बाजपेई, हरिनारायण कुररिया,कृष्ण कुमार त्रिपाठी ने धर्म प्रेमियों से पधारने का अनुरोध किया है कथा का समापन पांच जनवरी को होगा।



# धर्म का आधार श्रीमद भागवत : हिमांशु

**गांधीग्राम,देशबन्धु।** बाबा बर्फानी सेवा समिति गोराबाजार द्वारा श्री शिव महापुराण में कथा मर्मज्ञ पंडित श्री हिमांशु महराज ने प्रभु शिव की महिमा , भगवान गणेश, कर्म की व्याख्या, ज्ञान मार्ग की मीमांसा करते हुए भक्तों को बताया की ज्ञान का आधार श्रीमद्भागवत कथा है, इससे जीव को जीवन मरण की प्रक्रिया से निर्वाण का मार्ग प्राप्त होता है।

कथा स्थल में भोले नाथ जी की मूर्ति के सम्मुख कजरवारा भवानी नवयुवक समिति के मुकेश उपाध्याय, डाक्टर परसोत्तम उपाध्याय, अटल उपाध्याय, विनोद, सुनील, सिद्धार्थ, सतीश,मोंटी सोनू, सुधांशु , अभय, नमन उपाध्याय ने भस्म आरती की , महाआरती कर हजारों भक्तों ने धर्म लाभ अर्जित किया। समिति के प्रमुख प्रमोद बेन, अभिषेक तिवारी,अनंता महराज, राकेश कलसिया, दशरथ पिल्लै, सुदेश मलिक, कृष्ण कुमार दुबे ने धर्म लाभ अर्जित करने का आग्रह किया है।

# धान विक्रय केंद्र में भीगी धान की भरपाई की मांग

**शहपुरा भिटोनी, देशबन्धु।** गत दिवस मै शहपुरा तहसील में अधिक बषां होने से धान विक्रय केंद्र में किसानों को नुक़सान हुआ है जिसकी भरपाई हेतु निवेदन किया गया है

मौसम विभाग ने एक सप्ताह पूर्व जबलपुर संभाग सहित अधिकांश संभागों के जिलों में वर्षा की संभावना जाहिर की थी इसके चलते जिला प्रशासन से उम्मीद थी कि वह इन चेतावनीओं की तरफ सजगता से कार्रवाई करेगा मगर प्रशासन की नाकामी के चलते खरीदीं केंद्रों में खुले में रखी गई लाखों कुंटल धान बरसात की भेंट चढ़ गई नतीजा यह हुआ कि शनिवार की सुबह से शाम तक वर्षा हुई और ओलावृष्टि से धान खरीदी केंद्रों एवं वेयरहाउस में खुले में रखी हजारों कुंटल धान पूरी तरह से भीग गई और ओलावृष्टि से किसानों की फसल भी क्षतिग्रस्त हो गई कांग्रेस नेता सुमन कुमार जैन ने चिंता व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन एवं मध्य प्रदेश सरकार से इस मामले में जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की

सरदार दलबीर सिंह जस्सल कहा कि ने कहा की जिन किसानों की फसलों ओलावृष्टि से को नुकसान हुआ है उनका आंकलन कर कर उन्हें मुआवजा दिए जाने की मांग की

राजेंद्र बंधु ने कहा की कुंदन पाटन बनाकर कश्नेर सहित अधिकांश खरीदी केंद्र खेतों में बना दिए गए किसानों द्वारा लाई गई धान तो खरीद ली गई परंतु समय रहते उसका समुचित भंडारण नहीं किया और संग्रह केन्द्रों में रखी धान बर्बाद हो गई

नेक राम पटेल ने कहा कि प्रशासन की लापरवाही के कारण उन किसानों की ध्यान भीग गई जो लंबी जटिल धन उपार्जन की प्रक्रिया से गुजर रहे थे और उनकी धन भी खुले आसमान में रखे रहने के कारण खराब हो गई

अतुल जोसेफ ने कहा कि बरसात के चलते जबलपुर सिवनी नरसिंहपुर उमरिया अनूपपुर दमोह शहडोल पटना सीधी डिंडोरी कटनी आदि में धान को नुकसान पहुंचा है आगे कहा कि रविवार को अधिकतर शहरों में कोहरा बना रहने के आसार बने रहने के बावजूद जिला एवं मध्य प्रदेश सरकार के द्वारा समय रहते ऐतिहात ना बरतने के कारण धान खराब हुई

संजय वर्मा ने कहा कि किसानों की हानि के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग मध्यप्रदेश शासन से की है

सहयोगी मित्र राजकुमार जैन मामाजी संदीप सिंघई प्रदीप चौधरी अनिल कुमार जैन अनिल गुप्ता ठाकुर अजय सिंह संजय जैन किपी संजय जैन प्रभु डॉक्टर चंद्रेश जैन डॉक्टर महेंद्र जैन मिथिलेश जैन प्रशांत जैन राहुल कुमार जैन अमित जैन युवा हाजी हामिद खान मोहम्मद असलम डॉक्टर अलीम मंसूरी मकसूद मंसूरी शानू बजाज रिषभ मोदी नवीन चिल्लर कपिल जैन नीरज जैन नीलेश जैन नीलू अजित जैन पप्पू अरविंद पंडा आदि ने प्रशासन के रवैए पर रोष व्यक्त करते हुए नाराजगी जाहिर की है जिला एवं मध्यप्रदेश शासन से सख्त कार्रवाई की मांग की।

# बस की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**शहडोल, देशबन्धु।** शहडोल में जीजा के घर घूमने आए साले की सड़क हादसे में मौत हो गई है। घटना मंगलवार की शाम चार बजे घटी। बाइक में सवार दो युवक बाजार की ओर जा रहे थे, तभी तेज रफ्तार बस ने बाइक को ठोकर मार दी, जिसमें सवार 25 वर्षीय सचिन सिंह की मौके पर मौत हो गई। वहीं, दूसरा बाइक सवार युवक गंभीर घायल हुआ है। घटना जैतपुर थाना क्षेत्र में हुई है। जानकारी के अनुसार, जैतपुर थाना क्षेत्र के मडसा गांव में तेज रफ्तार बस ने बाइक को ठोकर मार दी, जिसमें सवार एक युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया तो दूसरा गंभीर रूप से घायल हुआ। मृतक सचिन सिंह (25) उमरिया जिले के मानपुर का रहने वाला था। पुलिस ने बताया कि सचिन अपने जीजा के घर मडसा दो दिन पहले ही घूमने आया था। बाइक में दो लोग थे सवार परिजनों ने बताया कि सचिन अपने एक दोस्त के साथ बाइक से बाजार जा रहा था, तभी रास्ते में यह सड़क दुर्घटना हुई है। इसमें सचिन की मौत हो गई तो वहीं उसके दोस्त की हालत नाजुक है। स्थानीय लोगों के अनुसार, नर्मदा कंपनी की बस ने बाइक सवार युवकों को मडसा जंगल के पास ठोकर मार कर भाग गई थी। इसके बाद स्थानीय लोगों ने बस का पीछा किया और बस को चालक सहित पुलिस के हवाले कर दिया है।

# सड़क हादसे में घायल युवक की मौत

**जबलपुर, देशबन्धु।** गोहलपुर पुलिस ने बताया कि कटंगी के ग्राम कुसली निवासी 17 वर्षीय रोहित रैकवार बीती रात कुसली-मुरई मार्ग में हुए सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हुआ था। जिसे उसके चाचा ने गोहलपुर क्षेत्र के एक निजी अस्पताल में उपचार के लिये भर्ती कराया था। जहां उपचार दौरान देररात रोहित की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही करते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

# आदेश के पांच महीने बाद भी डाटा एंट्री ऑपरेटर की नियुक्ति नहीं

## पीएचसी गोसलपुर का मामला, घोर लापरवाही बरत रही ग्लो एन गाड कंपनी, पत्राचार तक सिमटी प्रक्रिया

**गोसलपुर, देशबन्धु।.** जबलपुर जिला अंतर्गत सिहोरा विकासखंड के तहत गोसलपुर कस्बे में संचालित पीएचसी गोसलपुर में मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत डिलेवरी प्वाइंट हेतु आउटसोर्स सपोर्ट स्टाफ उपलब्ध कराए जाने वास्ते मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय मिश्रा द्वारा 13 जुलाई को ग्लो एन गाड कंपनी को आदेशित किया गया था।

की सिहोरा विकासखंड के अंतर्गत मझगंवा एंव गोसलपुर एवं मझौली पीएचसी में डाटा एंट्री ऑपरेटर की नियुक्ति की जावे परंतु ग्लो एन गाड कंपनी की हठधर्मिता के चलते सीएमएचओ के आदेश जारी हुए पांच माह गुजर जाने के बावजूद पीएचसी गोसलपुर में डाटा एंट्री ऑपरेटर की नियुक्ति नहीं हो पाई आपको बता की इस पद के इच्छुक उम्मीदवार श्रीमती

निधि त्रिपाठी निखिल श्रीवास्तव दीपक यादव राहुल कोरी प्रतीक्षा जैन सहित अनेक इच्छुक उम्मीदवार कंपनी के जबलपुर स्थित ऑफिस जाकर इंटरव्यू व टाइपिंग टेस्ट दे चुके हैं परंतु इन्हें कोई भी संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया उम्मीदवारों ने बताया की कंपनी के दफ्तर में पदस्थ मैनेजर द्वारा उम्मीदवारों से सौहार्दपूर्ण ढंग से बात भी नहीं की जाती जिसके चलते उम्मीदवारों के मन में आक्रोश व्याप्त है गौरतलब है की मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी सिहोरा के द्वारा 6 अप्रैल 2024 को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को पीएचसी गोसलपुर में डाटा एंट्री ऑपरेटर उपलब्ध कराने के लिए मांग पत्र भेजा गया था जिसके तारतम्य में सीएमएचओ द्वारा गोसलपुर मझगंवा में मेटरनिटी विंग सेवाओं को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु एक-एक डाटा एंट्री ऑपरेटर पदस्थ करने के निर्देश जारी किए गए थे परंतु कंपनी की तानाशाही लापरवाही के चलते सीएमएचओ का यह आदेश पिछले पांच महीने से धरा का धरा रह गया बताया जाता है की उम्मीदवारों के कंपनी द्वारा रिज्यूम तो ले लिए जाते हैं परंतु उन्हें किसी भी प्रकार का कोई जवाब नहीं दिया जाता रिज्यूम कचरे की टोकनी मे फेंक दिए जाते है प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की प्रभारी डॉक्टर नेमपोली खरे ने बताया की शासन के द्वारा स्वीकृत डाटा एंट्री ऑपरेटर की नियुक्ति के संबंध में तीन बार स्मरण पत्र वरिष्ठ कार्यालय को भेजे जा चुके हैं पत्र में उल्लेख किया गया है की शीघ्रता से स्वीकृत पद पर डाटा एंट्री ऑपरेटर पदस्थ किया जाए संस्था का कार्य बाधित हो रहा है परंतु इस ओर कोई भी ध्यान नहीं दिया गया

इस संबंध में जब राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के जिला प्रबंधक विकासखंड प्रबंधक से बात की गई तो उनके द्वारा टालमटोल जबाब दिया जा रहा है लोगों का कहना है की कहीं ऐसा तो नहीं ग्लो एन गार्ड कंपनी द्वारा कागजों में डाटा एंट्री ऑपरेटर की नियुक्ति करके पेमेंट निकाली जाती हो आपको बता दें की जिले के अंतर्गत कंपनी के द्वारा आउट सोर्सेस कर्मचारियों की नियुक्ति की जाती है परंतु उनके द्वारा पीएचसी गोसलपुर में अभी तक डाटा एंट्री ऑपरेटर की नियुक्ति न करना एक संदेह का विषय है जनसेवा समिति के अध्यक्ष हेमचंद असाटी ने इस संबंध में मिशन संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्य प्रदेश भोपाल एवं उपसंचालक मातृ स्वस्थ मानव संसाधन राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्य प्रदेश भोपाल जिला कलेक्टर दीपक सक्सेना को पत्र लिखकर जल्द पीएचसी गोसलपुर में डाटा एंट्री ऑपरेटर की नियुक्ति करने की मांग की है एवं लापरवाही बरतने वाली कंपनी के ऊपर कठोर कार्यवाही की मांग की है

इनका कहना है...

पीएचसी गोसलपुर में डाटा एंट्री ऑपरेटर की नियुक्ति के संबंध में हमारे द्वारा अनेकों बार मांग पत्र भेजा जा चुका है नियुक्ति जिला मुख्यालय से होना है

**डॉ.अर्शिया खान**
**मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी**
**सिहोरा**

इनका कहना है......

पीएचसी गोसलपुर मे तत्काल डाटा एंट्री आपरेटर की नियुक्ति के आदेश सबंधित एजेंसी को दिए जायेगे

**डां. संजय मिश्रा**
**सीएमएचओ**

## भारतीय उच्चायोग पहुंचे बांग्लादेशी सरकार के प्रमुख मुहम्मद यूनुस, मनमोहन सिंह को दी श्रद्धांजलि

**ढाका।** बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस ने मंगलवार को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। मनमोहन सिंह का पिछले सप्ताह निधन हो गया था। प्रोफेसर यूनुस ने ढाका स्थित भारतीय उच्चायोग में जाकर डॉ. मनमोहन सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने उच्चायोग में खोली गई शोक पुस्तक में अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। भारत दिवंगत प्रधानमंत्री के सम्मान में सात दिवसीय शोक मना रहा है। भारतीय उच्चायुक्त प्रणय कुमार वर्मा ने सुबह 11:30 बजे बारीधारा स्थित उच्चायोग में मुख्य सलाहकार का स्वागत किया। प्रोफेसर यूनुस ने उच्चायुक्त से संक्षिप्त बातचीत की और डॉ. मनमोहन सिंह के साथ अपनी मित्रता के पलों को साझा किया। उन्होंने कहा, वे कितने सरल और बुद्धिमान व्यक्ति थे! उन्होंने यह भी कहा कि डॉ. सिंह ने भारत को वैश्विक आर्थिक शक्ति बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# पाकिस्तान में तेजी से फैलने लगा पोलियो, सरकार परेशान



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में पोलियो वैक्सीन को लेकर अंधविश्वास के चलते अब तक इस खतरनाक वायरस पर जीत नहीं मिल पाई है। बीते दिनों कई ऐसी घटनाएं सामने आई हैं जब पोलियो वैक्सिनेशन टीम पर हमला किया गया है। इसके अलावा कई बार लोग अपने बच्चों को वैक्सीन देने को तैयार नहीं होते हैं।

इसके चलते पाकिस्तान में पोलियो के कई मामले सामने आ चुके हैं। हाल ही में पोलियो का एक और मामला सामने आया है, जिससे इस वर्ष देश में पोलियो के कुल मामलों की संख्या बढ़कर 68 हो गई है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान (एनआईएच) ने सोमवार को एक बयान में बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान में पोलियो उन्मूलन के लिए क्षेत्रीय संदर्भ प्रयोगशाला ने पोलियोवायरस टाइप-1 के मामले का पता लगाया। नवीनतम मामले की पुष्टि, देश के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के डेरा इस्माइल खान जिले से हुई। उन्होंने कहा कि यह इस साल डेरा इस्माइल खान से 10वां पोलियो मामला है। आंकड़ों से पता चला कि कुल 68 मामलों में से 27 दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत से, 20 उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत से, 19 दक्षिणी सिंध प्रांत से और एक-एक पूर्वी पंजाब प्रांत और राजधानी इस्लामाबाद से दर्ज किए गए। गौरतलब है कि पाकिस्तान पोलियो कार्यक्रम एक वर्ष में कई सामूहिक टीकाकरण अभियान चलाता है, जिससे बच्चों को उनके घर तक टीका पहुंचाया जाता है।

एनआईएच ने लोगों को बताया कि पांच साल से कम उम्र के सभी बच्चों को पोलियो वैक्सीन की कई खुराकें देना और नियमित टीकाकरण कार्यक्रम को पूरा करना इस बीमारी के खिलाफ बच्चों को उच्च प्रतिरक्षा प्रदान करने के लिए आवश्यक है। इस महीने की शुरुआत में 143 जिलों में बड़े पैमाने पर टीकाकरण अभियान चलाया गया था, जिसका लक्ष्य पांच साल से कम उम्र के चार करोड़ से अधिक बच्चों को टीका लगाना था। एनआईएच ने कहा कि अभियान का दूसरा चरण सोमवार को शुरू हुआ, जिसमें बलूचिस्तान प्रांत के बच्चों को टीका लगाया जाएगा।

पंजाब सरकार ने किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल को अस्पताल में भेजने के उच्चतम न्यायालय के निर्देश के अनुपालन के लिए और तीन दिन का समय मांगा। पंजाब सरकार ने कहा कि प्रदर्शनकारी किसानों के साथ विभिन्न स्तरों पर बातचीत जारी है।

# कनाडा, ग्रीनलैंड और पनामा की बात छेड़ पुतिन की मदद कर रहे हैं ट्रंप?



**वाशिंगटन।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जल्द ही पदभार संभालेंगे। इससे पहले वह अपने बयानों को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। बीते कुछ दिनों से उन्होंने एक ऐसी बहस छेड़ दी है जो रूस के लिए फायदेमंद साबित हो सकती है। हाल ही में ट्रंप ने कई बार ग्रीनलैंड, कनाडा और पनामा नहर को अमेरिका में शामिल करने की बात की है। उनकी इस टिप्पणी को लेकर विवाद भी हुए हैं। हालांकि रूस को इन बयानों से फायदा पहुंच सकता है। एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है कि ट्रंप के इन बयानों को रूस में व्लादिमीर पुतिन को एक तोहफे के रूप में देखा जा रहा है। हाल ही में द इवनिंग विद व्लादिमीर सोलोविओव नाम के एक टेलीविजन शो के दौरान होस्ट व्लादिमीर सोलोविओव ने बताया कि ट्रंप की योजनाओं और रूस की महत्वाकांक्षाओं के बीच काफी समानांतर रेखाएं हैं।

सोलोविओव ने कहा, ट्रंप ने घोषणा की है कि अमेरिका अपनी सीमाओं का विस्तार करेगा। अगर ट्रंप ग्रीनलैंड, पनामा और कनाडा ले सकते हैं तो रूस फिनलैंड, बाल्टिक और अलास्का को वापस क्यों नहीं ले सकता? रूसी टीवी पर विशेषज्ञों ने तर्क दिया कि क्षेत्रीय विस्तार के लिए ट्रंप को दृष्टिकोण पुतिन के से मेल खाता है। रूस से जुड़े सूत्र ट्रंप के इन बयानों को रूस की बढ़ती क्षेत्रीय महत्वाकांक्षाओं के समर्थन में देख रहे हैं। रूसी टीवी चैनलों पर ट्रंप की इन टिप्पणियों का जोरदार ढंग से स्वागत किया गया है। रूसी चैनल के मुताबिक ट्रंप का यह बयान पुतिन की मदद कर रहा है। इस तरह के बयान रूस के 2014 के क्रीमिया पर कब्जे को वैध बनाने में मदद कर रहे हैं।

यहां तक कि यह रूस के यूक्रेन पर नियंत्रण के विस्तार करने के विचार से भी मेल खाते हैं। ट्रंप ने पहले भी पुतिन के क्रीमिया पर आक्रमण और कब्जा करने के कदम की तारीफ की है। उन्होंने इसे प्रतिभाशाली और समझदारी वाला कदम कहा था। रूस के द वीकली न्यूज के होस्ट दिमित्री किसेलेव ने बीते दिनों एक शो के दौरान कहा, ट्रंप मजाक नहीं कर रहे हैं। वह अमेरिका की क्षेत्रीय महत्वकांक्षाओं का विस्तार करने के लिए दृढ़ हैं।

## आज का इतिहास

1664–छत्रपति शिवाजी ने सूरत अभियान शुरू किया।
1862–'भारतीय दंड संहिता' लागू किया गया।
1877–इंग्लैण्ड की महारानी विक्टोरिया भारत की साम्राज्ञी बनी।
1915–महात्मा गांधी को दक्षिण अफ्रीका में उनके कार्यों के लिये वायसरॉय ने 'केसर-ए-हिंद' से सम्मानित किया।
1941–भारतीय हिन्दी फ़िल्मों के ख्याति प्राप्त हास्य अभिनेता असरानी का जन्म।
1949–कश्मीर में युद्धविराम की घोषणा हुई।
1955–भूटान ने पहला डाक टिकट जारी किया गया।
1959–बिहार की राजनीतिज्ञ तथा लालू प्रसाद यादव की पत्नी राबड़ी देवी का जन्म।
1964–भारतीय थल सेना के प्रथम थल सेनाध्यक्ष राजेन्द्र सिंहजी जडेजा का निधन।
1978–हिन्दी फ़िल्मों की अभिनेत्री विद्या बालन का जन्म।
1978–बम्बई (अब मुंबई) में एयर इंडिया के जंबो जेट बोइंग-747 विमान हादसे में 213 लोगों की मौत हुई।

## सुडोकू 6782

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | 8 | 3 | 5 | | | |
| | | | | | 2 | 3 | 6 | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | 1 | | 7 | 9 | | 4 | | |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| | | 7 | | 8 | 3 | | 2 | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| | 5 | 3 | 6 | | | | | |
| | | | 4 | 7 | 8 | | | 3 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## हाथ से हाथ मिलाकर बढ़ रहे आगे, शी जिनपिंग ने व्लादिमीर पुतिन को नए साल के संदेश में क्या कहा



चीन के राष्ट्रपति शी चिनपिंग ने मंगलवार को रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन को नए साल की शुभकामना दी। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि चीन और रूस के संबंध उच्च स्तर की ओर बढ़ रहे हैं और दोनों देश एकजुट होकर गैर-गठबंधन, गैर-टकराव के उचित रास्ते पर आगे बढ़ रहे हैं। चिनपिंग और पुतिन ने हाल के वर्षों में अपने प्रगाढ़ होते रणनीतिक संबंधों का जिक्र करते हुए नए साल की शुभकामनाएं दीं। शी जिनपिंग ने अपने संदेश में कहा, 'ऐसी सदी में तेजी से हुए परिवर्तन और अस्थिर अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य के बीच चीन और रूस हमेशा गैर-गठबंधन, गैर-टकराव और किसी तीसरे पक्ष को निशाना नहीं बनाने के रास्ते पर हाथ से हाथ मिलाकर आगे बढ़ रहे हैं।' व्लादिमीर पुतिन ने अपने संदेश में कहा कि दोनों देशों ने नए युग के लिए समन्वय की खातिर रूस-चीन व्यापक रणनीतिक साझेदारी को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, रूसी राष्ट्रपति ने कहा कि चीन और रूस की अर्थव्यवस्था व्यापार, ऊर्जा, परिवहन, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के बीच परस्पर लाभकारी सहयोग सुव्यवस्थित तरीके से आगे बढ़ रही है। दोनों नेताओं ने 20 जनवरी को अमेरिका के निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण से पहले एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं।

**चीन के प्रति अमेरिकी नीति को सख्त बनाने के मूड में ट्रंप-** डोनाल्ड ट्रंप ने चीन के प्रति अमेरिकी नीति को सख्त बनाने के अलावा अमेरिका को चीनी निर्यात पर दंडात्मक शुल्क लगाने की धमकी दी है। साथ ही, यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के लिए पुतिन के साथ गर्मजोशी से पेश आने का संकेत दिया है। दूसरी ओर, पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा है कि देश के दक्षिण पश्चिम बलूचिस्तान प्रांत में न्यू ग्वादर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा चीन और पाकिस्तान के बीच मित्रता का एक प्रतीक है। शरीफ ने हवाई अड्डे की प्रगति की समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के लोग और सरकार अंतरराष्ट्रीय मानकों व आधुनिक सुविधाओं वाला हवाई अड्डा बनाने के लिए चीन के आभारी हैं। उन्होंने कहा, नया ग्वादर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा न केवल क्षेत्र में समृद्धि लाएगा बल्कि हजारों लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी पैदा करेगा।

# एक ने दहलाया, दूसरा सीजफायर की शर्त से मुकरा अचानक दादागिरी पर क्यों उतर आए हमास और हूती



**तेलअवीव।** नए साल से ठीक पहले इजरायल को दोहरे झटके लगे हैं। यमन से हूती विद्रोहियों ने इजरायल पर हमला करना शुरू कर दिया है। नए साल से पहले ही इजरायल अब दो नहीं तीन मोर्चों के खिलाफ सीधी लड़ाई में उतर आया है। हमास और हिजबुल्लाह के साथ इजरायली की जंग जारी है।

दूसरी ओर गाजा में सीजफायर को लेकर हमास और इजरायल की बातचीत में रोड़ा आ गया है। इजरायली मीडिया की रिपोर्ट है कि हमास ने शर्त के मुताबिक 34 कैदियों को रिहा करना था, लेकिन हमास ऐन वक्त पर मुकर गया है। इजरायल पर दोहरी मार ऐसे वक्त में हो रही है, जब पीएम बेंजामिन नेतन्याहू प्रोस्टेट सर्जरी के बाद अस्पताल में भर्ती हैं। इजरायली सेना ने सोमवार देर रात बताया कि उनकी वायु रक्षा प्रणाली ने यमन से इजरायल पर दागे गए एक बैलिस्टिक मिसाइल को रोक दिया। हालांकि हमलों के कारण पूरे मध्य इजरायल में सायरन बजने लगे। यह दो सप्ताह से भी कम समय में सातवां हमला है। सेना ने बताया कि मिसाइल को इजरायली हवाई क्षेत्र में प्रवेश करने से पहले ही रोक लिया गया। मलबा गिरने के डर से रात 11 बजे के बाद देश के मध्य हिस्से में सायरन बजने लगे। मिसाइल के मलबे के कारण कोई बड़ी क्षति नहीं हुई, लेकिन इसका एक बड़ा टुकड़ा यरूशलम के निकट बेत शेमेश शहर के रमत बेत शेमेश अलेफ इलाके में गिरा है।

**इजरायल ने हूतियों को दी वार्निंग-** 'द टाइम्स ऑफ़ इज़रायल' अखबार ने नेतन्याहू के हवाले से कहा हम अभी उनके साथ शुरुआत कर रहे हैं। हम उन्हें इन दिनों, आज और किसी भी दिन (इज़रायल पर हमला करने की) अनुमति नहीं देंगे। जब तक वे सीख नहीं लेते तब तक हम उन पर अंतिम प्रहार करेंगे। जैसा कि मैंने कहा- हमास ने सीख लिया, हिजबुल्लाह ने सीखा और सीरिया ने सीखा, अब हूती भी सीखेंगे।

कान सार्वजनिक प्रसारक की रिपोर्ट के अनुसार, हमास आतंकवादी समूह ने बंधकों की उस सूची को अस्वीकार कर दिया है, जिसके बारे में इजरायल का कहना है कि हमास को युद्ध विराम समझौते के प्रथम चरण के दौरान 34 कैदियों को रिहा किया जाना चाहिए। रिपोर्ट के अनुसार, हमास सूची में शामिल 34 बंधकों में से 22 को रिहा करने को तैयार है, लेकिन अन्य 12 की रिहाई से इनकार कर रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि गाजा आतंकवादी समूह ने समझौते के पहले चरण के दौरान 22 जीवित बंधकों और 12 शवों को छोड़ने की पेशकश की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इजरायल ने हमास के इस प्रस्ताव को मानने से इनकार कर दिया है।

## हमास और हिजबुल्लाह वाला हाल होगा, इजरायल ने हूतियों को दे दी चेतावनी




**तेलअवीव।** इजरायल में दो मिसाइल गिरने के बाद ईरान सर्थित यमन के हूती विद्रोहियों को आखिरी चेतावनी जारी कर दी गई है। यूएन में इजरायल के राजदूत डैनी डेनन ने ईरान और यमन दोनों को चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर फिर इस तरह का हमला हुआ तो मध्य एशिया में किसी भी जगह को निशाना बनाया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि ईरान की किसी भी हरकत को इजरायल बर्दाश्त नहीं करने वाला है। इजरायल ने कहा है कि ईरान और हूतियों का भी वही हस्र होगा जो कि हमास, हिजबुल्लाह और सीरिया में बशर अल असद का हुआ है। इजरायली सेना ने दावा किया था कि उसने यमन से दागी गई मिसाइलों को विफल कर दिया है। इसके अलावा पूरे देश में खतरे के सायरन बजा दिए गए। हूतियों ने तेल अवीव के पास बेन गुरियन एयरपोर्ट और येरुशलम के पास एक पावर स्टेशन को टारगेट किया था। इसके लिए हाइपरसोनिक मिसाइल और जुल्फिकार बलिस्टिक मिसाइल का इस्तेमाल किया गया था। हूतियों के प्रमुख मोहम्मद अली हूती ने कहा कि वे इजरायल पर हमला रोकने वाले नहीं हैं। हूती लगातार ड्रोन और मिसाइल से इजरायल पर हमला करने की कोशिश करते हैं। उनका कहना है कि गाजा और लेबनान में हुए अत्याचार का बदला लेने के लिए वे ऐसा कर रहे हैं। वहीं डैनन ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में कह दिया कि अब इजरायल हूतियों के हमले को ज्यादा बर्दाश्त नहीं करेगा। डैनन ने कहा, हम याद दिलाना चाहते हैं कि हमास, हिजबुल्लाह और असद के साथ क्या हुआ। उन लोगों ने भी इजरायल को टारगेट करने की कोशिश की थी। इसलिए यह आखिरी चेतावनी है। यह धणकी नहीं बल्कि वादा है। तुम्हारी भी हालत खराब हो जाएगी। पिछले सप्ताह प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भी हूतियों को चेतावनी दी थी। 7 अक्टूबर 2023 को हमास के हमले के बाद से इजरायल ने गाजा को तबाह कर दिया।

जब हिजबुल्लाह ने सिर उठाया तो उसे कुचल दिया गया। इसके अलावा सीरिया में तख्तापलट हुआ और इजरायल ने अपने सैन्य ठिकाने बना लिए।

## वर्ग पहेली 6782




**बायें से दायें:-**

१. वह सरकारी कर्मचारी जो किसी पत्र-पत्रिका, फिल्म, पुस्तक या सेवा संबंधी सूचनाओं का परीक्षण कर आपत्तिजनक अंशों को निकाल देता है (सेंसर)
४. देर करना, देर होना
६. किरण
७ वध करना, हानि पहुंचाना
८. निर्लज्ज
१०. बराबरी
१२. किसी विशेष संकल्प के लिए किया गया उपवास
१३. प्रमुख, प्रधान
१४. तुलसी
१५. आवरणहीन, उजागर, प्रगट (उर्दू) :
१६. अंधकार
१८. होंठ
२०. शोभा, सजावट(उर्दू)
२२. कुशल, भलाई (उर्दू)
२४. चांदी का पर्वत

**ऊपर से नीचे:-**

१. मध्यान्ह
२. पद-कार्यावधि की दृष्टि से होने वाली वेतन वृद्धि की सलिका
३. ब्रह्मा
४. अजीबपन
५. पथिक राहगीर
९. मानचित्रकार (उर्दू)
११. इकट्ठा करना, जमा करना
१२. युवावस्था, जवानी (उर्दू)
१३. सवेरा, भोर
१४. खूशबू
१५. बेमिसाल, अनुपम (उर्दू)
१६. दूसरा समय
१८. दक्षिण भारत का एक पर्वत
१९. अस्तित्व
२०. उपपत्नी (उर्दू)
२३. एवं, और

### वर्ग पहेली-6781



यूसुफ कुरैशी, मो. 8109948408



## बर्फ से ढके परिदृश्यों के बीच नव वर्ष मनाने को कश्मीर घाटी तैयार

# शीतकालीन खेलों के प्रति उत्साही पर्यटकों में रोमांच बढ़ा

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** (देशबन्धु)। बर्फ के साथ अठखेलियां करने वालों को गुलमर्ग की बर्फ पुकार रही है। बर्फ से चारों ओर से घिरी वादियां कह रही हैं, बस एक बार चले आओ। आने वालों के लिए गुलमर्ग के विश्व प्रसिद्ध स्की रिसार्ट में बहुप्रतीक्षित शीतकालीन खेल सत्र आधिकारिक तौर पर शुरू भी हो गया है।

इस सत्र का उद्घाटन समारोह का नेतृत्व गुलमर्ग विकास प्राधिकरण (जीडीए) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) तारिक हुसैन ने किया, जिन्होंने शीतकालीन खेलों के प्रति उत्साही और पर्यटकों के लिए एक रोमांचक समय की शुरुआत की।

इस आयोजन का हर साल बेसब्री से इंतजार किया जाता है और यह नए साल के जश्न के लिए बिल्कुल सही समय पर आया है। यह सच है कि कश्मीर वादी में हाल ही में हुई बर्फबारी के बाद, विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल गुलमर्ग में पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि देखी जा रही है। जैसे-जैसे नया साल नजदीक आ रहा है, कई पर्यटकों ने क्षेत्र के खूबसूरत बर्फ से ढके परिदृश्यों के बीच उत्सव मनाने के लिए होटल आरक्षण करवा लिया है। मुंबई की एक पर्यटक खुशी ने कश्मीर की अपनी पहली यात्रा के बारे में पत्रकारों से बात की। उसने बताया कि उन्होंने श्रीनगर और पहलगाम भी घूमे हैं। खुशी के शब्दों में, हमने हमेशा सुना था कि कश्मीर धरती पर स्वर्ग है, लेकिन इसे अपनी आखों से देखना हमारी उम्मीदों से परे था। यह उन तस्वीरों और सोशल मीडिया पोस्ट से भी ज्यादा आश्चर्यजनक है, जो हमने देखी हैं। खुशी के परिवार ने द्रुंग में जमे हुए झरने का भी दौरा किया और गुलमर्ग में रात बिताने की योजना बनाई है। इसी तरह से उत्तराखंड के देहरादून की एक पर्यटक नुपुर ने कश्मीर की सुंदरता और उसके लोगों की गर्मजोशी के लिए अपनी प्रशंसा साझा की। वे कहती थीं कि कश्मीर धरती पर सबसे खूबसूरत जगहों में से एक है, और मैं अपने जीवनकाल में इसका अनुभव करने के लिए खुद को भाग्यशाली महसूस करती हूं। नुपुर का कहना था कि स्थानीय लोग अविश्वसनीय रूप से मददगार हैं। जब हम शुक्रवार की बर्फबारी के बाद सोनमर्ग में फंस गए थे, तो गंदरबल जिले के गुंड के ग्रामीणों ने हमें अपने घरों में मुफ्त आवास और भोजन की पेशकश की।



■ बर्फबारी के बाद कश्मीर वादी हुई गुलजार

अधिकारियों के मुताबिक, पर्यटन में वृद्धि स्पष्ट है, खासकर गुलमर्ग में, जहां अन्य भारतीय राज्यों से पर्यटकों की संख्या बढ़ रही है। कई लोग इस क्षेत्र में नए साल का जश्न मनाना पसंद कर रहे हैं, बर्फबारी और छुट्टी के माहौल दोनों का आनंद ले रहे हैं।

# खेल जगत

## सुधांशु मित्तल ने खो खो विश्वकप का कार्यक्रम जारी किया

**नई दिल्ली।** खो खो विश्वकप आयोजन समिति के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने मंगलवार कहा कि आगामी 13 जनवरी से भारत और नेपाल के बीच मुकाबले से इस टूर्नामेंट की शुरुआत होगी। श्री मित्तल ने आज यहां खो खो विश्वकप का कार्यक्रम जारी करते हुए कहा कि पहला मुकाबला भारत और नेपाल के बीच 13 जनवरी को इन्दिरा गाँधी इंडोर स्टेडियम में शाम सात बजे होगा। विश्वकप के लिए पुरुष और महिला टीमों को चार-चार वर्गों में बांटा किया गया। पुरुष वर्ग के ग्रुप ए में भारत, नेपाल, पेरू, ब्राजील और भूटान है। ग्रुप बी में दक्षिण अफ्रीका, घाना, अर्जेंटीना, नीदरलैंड और ईरान है। ग्रुप सी में बंगलादेश, श्रीलंका, दक्षिण कोरिया, अमेरिका और पोलैंड है जबकि ग्रुप डी में इंग्लैंड, जर्मनी, मलेशिया, ऑस्ट्रेलिया और केन्या को रखा गया है। वहीं महिला वर्ग के ग्रुप ए में भारत, ईरान, मलेशिया और दक्षिण कोरिया हैं।



# पंत की आलोचना विफलता के लिए करें, आउट होने के तरीके के लिए नहीं : मांजरेकर

**नई दिल्ली,** 31 दिसम्बर (एजेंसियां)। भारत के पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने ऋषभ पंत का बचाव करते हुए आलोचकों से विकेटकीपर-बल्लेबाज के आउट होने के तरीके के बजाय उनके परिणामों पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया है। यह टिप्पणी मेलबर्न में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टेस्ट के दौरान पंत के विवादास्पद शॉट चयन के मद्देनजर आई है, जिसने भारत के पतन और अंततः 184 रन की हार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मेलबर्न टेस्ट की दूसरी पारी के दौरान, जब भारत मैच बचाने के लिए संघर्ष कर रहा था, तब पंत ट्रेविस हेड की गेंद पर जोखिम भरा छक्का लगाने के प्रयास में गिर गए। गलत समय पर शॉट लगाने के कारण वह आउट हो गए और भारतीय बल्लेबाजी क्रम चरमरा गया, जिसके कारण वे 5वें दिन के अंतिम 91 ओवरों में टिक नहीं पाए। भारत की हार ने उन्हें बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 1-2 से पीछे कर दिया, जिससे भारत की डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचने की उम्मीदों को नुकसान पहुंचा, जिससे पंत के शॉट चयन की व्यापक आलोचना हुई। हालांकि, मांजरेकर ने एक बारीक दृष्टिकोण पेश किया, जिसमें उन्होंने दावा किया कि पंत की आलोचना उनके आउट होने के तरीके के बजाय बड़े स्कोर बनाने में उनकी विफलता के लिए की जानी चाहिए। सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर, मांजरेकर ने पंत की प्रभावशाली टेस्ट साख को उजागर किया, साथ ही उनके आउट होने के तरीके का अधिक विश्लेषण करने के खिलाफ चेतावनी दी। मांजरेकर ने पोस्ट किया, पंत की आलोचना केवल उनकी विफलताओं के लिए की जानी चाहिए, न कि उनके विफल होने के तरीके के लिए। टेस्ट में उनका औसत 42 है और किसी भारतीय द्वारा खेली गई कम से कम 3 बेहतरीन पारियां हैं! 42 टेस्ट में, उन्होंने 6 शतक और 7 नाइंटीज बनाए हैं। वह एक महान खिलाड़ी है, जो पर्याप्त रन नहीं बना पा रहा है और यही इसका सार है। मांजरेकर की टिप्पणी ने मैच विजेता के रूप में पंत के रिकॉर्ड को रेखांकित किया, जिन्होंने अपने युवा करियर में कई बार दबाव में अच्छा प्रदर्शन किया है, जिसमें ऑस्ट्रेलिया में ऐतिहासिक प्रदर्शन भी शामिल है। मौजूदा सीरीज में पंत का योगदान निराशाजनक रहा है, बाएं हाथ के इस खिलाड़ी ने चार मैचों (सात पारियों) में 22 की औसत से सिर्फ 154 रन बनाए हैं। सीरीज में उनका उच्चतम स्कोर 37 रन रहा, जो उनके करियर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के बिल्कुल विपरीत है। पंत बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में शानदार फॉर्म में थे, वे न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत की पिछली सीरीज में तीन मैचों में 261 रन बनाकर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे थे। इस साल की शुरुआत में चेन्नई में बांग्लादेश के खिलाफ उनके शानदार शतक ने 21 महीने बाद टेस्ट में उनकी वापसी को और बढ़ा दिया।

■ पंत की आलोचना केवल उनकी विफलताओं के लिए की जानी चाहिए, न कि उनके विफल होने के तरीके के लिए : मांजरेकर



# 2025 में भारतीय शटलरों की नजरें ऑल इंग्लैंड, विश्व चैम्पियनशिप पर

**नई दिल्ली,** 31 दिसम्बर (एजेंसियां)। 2024 में मिले-जुले नतीजों का सामना करने के बाद, भारतीय शटलर नए साल के लिए उत्साह के साथ तैयार होंगे क्योंकि सीजन की शुरुआत मलेशिया ओपन और इंडिया ओपन के साथ हुई है, लेकिन मुख्य फोकस सबसे प्रतिष्ठित ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप और विश्व चैंपियनशिप के साथ-साथ अन्य बड़े आयोजनों पर होगा। भारतीय शटलरों ने 2024 बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर में कुल पांच खिताब जीते हैं। पांच खिताबों में से एक-एक पुरुष और महिला एकल में, दो पुरुष युगल में और एक महिला युगल में है। नए सत्र की शुरुआत एशियाई स्विंग के साथ होगी क्योंकि सुपर 1000 टूर्नामेंट, मलेशिया ओपन, 7 जनवरी को कुआलालंपुर में शुरू होगा, इसके बाद इंडियन ओपन होगा, जो एक सुपर 750 इवेंट है, जो 14-19 जनवरी को देश की राजधानी में निर्धारित है। इंडोनेशिया मास्टर सुपर 500 (21 से 26 जनवरी) और थाईलैंड मास्टर्स सुपर 300 (28 जनवरी से 2 फरवरी) एशियाई सर्किट का समापन करेंगे, जिसके बाद यूरोप में मुकाबले शुरू होंगे। यूरोपीय लेग की शुरुआत बर्मिंघम के यूटिलिटा एरिना में 11 से 16 मार्च तक चलने वाले दुनिया के सबसे पुराने और सबसे प्रतिष्ठित बैडमिंटन टूर्नामेंट ऑल इंग्लैंड ओपन से होगी। भारतीय शटलर लंबे समय से ऑल इंग्लैंड ओपन में भाग ले रहे हैं, लेकिन 1980 से 2024 के बीच पांच फाइनल में पहुंचने के साथ अब तक केवल दो खिताब ही जीत पाए हैं। बैडमिंटन के दिग्गज प्रकाश पादुकोण एकमात्र भारतीय हैं, जो दो बार ऑल इंग्लैंड ओपन के फाइनल में पहुंचे हैं, पहली बार 1980 में, जब उन्होंने प्रतिष्ठित खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बनकर इतिहास रच दिया था। अगले वर्ष, उन्होंने टूर्नामेंट में अपना दूसरा फाइनल खेला, लेकिन अपने पुरुष एकल खिताब का बचाव करने में सफल नहीं हो सके। 21 साल के लंबे इंतजार के बाद, पुलेला गोपीचंद 2001 में ऑल इंग्लैंड ओपन जीतने वाले दूसरे भारतीय बने।

लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साइना नेहवाल 2015 में ऑल इंग्लैंड के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला बनीं और उपविजेता रहीं, जबकि लक्ष्य सेन गोपीचंद के बाद 21 साल में पुरुष फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय पुरुष शटलर बने। हाल ही में शादी के बंधन में बंधने वाली पीवी सिंधु, लक्ष्य सेन, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की गतिशील पुरुष युगल जोड़ी और 2022 और 2023 में लगातार सेमीफाइनल में पहुंचने वाली होनहार महिला युगल जोड़ी ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद सहित स्टार शटलर इस खिताब को जीतने और 24 साल के इंतजार को खत्म करने का प्रयास करेंगे। पूर्व चैंपियन सात्विक और चिराग 2024 में टूर्नामेंट से बाहर होने के बाद चीन के निंगबो में 8 से 13 अप्रैल तक होने वाली बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में पुरुष युगल खिताब बरकरार रखने का लक्ष्य रखेंगे।



■ भारतीय शटलरों ने 2024 बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर में कुल पांच खिताब जीते हैं

■ बैडमिंटन के दिग्गज प्रकाश पादुकोण एकमात्र भारतीय हैं, जो दो बार ऑल इंग्लैंड ओपन के फाइनल में पहुंचे हैं

## फ्रिट्ज, गॉफ ने यूएसए के लिए यूनाइटेड कप क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई

**पर्थ,** 31 दिसम्बर (एजेंसियां)। टेलर फ्रिट्ज़ और कोको गॉफ़ ने मंगलवार को क्रोएशिया के खिलाफ़ 3-0 की जीत के साथ यूएसए को यूनाइटेड कप क्वार्टर फ़ाइनल में पहुंचा दिया। फ्रिट्ज़ ने बोर्ना कोरिच पर 6-3, 6-2 से आसान जीत हासिल की, जिससे यूएसए ग्रुप ए में शीर्ष पर रहा और क्वार्टर फ़ाइनल के लिए क्वालीफाई किया, जहां उनका सामना नए साल के दिन चीन से होगा। इसके बाद गॉफ़ ने डोना वेकिच पर एक प्रभावशाली जीत दर्ज की और फिर फ्रिट्ज़ के साथ मिलकर हफ़्ते की अपनी दूसरी मिश्रित युगल जीत हासिल की। फ्रिट्ज़ ने अपनी एकल जीत के बारे में कहा कि मुझे लगता है कि मैं पहले की तुलना में बिल्कुल अलग खिलाड़ी हूं। यह जीत हासिल करना बहुत अच्छा है, खासकर दूसरे दिन (जहां मैं था) एक सेट और ब्रेक अप (ऑगर-अलियासिमे के खिलाफ़) के बाद। गॉफ ने वेकिच को 6-4, 6-2 से हराकर सीजन के पहले यूनाइटेड कप में अमेरिकी टीम को लगातार दूसरे राउंड-रॉबिन मुकाबलों में दूसरी जीत दिलाई। गॉफ ने मैच के बाद कहा कि मैं आज अपने खेल से बहुत खुश हूं। वह एक बेहतरीन खिलाड़ी है और ओलंपिक में हार से दुखी हुई, इसलिए मैं आज इसे बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा के रूप में सोच रही थी।

## भारतीय गेंदबाजों ने कोंस्टास के फॉरवर्ड डिफेंस में खामी को उजागर किया : ओ' कीफ

■ भारत के खिलाफ चौथे टेस्ट में कोंस्टास दोनों पारियों में इनस्विंग गेंदों पर आउट हुए

**नई दिल्ली,** 31 दिसम्बर (एजेंसियां)। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर केरी ओ' कीफ ने 19 वर्षीय सलामी बल्लेबाज सैम कोंस्टास की बल्लेबाजी तकनीक के बारे में चिंता जताई है, उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर तत्काल समाधान नहीं किया गया तो उनके फॉरवर्ड डिफेंस में खामियां उनके होनहार टेस्ट करियर को पटरी से उतार सकती हैं। ओ' कीफ की आलोचना कोंस्टास के एमसीजी में बॉक्सिंग डे टेस्ट में भारत के खिलाफ संघर्ष के बाद आई है, जहां इनस्विंगिंग डिलीवरी के खिलाफ उनकी कमजोरी उजागर हुई थी। जबकि इनस्विंगिंग डिलीवरी ने कोंस्टास को परेशान किया है, ओं' कीफ का मानना है कि असली समस्या उनकी फॉरवर्ड डिफेंस तकनीक में है। फॉक्स क्रिकेट पर बोलते हुए, ओं' कीफ ने समझाया, भारतीय रणनीतिकारों ने सैम कोंस्टास के फॉरवर्ड डिफेंस में एक समस्या की पहचान की है। यह खामी अब वैश्विक मंच पर उजागर हो गई है और संभवतः दुनिया भर की गेंदबाजी इकाइयों द्वारा इसका लक्ष्य बनाया जाएगा। भारत के खिलाफ चौथे टेस्ट में कोंस्टास दोनों पारियों में इनस्विंग गेंदों पर आउट हुए। पहली पारी में जसप्रीत बुमराह ने उन्हें जल्दी ही परख लिया, हालांकि कोंस्टास बचाव करने के बजाय आक्रमण करके बचने में सफल रहे। हालांकि, दूसरी पारी में बुमराह ने शुरू में आउटस्विंगर फेंकी और फिर कोंस्टास को तैयार किया, लेकिन फिर एक घातक इनस्विंगर फेंकी जिससे उनके स्टंप उखड़ गए। ओं' कीफ ने कहा कि सैम का अगला कंधा पूरी तरह से ढीला हो जाता है।



## अभिषेक और प्रभसिमरन ने 298 रनों की दूसरी सबसे बड़ी ओपनिंग साझेदारी की

**अहमदाबाद,** 31 दिसम्बर (एजेंसियां)। पंजाब की ओपनिंग जोड़ी अभिषेक शर्मा और प्रभसिमरन सिंह ने मंगलवार को अहमदाबाद के गुजरात कॉलेज क्रिकेट ग्राउंड में सौराष्ट्र के खिलाफ विजय हजारे ट्रॉफी मैच के दौरान एक शानदार साझेदारी करके रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज करा लिया। इस जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 298 रनों की शानदार साझेदारी की और 2022 में बंगाल के सुदीप घरामी और अभिमन्यु ईश्वरन द्वारा टूर्नामेंट की दूसरी सबसे बड़ी ओपनिंग साझेदारी की बराबरी है। अभिषेक और प्रभसिमरन की आक्रामक साझेदारी ने पंजाब की पारी के लिए ठोस नींव रखी। प्रभसिमरन ने सबसे पहले अपना शतक पूरा किया, उन्होंने 95 गेंदों पर 125 रन बनाए, जिसमें 15 चौके और तीन छक्के शामिल थे। उनके जोड़ीदार अभिषेक ने और भी शानदार प्रदर्शन किया और मात्र 96 गेंदों पर 170 रन बनाए। उनकी पारी में 22 चौके और आठ गगनचुम्बी छक्के शामिल थे, जिसका सौराष्ट्र के गेंदबाजों के पास कोई जवाब नहीं था। उनकी शानदार पारी ने पंजाब को 32वें ओवर में 300 के पार पहुंचा दिया, जिससे टीम एक बड़े स्कोर की ओर बढ़ रही थी। सलामी बल्लेबाजों द्वारा बनाए गए शानदार प्रदर्शन की बदौलत पंजाब ने अपनी पारी का अंत पांच विकेट पर 424 रन के विशाल स्कोर पर किया। यह स्कोर अब विजय हजारे ट्रॉफी के इतिहास में संयुक्त रूप से पांचवां सबसे बड़ा स्कोर है, जो 2022 में नागालैंड के खिलाफ मध्य प्रदेश के 424 रन की बराबरी करता है।



## पूर्व इंग्लैंड फुटबॉल कोच साउथगेट नए साल की सम्मान सूची में नाइटहुड से सम्मानित

**लंदन,** 31 दिसम्बर (एजेंसियां)। इंग्लैंड के पूर्व पुरुष सीनियर फुटबॉल मैनेजर गैरेथ साउथगेट को 2025 के लिए नए साल की सम्मान सूची में शामिल किया गया है। एफए ने एक विज्ञप्ति में कहा कि इंग्लैंड को चार प्रमुख टूर्नामेंटों में ले जाने और दो यूरो फाइनल और एक विश्व कप सेमीफाइनल में पहुंचाने के बाद, साउथगेट को नाइटहुड से सम्मानित किया गया है, इससे पहले 2019 में उन्हें ओबीई बनाया गया था। गैरेथ ने इस साल की शुरुआत में लगभग आठ साल तक प्रभारी रहने के बाद थ्री लायंस के बॉस के रूप में अपना पद छोड़ दिया, स्पेन के खिलाफ यूईएफए यूरो 2024 फाइनल के बाद 102 मैचों में 61 जीत, 24 ड्रॉ और 17 हार के साथ। यह उनके द्वारा इंग्लैंड के लिए खिलाड़ी के रूप में 57 कैप और दो गोल तथा सीनियर टीम मैनेजर के रूप में नियुक्ति से पहले इंग्लैंड के पुरुष अंडर-21 के प्रभारी के रूप में 37 मैच खेलने के अतिरिक्त है। एफए अध्यक्ष डेबी हेविट ने कहा कि फुटबॉल एसोसिएशन में हम सभी की ओर से, मैं सर गैरेथ को इस अत्यंत योग्य सम्मान के लिए बधाई देता हूं। एक खिलाड़ी, कोच और परिवर्तन-निर्माता के रूप में खेल में अपने पूरे करियर के दौरान, उन्होंने अंग्रेजी फुटबॉल का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि हमारे अब तक के सबसे महान मैनेजरों में से एक, सर गैरेथ की चार प्रमुख टूर्नामेंटों में उल्लेखनीय कोचिंग उपलब्धियों में दो लगातार यूरो फाइनल शामिल हैं, जो हमारे घर से दूर सर्वश्रेष्ठ पुरुष विश्व कप प्रदर्शन की बराबरी करते हैं और



■ गैरेथ लगभग आठ साल तक प्रभारी रहने के बाद थ्री लायंस के बॉस के रूप में अपना पद छोड़ दिया

## जोकोविच ने ब्रिस्बेन में दूसरे दौर में प्रवेश किया

**ब्रिस्बेन,** 31 दिसम्बर (एजेंसियां)। नोवाक जोकोविच ने ब्रिस्बेन इंटरनेशनल में शानदार जीत के साथ एकल मुकाबले में वापसी की, उन्होंने पैट राफ्टर एरिना में ऑस्ट्रेलियाई वाइल्डकार्ड रिंकी हिजिकाता को 6-3, 6-3 से हराया। अक्टूबर के बाद से अपना पहला एटीपी एकल मैच खेलते हुए, सर्बियाई खिलाड़ी ने अपने ट्रेडमार्क सटीकता और लचीलेपन का प्रदर्शन करते हुए अपने 2025 एकल सत्र की शानदार शुरुआत की। डबल्स में जीत के लिए निक किर्गियोस के साथ साझेदारी करने के एक दिन बाद, जोकोविच ने अपने एकल ओपनर में शानदार प्रदर्शन किया। 75 मिनट के दौरान, उन्होंने अपने बेदाग बेसलाइन खेल और अचूक सर्विस से हिजिकाता को पछाड़ दिया, और अपनी पहली सर्विस पर 81 प्रतिशत अंक जीते। 37 वर्षीय खिलाड़ी को एक भी ब्रेक पॉइंट का सामना नहीं करना पड़ा, जो उनके प्रभुत्व को रेखांकित करता है। जोकोविच ने कोर्ट पर अपने साक्षात्कार के दौरान कहा कि मैं हमेशा खुद से कोर्ट पर अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद करता हूं। जाहिर है, जीत तो जीत ही होती है।नए सत्र की शुरुआत जीत के साथ करना बहुत महत्वपूर्ण है। मुझे लगता है कि हिजिकाता आज रात अपने प्रदर्शन के लिए तालियों की गड़गड़ाहट के हकदार हैं, उन्होंने वाकई शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने मुझे जीत के लिए कड़ी मेहनत करने पर मजबूर कर दिया। हिजिकाता ने घरेलू दर्शकों के सामने खेलते हुए उम्मीद की किरण दिखाई, लेकिन जोकोविच के लगभग दोषरहित डिफेंस को भेदने में संघर्ष किया।



# धोनी, पंत, अय्यर फोकस में, आईपीएल 2025 का एक और रोमांचक सीजन का वादा

**नई दिल्ली,** 31 दिसम्बर (एजेंसियां)। वर्ष 2024 का समापन सोमवार को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में बॉक्सिंग डे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया से भारत की 184 रन की शर्मनाक हार के साथ अपने क्रिकेट सीजन के अंत के साथ हो रहा है, नए साल में प्रशंसकों को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 सीज़न सहित कई रोमांचक और मनोरंजक मैच देखने को मिलेंगे, जो 14 मार्च से शुरू होने वाला है और इसका फ़ाइनल 25 मई को होगा। नए संस्करण की शुरुआत से पहले, 10 आईपीएल फ्रेंचाइजी अपनी टीमों को मज़बूत करने के लिए नवंबर में नीलामी में गई थीं। 639.15 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड खर्च के साथ, टीमों ने 62 विदेशी खिलाड़ियों सहित 182 खिलाड़ियों को अपनी टीमों में शामिल किया। भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज और दिल्ली कैपिटल्स के पूर्व कप्तान ऋषभ पंत लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) द्वारा 27 करोड़ रुपये की कीमत पर खरीदे जाने के बाद टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए, जबकि श्रेयस अय्यर पंजाब किंग्स से 26.75 करोड़ रुपये के सौदे के साथ दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी रहे। स्टार जोड़ी के अलावा, ऑलराउंडर वेंकटेश अय्यर (कोलकाता नाइट राइडर्स द्वारा 23.75 करोड़ रुपये में खरीदा गया), तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह (पंजाब किंग्स द्वारा 18 करोड़ रुपये में खरीदा गया), स्पिनर युजवेंद्र चहल (पंजाब किंग्स द्वारा 18 करोड़ रुपये में खरीदा गया), इंग्लैंड के व्हाइट-बॉल कप्तान जोस बटलर (गुजरात टाइटन्स द्वारा 15.75 करोड़ रुपये में खरीदा गया), विकेटकीपर-बल्लेबाज केएल राहुल (दिल्ली कैपिटल द्वारा 14 करोड़ रुपये में खरीदा गया), तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट, जोफ्रा आर्चर और जोश हेजलवुड (मुंबई इंडियंस, राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु द्वारा क्रमशः 12.50 करोड़ रुपये में खरीदा गया) सऊदी अरब के जेद्दा में दो दिवसीय बोली के शीर्ष खरीद थे।



■ 639.15 करोड़ रुपए के रिकॉर्ड खर्च के साथ, टीमों ने 62 विदेशी खिलाड़ियों सहित 182 खिलाड़ियों को अपनी टीमों में शामिल किया

**आईपीएल 2025 सीज़न के लिए सभी टीमें:**

**चेन्नई सुपर किंग्स:** रुतुराज गायकवाड़, मथीशा पथिराना, शिवम दुबे, रवींद्र जड़ेजा, एमएस धोनी, डेवोन कॉनवे, राहुल त्रिपाठी, रचिन रवींद्र, आर. अश्विन, खलील अहमद, नूर अहमद, विजय शंकर, सैम करेन, शेख रशीद, अंशुल कंबोज, मुकेश चौधरी, दीपक हुडा, गुरजपनीत सिंह, नाथन एलिस, जेमी ओवरटन, कमलेश नागरकोटी, रामकृष्ण घोष, श्रेयस गोपाल, वंश बेदी, आंद्रे सिद्धार्थ.

**कोलकाता नाइट राइडर्स:** रिंकू सिंह, वरुण चक्रवर्ती, सुनील नारायण, आंद्रे रसेल, हर्षित राणा, रमनदीप सिंह, वेंकटेश अय्यर, क्विंटन डी कॉक, रहमानुल्लाह गुरबाज़, एनरिक नॉर्टजे, अंगकृष रघुवंशी, वैभव अरोड़ा, मयंक मारकंडे, रोवमैन पॉवेल, मनीष पांडे, स्पेंसर जॉनसन, लवनिथ सिसौदिया, अजिंक्य रहाणे, अनुकूल रॉय, मोइन अली, उमरान मलिक।

**सनराइजर्स हैदराबाद:** पैट कमिंस, अभिषेक शर्मा, नितीश कुमार रेड्डी, हेनरिक क्लासेन, ट्रैविस हेड, मोहम्मद शमी, हर्षल पटेल, ईशान किशन, राहुल चाहर, एडम ज़म्पा, अथर्व ताइदे, अभिनव मनोहर, सिमरजीत सिंह, जीशान अंसारी, जयदेव उनादकट, ब्रायडन कार्स, कामिंडु मेंडिस, अनिकेत वर्मा, ईशान मलिंगा, सचिन बेबी।

**पंजाब किंग्स :** शशांक सिंह, प्रभसिमरन सिंह, अर्शदीप सिंह, श्रेयस अय्यर, युजवेंद्र चहल, मार्कस स्टोइनिस, ग्लेन मैक्सवेल, नेहल वढेरा, हरप्रीत बराड़, विष्णु विनोद, विजयकुमार विशाक, यश ठाकुर, मार्को जानसन, जोश इंगलिस, लॉकी फर्ग्यूसन, अजमतुल्लाह उमरजई , हरनूर पन्नू, कुलदीप सेन, प्रियांश आर्य, एरोन हार्डी, मुशीर खान, सूर्यांश शेडगे, जेवियर बार्टलेट, प्याला अविनाश, प्रवीण दुबे.

**दिल्ली कैपिटल्स:** अक्षर पटेल, कुलदीप, ट्रिस्टन स्टब्स, अभिषेक पोरेल, मिशेल स्टार्क, केएल राहुल, हैरी ब्रूक, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, टी. नटराजन, करुण नायर, समीर रिजवी, आशुतोष शर्मा, मोहित शर्मा, फाफ डु प्लेसिस, मुकेश कुमार, दर्शन नालकांडे, विप्रज निगम, दुष्मंथा चमीरा, डोनोवन फरेरा, अजय मंडल, मनवंत कुमार, त्रिपुराना विजय, माधव तिवारी।

**लखनऊ सुपर जाइंट्स:** निकोलस पूरन, रवि बिश्नोई, मयंक यादव, मोहसिन खान, आयुष बदौनी, ऋषभ पंत, डेविड मिलर, एडेन मार्करम, मिशेल मार्श, आवेश खान, अब्दुल समद, आर्यन जुयाल, आकाश दीप, हिम्मत सिंह, एम. सिद्धार्थ, दिग्वेश सिंह, शाहबाज़ अहमद, आकाश सिंह, शमर जोसेफ, प्रिंस यादव, युवराज चौधरी, राजवर्धन हंगरगेकर, अर्शिन कुलकर्णी, मैथ्यू ब्रीट्ज़के। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु: विराट कोहली, रजत पाटीदार, यश दयाल, लियाम लिविंगस्टोन, फिल साल्ट, जितेश शर्मा, जोश हेजलवुड, रसिख डार, सुयश शर्मा, क्रुणाल पांड्या, भुवनेश्वर कुमार, स्वप्निल सिंह, टिम डेविड, रोमारियो शेफर्ड, नुवान तुषारा, मनोज भंडागे, जैकब बेथेल, देवदत्त पडिक्कल, स्वास्तिक छिकारा, लुंगी एनगिडी, अभिनंदन सिंह, मोहित राठी।

**राजस्थान रॉयल्स:** संजू सैमसन, यशस्वी जायसवाल, रियान पराग, ध्रुव जुरेल, शिमरोन हेटमायर, संदीप शर्मा, जोफ्रा आर्चर, महेश थीक्षाना, वानिंदु हसरंगा, आकाश मधवाल, कुमार कार्तिकेय, नितीश राणा, तुषार देशपांडे, शुभम दुबे, युद्धवीर सिंह, फजलहक फारूकी , वैभव सूर्यवंशी, क्वेना मफाका, कुणाल, अशोक शर्मा।

**मुंबई इंडियंस:** जसप्रीत बुमराह, सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पांड्या, रोहित शर्मा, तिलक वर्मा, ट्रेंट बोल्ट, नमन धीर, रॉबिन मिंज, कर्ण शर्मा, रयान रिकेल्टन, दीपक चाहर, अल्लाह ग़ज़नफ़र, विल जैक, अश्विनी कुमार, मिशेल सेंटनर, रीस टॉपले , कृष्णन श्रीजीत, राज अंगद बावा, सत्यनारायण राजू, बेवॉन जैकब्स, अर्जुन तेंदुलकर, लिज़ाद विलियम्स, विग्नेश पुथुर।

**गुजरात टाइटंस:** राशिद खान, शुभमन, साई सुदर्शन, राहुल तेवतिया, शाहरुख खान, कैगिसो रबाडा, जोस बटलर, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, निशांत सिंधु, महिपाल लोमरोर, कुमार कुशाग्र, अनुज रावत, मानव सुथार, वाशिंगटन सुंदर, गेराल्ड कोएत्ज़ी , अरशद खान, गुरनूर बरार, शेरफेन रदरफोर्ड, साई किशोर, इशांत शर्मा, जयंत यादव, ग्लेन फिलिप्स, करीम जनत, कुलवंत खेजरोलिया।

## सार संक्षेप

### दिल्ली ने त्रिपुरा को 64 रनों से हराया

**हैदराबाद।** तेजस्वी दहिया (114) की शतकीय और सनत सांगवान (54), सुमित माथुर (नाबाद 47), और अर्पित राणा (41) की शानदार पारियों के बाद प्रिंस यादव (चार विकेट) और ईशांत शर्मा (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर दिल्ली की टीम ने मंगलवार को त्रिपुरा को 64 रनों से पराजित किया। दिल्ली के 306 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी त्रिपुरा की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने मात्र एक रन पर अपने दो विकेट गवां दिये। बिक्रमकुमार दास (शून्य) और जीवनजोत सिंह (एक) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद श्रीदम पॉल और कप्तान मनदीप सिंह ने तीसरे विकेट के लिए 95 रन जोड़े। 26वें ओवर में मयंक गुसाईं ने मनदीप सिंह (46) को आउट किया। इसके बाद ईशांत शर्मा ने श्रीदम पॉल (64) को पवेलियन भेज दिया। बिक्रमजीत देबनाथ (45), रजत डे (32), मणिशंकर मुरासिंह (22), राणा दत्ता(20) रन बनाकर आउट हुये। दिल्ली के गेंदबाजी आक्रमण के आगे त्रिपुरा की पूरी टीम 49.2 ओवर में 242 रन पर ढ़ेर हो गई।

### उत्तर प्रदेश ने चंड़ीगढ़ को चार विकेट से हराया

**विजयनगरम।** शिवम मावी (चार विकेट ) और रिंकू सिंह (दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी के बाद सलामी बल्लेबाज आर्यन जुयाल (116) की शतकीय और अभिषेक गोस्वामी (50) की अर्द्धशतकीय पारियों की बदौलत उत्तर प्रदेश ने मंगलवार को विजय हजारे ट्रॉफी में ग्रुप डी के मुकाबले में चंड़ीगढ़ को चार विकेट से हरा दिया। चंड़ीगढ़ को 271 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी उत्तर प्रदेश की आर्यन जुयाल और अभिषेक गोस्वामी की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 108रन जोड़े। 22वें ओवर में निशंकु बिरला ने अभिषेक गोस्वामी (50) को आउटकर चंड़ीगढ़ को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद अभिषेक सैनी ने करण शर्मा और समीर रिजवी को एक ही ओवर पगबाधा आउट कर पवेलियन भेज दिया। प्रियम गर्ग ने (35) और शिवम मावी (22) रन बनाकर आउट हुए। आर्यन जुयाल ने 125 गेंदों में 11 चौके और दो छक्के लगाते हुए (116) रन बनाये। कप्तान रिंकू सिंह ने 28 गेंदों में दो चौके और दो छक्के लगाते हुए (नाबाद 36) रनों की पारी खेली। उत्तर प्रदेश ने 46.5 ओवर में छह विकेट पर 275 रन बनाकर चार विकेट से मुकाबला जीत लिया।

### सुडोकू 6782 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 5 | 1 | 4 | 7 |
| 7 | 8 | 5 | 1 | 4 | 2 | 3 | 6 | 9 |
| 3 | 4 | 1 | 9 | 6 | 7 | 2 | 5 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 7 | 9 | 6 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 3 | 9 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 6 |
| 4 | 6 | 7 | 5 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 |
| 1 | 7 | 4 | 3 | 5 | 9 | 6 | 8 | 2 |
| 8 | 5 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 | 9 | 4 |
| 9 | 2 | 6 | 4 | 7 | 8 | 5 | 1 | 3 |

# अर्थ जगत

## एयरलाइन कंपनियों को 1 अप्रैल से करना होगा एक अनुपालन

**मुंबई।** एयरलाइन कंपनियों को नए साल में 1 अप्रैल से विदेशी यात्रियों की डिटेल भारतीय सीमा शुल्क अधिकारियों के साथ अनिवार्य तौर पर शेयर करना होगा। ऐसा न करने पर एयरलाइन पर मोटा जुर्माना लगाया जाएगा। एक खबर के मुताबिक, केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) का कहना है कि भारत से/भारत के लिए फ्लाइट्स ऑपरेट करने वाले सभी एयरलाइन को इस जरूरत का अनुपालन करने के लिए 10 जनवरी, 2025 तक राष्ट्रीय सीमा शुल्क लक्ष्यीकरण केंद्र-यात्री (एनसीटीसी-पैक्स) के साथ रजिस्ट्रेशन कराना होगा।



# करदाता अब लेट-फीस के साथ 15 जनवरी तक फाइल कर सकेंगे आईटीआर

*नई दिल्ली। टैक्सपेयर्स अब लेट फीस के साथ 15 जनवरी 2025 तक इनकम टैक्स रिटर्न आईटीआर फाइल कर सकते हैं। सरकार ने बिलेटेड और रिवाइज्ड आईटीआर दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर से बढ़ाकर 15 जनवरी कर दी है। गौरतलब है कि वित्त वर्ष 2023-24 के लिए बिना किसी लेट फीस के आईटीआर फाइल करने की आखिरी तारीख 31 जुलाई 2024 को समाप्त हो चुकी थी।*




**लेट फीस के साथ भरना होगा आईटीआर-** अगर आपने 31 दिसंबर 2024 तक आईटीआर फाइल नहीं किया तो आपको अब लेट फीस से साथ 15 जनवरी 2025 तक फाइल करने का अवसर है। यदि आपकी आय 5 लाख रुपए से कम है तो आपको 1,000 रुपए लेट फीस देनी होगी और यदि आय 5 लाख से अधिक है तो 5,000 लेट फीस देनी होगी।

**किसे भरना चाहिए कौन-सा आईटीआर फॉर्म- आईटीआर-1:** यह फॉर्म उन व्यक्तियों के लिए है जो निवासी हैं (सामान्य तौर पर निवासी नहीं होने के अलावा) जिनकी कुल आय 50 लाख रुपए तक है, जिनकी आय सैलरी, हाउस प्रॉपर्टी, अन्य स्रोतों (ब्याज आदि) से है और कृषि आय 5,000 रुपए तक है।

**आईटीआर-2:** यह फॉर्म उन व्यक्तियों और एचयूएफएस के लिए है जिनकी किसी बिजनेस या किसी पेशे के लाभ और आय से कोई कमाई नहीं है।

**आईटीआर-3:** आयकर रिटर्न फॉर्म 3 को व्यक्तिगत टैक्सपेयर्स और एचयूएफएस द्वारा चुना जाता है जो किसी पेशे या किसी बिजनेस के मालिक होने से आय अर्जित करते हैं। वो टैक्सपेयर्स जिनकी आय किसी अनलिस्टिड शेयर में निवेश से हुई है, किसी कंपनी के पार्टनर हैं, किसी कंपनी के डायरेक्टर हैं या बिजनेस का टर्नओवर 2 करोड़ रुपये से ज्यादा है, इस फॉर्म को भर सकते हैं।

**आईटीआर-4:** आयकर रिटर्न फॉर्म 4 उन व्यक्तियों, एचयूएफएस और फर्मों (एलएलपी के अलावा) के लिए है जो निवासी हैं और जिनकी कुल आय 50 लाख रुपये तक है, और किसी बिजनेस या पेशे से आय अर्जित करते है, जिसकी गणना धारा 44 एडी, 44 एडीए या 44एई के तहत की जाती है। इसके अतिरिक्त, करदाता की कृषि आय 5,000 तक नहीं होनी चाहिए।

**आईटीआर-5:** आयकर रिटर्न फॉर्म 5 संस्थाओं के लिए होता है। ऐसे संस्थान जो फर्म, एलएलपीएस, एओपीएस, बीओएलएस के रूप में रजिस्टर्ड हैं।

**आईटीआर-6:** यह टैक्स फाइलिंग फॉर्म धारा 11 के तहत छूट का दावा करने वाली संस्थाओं के अलावा कंपनियों के लिए है।

**आईटी रेट घटाने की तैयारी में सरकार-** भारत सरकार फरवरी के बजट में 15 लाख रुपए सालाना तक की आय वाले व्यक्तियों के लिए इनकम टैक्स में कटौती पर विचार कर रही है। इसका मकसद मध्यम वर्ग को राहत देना और खर्च बढ़ाना है, क्योंकि धीमी आर्थिक बढ़त और महंगाई ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। सूत्रों ने बताया कि टैक्स कटौती के आकार पर अभी फैसला नहीं हुआ है। इस पर अंतिम निर्णय 1 फरवरी को बजट के करीब लिया जाएगा। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि टैक्स दरें कम होने से ज्यादा लोग नई प्रणाली को अपनाएंगे, जो सरल है। भारत को इनकम टैक्स का बड़ा हिस्सा उन लोगों से मिलता है, जिनकी आय 1 करोड़ रुपए या उससे अधिक है। इन पर 30 प्रतिशत की टैक्स दर लागू होती है।

सूत्रों ने बताया कि टैक्स कटौती के आकार पर अभी फैसला नहीं हुआ है। इस पर अंतिम निर्णय 1 फरवरी को बजट के करीब लिया जाएगा। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि टैक्स दरें कम होने से ज्यादा लोग नई प्रणाली को अपनाएंगे, जो सरल है। भारत को इनकम टैक्स का बड़ा हिस्सा उन लोगों से मिलता है, जिनकी आय 1 करोड़ रुपये या उससे अधिक है। इन पर 30 प्रतिशत की टैक्स दर लागू होती है।

# जीपे, पेटीएम, फोनपे और भारतपे के आज से बंद हो जाएंगे ऐसे अकाउंट




*नई दिल्ली। यदि आप यूपीआई ऐप्स का इस्तेमाल करते हैं, तो यह खबर आपके लिए महत्वपूर्ण है। दरअसल, नेशनल पेमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया ने सभी यूपीआई ऐप्स जैसे जीपे, पेटीएम, फोनपे और भारतपे को आदेश दिए हैं कि वे उन अकाउंट्स को बंद करें जो पिछले एक साल से इनएक्टिव हैं यानी जिन यूजर्स ने अपनी यूपीआई आईडी का उपयोग पिछले 12 महीने में नहीं किया है, उनके अकाउंट्स को 31 दिसंबर के बाद से बंद कर दिया जाएगा।*

ट्राई के आदेश के मुताबिक, टेलीकॉम कंपनियां डीएक्टिवेटेड सिमकार्ड को 90 दिन बाद दूसरे यूजर को जारी कर सकती हैं यानि अगर कोई व्यक्ति एक नंबर को 90 दिन तक यूज नहीं करता तो ये फिर दूसरे व्यक्ति को मिल जाएगा। परेशानी तब है जब वही नंबर बैंक के साथ भी जुड़ा हो और यूजर ने अपना नया नंबर बैंक अकाउंट के साथ अपडेट न किया हो। इससे होगा ये कि जिस भी व्यक्ति को वो नंबर मिलेगा वो उसकी मदद से यूपीआई ऐप्स को एक्टिवेट कर लेगा क्योंकि वही नंबर बैंक के साथ लगा हुआ है. इस परेशानी से लोगों को बचाने के लिए एनपीसीआई ने यूपीआई ऐप्स को पिछले एक साल से इनएक्टिव पड़े सभी अकाउंट्स को बंद करने के निर्देश दिये हैं। नेशनल पेमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया का सर्कुलर टीपीएपी और पीएसपी बैंकों को उन ग्राहकों की यूपीआई आईडी, संबंधित यूपीआई नंबर और फोन नंबर की पहचान करने का निर्देश देता है, जिन्होंने यूपीआई ऐप के माध्यम से एक वर्ष से कोई वित्तीय या गैर-वित्तीय लेनदेन नहीं किया है। एनपीसीआई ने ऐसे ग्राहकों की यूपीआई आईडी और यूपीआई नंबर को इनवर्ड क्रेडिट लेनदेन से रोकने और यूपीआई मैपर से अपंजीकृत करने के लिए कहा है। इनवर्ड क्रेडिट लेनदेन को दोबारा शुरू करने के लिए ग्राहकों को अपने यूपीआई ऐप से फिर से रजिस्टर कर यूपीआई आईडी को लिंक करना होगा।

गौरतलब है कि देश में ऑनलाईन भुगतान का तरीका लगातार बढ़ता जा रहा है। दूसरी तरफ एटीएम से भी भुगतान कम निकाला जा रहा है। जिन यूपीआई एप्स में नेशनल पेमेंट कार्पोरेशन ऑफ इंडिया कार्यवाही कर रहा है उससे ग्राहकों को झटका भी लग सकता है।

# साल के आखिरी दिन शेयर बाजार में गिरावट



*नई दिल्ली। साल के आखिरी कारोबारी दिन भी घरेलू शेयर बाजार ने निवेशकों को निराश किया और गिरावट के साथ बंद हुआ। मंगलवार को कारोबार के आखिर में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का बेंचमार्क इंडेक्स 109.12 अंक की गिरावट के साथ 78,139.01 के लेवल पर बंद हुआ। इसी तरह, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी सपाट कारोबार में 13.25 अंक की बढ़त के साथ 23,658.15 के लेवल पर बंद हुआ।*

निफ्टी बैंक भी आखिर में 65.75 अंक की गिरावट के साथ 50,887.00 के लेवल पर टिका। 30 ब्लू-चिप पैक में से, टेक महिंद्रा, जोमैटो, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इंफोसिस, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एचसीएल टेक्नोलॉजीज मंगलवार को सबसे ज्यादा पिछड़े। कोटक महिंद्रा बैंक, आईटीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट और टाटा मोटर्स लाभ में रहे।

**इस साल मार्केट में इतनी ही बढ़त रही-** खबर के मुताबिक, साल 2024 में निफ्टी ने करीब 9 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की, जबकि सेंसेक्स ने 8 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की। इस साल स्मॉल और मिडकैप शेयरों वाले व्यापक बाजार ने एक बार फिर बेहतर प्रदर्शन किया। निफ्टी स्मॉलकैप 100 और निफ्टी मिडकैप 100 सूचकांकों में 20 प्रतिशत से अधिक की बढ़त दर्ज की गई। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बीते सोमवार को 1,893.16 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। एशियाई बाजारों में शंघाई में गिरावट रही, जबकि हांगकांग में तेजी रही। नए साल की छुट्टियों के कारण टोक्यो और सियोल में बाजार बंद रहे।

# आईआरसीटीसी की ट्रैवल इंश्योरेंस पॉलिसी देश का सबसे सस्ता बीमा

## 45 पैसे में मिलता है 10 लाख का इंश्योरेंस कवर

*नई दिल्ली। अगर आपके ऊपर जिम्मेदारियां हैं या आपका परिवार है तो आपके पास लाइफ इंश्योरेंस जरूर होना चाहिए. हालांकि, कौन सा लाइफ इंश्योरेंस लेना चाहिए या कौन सा नहीं लेना चाहिए, इस पर अक्सर लोग उलझ जाते हैं. लेकिन, आज हम आपको जिस इंश्योरेंस पॉलिसी के बारे में बताने जा रहे हैं, उसे देश का सबसे सस्ता बीमा कहा जा सकता है. यह आपको सिर्फ 45 पैसे में मिलता है और इसमें इंश्योरेंस कवर 10 लाख रुपये तक का मिलता है।*

**कौन सा है ये बीमा-** हम जिस बीमा की बात कर रहे हैं उसे आप आईआरसीटीसी की ट्रैवल इंश्योरेंस पॉलिसी के नाम से जानते हैं. जब भी आप ट्रेन की टिकट बुक करते हैं तो इसके साथ एक ट्रैवल इंश्योरेंस पॉलिसी भी मिलती है. अगर ट्रेन यात्रा के दौरान कोई हादसा हो जाए और आपकी मृत्यु हो जाए या आप गंभीर रूप से घायल हो जाएं तो यह ट्रैवल इंश्योरेंस पॉलिसी आपके काम आती है.पहले यह पॉलिसी 35 पैसे में ही मिलती थी, लेकिन अब यह 45 पैसे में मिलती है. हालांकि, इसके बाद भी यह देश की सबसे सस्ती इंश्योरेंस पॉलिसी है. हालांकि, यह सिर्फ कुछ घंटों के लिए ही वैलिड होती है. यानी जब तक आप ट्रेन से यात्रा कर रहे हैं, तभी तक यह वैलिड होती है. जैसे ही आप अपने गंतव्य स्थान पर पहुंच जाते हैं, यह पॉलिसी बेकार हो जाती है।

**कैसे और कितना मिलता है कवर-** आईआरसीटीसी की इस ट्रैवल इंश्योरेंस पॉलिसी के तहत तीन तरह का कवर दिया जाता है. अगर किसी ट्रेन हादसे की वजह से आपकी मृत्यु हो जाती है तो इस स्थिति में आपके परिवार को इस ट्रैवल इंश्योरेंस पॉलिसी के तहत 10 लाख रुपये तक का कवरेज मिलता है. वहीं, अगर किसी ट्रेन दुर्घटना में यात्रा के दौरान आप पूरी तरह से दिव्यांग हो जाते हैं तो भी आपको 10 लाख का कवरेज दिया जाता है.जबकि, अगर दुर्घटना की वजह से आपकी दिव्यांगता अस्थाई है तो आपको 7.50 लाख रुपये का कवरेज दिया जाता है. वहीं, अगर किसी रेल दुर्घटना में आपको चोट लग गई और आपका इलाज कराना हुआ तो इस स्थिति में भी आईआरसीटीसी की यह ट्रैवल इंश्योरेंस पॉलिसी काम करती है. इसके तहत आपको ऐसी स्थिति में 2 लाख तक का कवर दिया जाता है।




## मुद्रा बाजार

रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 85.53 |
| एक यूरो | 89.09 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 106.91 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 53.02 |
| एक जापानी येन | 0.54 |

परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.
864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 102 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 112 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-122 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स -60 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 180 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

## सराफा बाजार

दुल्हन श्री आभूषण
कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव- 78475 चांदी -90200

सोहन लाल एण्ड संस
रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव- 78475 चांदी -90200

## दाल- चावल भाव

महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज
फोन- 4067270, 9826035338
प्रति क्विंटल- राहर दाल एवरेज 11500-12500, मीडियम बोल्ड 12500-14000, फाइन 150000-16500, एक्स्ट्रा बोल्ड 17000-17500, चना दाल एवरेज 8000-8100 चना दाल मार्का 8200-8300, मसूर दाल एवरेज 7600-7800, मसूर दाल फाइन 8400-8500, उड़द छिलका 8000-9000, फाइन 9000-10000, उड़द धुली 11000-12000, फाइन 12000-13000, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 9500-10000, मूंगदाल धुली 10000- 10200, फाइन 10500-11000। चावल - पुराना चावल सरना चालू 3400-3600, बेस्ट 3600-3800, बीपीटी चालू 4000-4200, फाइन 4200-4500,एचएमटी-4500-5000 फाइन-5500-6000 दुबराज भाटापारा 5200-5300, जेजेएल चालू 5800-6000, फाइन 6200-6500, बासमती कनकी चालू 3200-3500, बासमती कनकी मीडियम 3800-4000, बेस्ट 4400-4500, मोगरा- 4800-5200, दुबार- 5200-5500, तिबार- 6000-6500, बासमती 8000-8500, बेस्ट 9500-10500 पोहा- 4400-4600, फाइन 4600-4800, मुरमुरा- 5800-6000, फाइन- 7500-8000 रु.।

## लोहा भाव

अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स
शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070
भाव प्रति क्विं.- 6 एम एम 6200, 8 एम एम 5980, 10 एम एम 5860,12 एम एम, 5800 एवं 16 एम एम 5800 रु.। तार- 75 रु. किलो।

# उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक के नए आउटलेट का शुभारंभ

*जबलपुर। उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने किरनापुर, जबलपुर, मध्य प्रदेश में अपने नए बैंकिंग आउटलेट के उद्घाटन की घोषणा की। इस लॉन्च के साथ, बैंक ने मध्य प्रदेश में 49 बैंकिंग आउटलेट और देश भर में 1019 आउटलेट खोल दिए हैं।*

किरनापुर, जबलपुर के निवासियों को बचत खाते, चालू खाते, सावधि जमा और आवर्ती जमा सहित बैंकिंग उत्पादों के व्यापक सूट से लाभ होगा। बैंक विभिन्न ऋण उत्पाद भी प्रदान करता है, जैसे आवास ऋण, व्यवसाय ऋण, संपत्ति के खिलाफ ऋण, ऋण, बीमा और निवेश उत्पाद। बैंक का बुनियादी ढांचा, डिजिटल बैंकिंग क्षमताएं और एटीएम नेटवर्क एक सहज बैंकिंग अनुभव सुनिश्चित करते हैं।

विस्तार पर टिप्पणी करते हुए, उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के एमडी और सीईओ, गोविंद सिंह ने कहा, किरनापुर में हमारे नए बैंकिंग आउटलेट का उद्घाटन मध्य प्रदेश में अपनी सेवाओं का विस्तार करने की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। बालाघाट, अपनी समृद्ध जैव विविधता और सांस्कृतिक विरासत के साथ, बहुत महत्व का जिला है। किरनापुर, अपनी प्राकृतिक सुंदरता और मजबूत सामुदायिक संबंधों के लिए प्रसिद्ध है यह नया बैंकिंग आउटलेट किरनापुर की गतिशील आबादी के विकास और वृद्धि का समर्थन करेगा, जिससे क्षेत्र की समग्र आर्थिक समृद्धि में योगदान मिलेगा।

यह बैंकिंग आउटलेट वंचित या कम आय वाले व्यक्तियों या समूहों को व्यवसाय विकास सेवाओं के लिए माइक्रो-बैंकिंग ऋण प्रदान करेगा, जिनकी वित्तीय सेवाओं तक सीमित पहुंच है। समूह ऋण के जेएलजी मॉडल में एक सहकर्मी-गारंटी ऋण मॉडल शामिल है जो व्यक्तियों को व्यक्तिगत आधार पर संपार्श्विक या सुरक्षा प्रदान किए बिना ऋण लेने में सक्षम बनाता है, जबकि समूह के भीतर आपसी समर्थन के माध्यम से ऋण अनुशासन को बढ़ावा देता है और उनके ऋणों का शीघ्र पुनर्भुगतान करता है।

# मुकेश अंबानी के मॉल में सिर्फ दुकान का किराया सुनकर उड़ जाएंगे होश



*नई दिल्ली। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में दुनिया के बेशुमार कीमती लग्जरी ब्रांड्स के एक से एक बढ़कर शोरूम हैं. हालांकि, इसी शहर में एक मॉल है, जहां दुकानों का किराया सुनकर आपके होश उड़ जाएंगे. इस मॉल का नाम है जियो वर्ल्ड प्लाजा. यह देश के सबसे धनी आदमी मुकेश अंबानी की कंपनी द्वारा बनाया गया है. इसी मॉल में कई शोरूम ऐसे हैं जो 40 लाख रुपये तक का मासिक किराया चुकाते हैं. इसके अलावा उनकी आमदनी में भी जियो वर्ल्ड प्लाजा का हिस्सा होता है।*

**बांद्रा-कुर्ला कांप्लेक्स में स्थित है मुकेश अंबानी का यह मॉल-** अंबानी परिवार का यह जियो वर्ल्ड प्लाजा मॉल मुंबई के बांद्रा-कुर्ला कांप्लेक्स में स्थित है. ईटी नाऊ की रिपोर्ट के मुताबिक, दुनिया के लग्जरी ब्रांडों के रिटेल स्टोर के किराये यहां आसमान छू रहे हैं. यहां कई शोरूम ऐसे हैं जो महीने का 40 लाख रुपये किराया देते हैं. फोर्ब्स की रिपोर्ट के मुताबिक, 92 अरब डॉलर के नेटवर्थ के साथ मुकेश अंबानी भारत में समृद्धि के शिखर पर बैठे हुए हैं. ऐसे शख्स का किरायेदार बनने के लिए कंपनियां सारे रिकॉर्ड तोड़ रही हैं।

**ये करते हैं सबसे महंगे किराये का भुगतान-** अपने आइकॉनिक हैंडबैग, लगेज और एसेसरीज के लिए चर्चित फ्रेंच फैशन जायंट लुई वीटॉन का भी यहां शोरूम है. 7,465 वर्गफीट के इस शोरूम के लिए कंपनी 40 लाख 50 हजार रुपये चुकाती है. लग्जरी फैशन हाऊस डायर अपने 3,317 वर्गफीट की दो यूनिटों के लिए 21 लाख 56 हजार रुपये के मासिक किराये का भुगतान करती है. दुनिया के मशहूर लग्जरी ब्रांड बालेनसियागा ने जियो वर्ल्ड प्लाजा में अपना पहला स्टोर खोला है।

देशबन्धु
ग्राहक सेवा


रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट
टेलर्स वारिस
शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.- 9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
डॉ. विश्वास
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596

फ्लैट बेचना है
गोलबाजार, जबलपुर में 742 वर्गफुट का 2 BHK बालकनी सहित फ्लैट दूसरी मंजिल पर बिक्री हेतु उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:-
एडवोकेट रविशंकर पटेल
फोन नंबर-
9827087838

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें।
देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।

# गलत बैंक खाते में फंड ट्रांसफर और फ्रॉड पर लगेगी लगाम!

## एनईएफटी को लेकर बैंकों को आरबीआई का फरमान

*नई दिल्ली। आरटीजीएसऔर एनईएफटी के जरिए ऑनलाइन पैसे ट्रांसफर करने वालों के लिए राहत की खबर है. अब गलत बैंक अकाउंट में पैसे ट्रांसफर करने जैसी गलती पर लगाम लगाई जा सकेगी. अब इंटरनेट बैंकिंग या मोबाइल बैंकिंग सर्विसेज के जरिए ऑनलाइन पैसे ट्रांसफर करते समय कस्टमर्स उस खाताधारक के नाम को वेरिफाई कर सकेंगे जिन्हें वे फंड ट्रांसफर कर रहे हैं।*




फंड ट्रांसफर कर रहे लोगों को ये पता लग सकेगा कि किसी दूसरे के खाते में तो पैसा ट्रांसफर नहीं हो रहा. बैंकिंग सेक्टर के रेगुलेटर भारतीय रिजर्व बैंक ने एक अप्रैल 2025 से पहले आरटीजीएस और एनईएफटी ट्रांसफर की सुविधा प्रदान करने वाले बैंकों को बेनिफिशयरी अकाउंट में लुक-अप फैसिलिटी शुरू करने को कहा है.

**गलत खाते में नहीं होंगे पैसे ट्रांसफर!-** भारतीय रिजर्व बैंक ने एक बयान जारी कर कहा, आरटीजीएस और एनईएफटी सिस्टम्स का इस्तेमाल करने के दौरान रेमीट्टर पैसे को ट्रांसफर करने से पहले बैंक अकाउंट होल्डर के नाम को वेरिफाई कर सकेंगे जिससे गलत खाते में पैसे ट्रांसपर ना हो और फ्रॉड पर रोक भी लगाई जा सकेगी. इसके लिए बेनिफिशयरी के नाम का पता लगाने की सुविधा को शुरू किया जा रहा है. बेनिफिशयरी के अकाउंट नंबर और इफ्सस्ट कोड को रेमीट्टर द्वारा एंटर करने के बाद इस फैसिलिटी के जरिए बैंक को कोर बैंकिंग सोल्यूशन द्वारा बेनिफिशयरी अकाउंट होल्डर का नाम पता लगाया जा सकेगा. ये सुविधा बैंक शाखाओं में जाने वाले रेमीट्टर को ऐसे ट्रांजैक्शन को पूरा करने के लिए भी उपलब्ध होगी।

**यूपीआई और आईएमपीएस में पहले से सुविधा मौजूद-** मौजूदा समय में यूपीआई और आईएमपीएस करने के दौरान कस्टमर्स पैसे ट्रांसफर करने से पहले बेनिफिशयरी के नाम का पता लगा सकते हैं. पर जल्द ही आरटीजीएस और एनईएफटी के जरिए पैसे ट्रांसफर करने के दौरान भी ये सुविधा उपलब्ध हो जाएगी।

**अक्टूबर की एमपीसी बैठक में आरबीआई ने लिया था ये फैसला-** 9 अक्टूबर 2025 को मॉनिटरी पॉलिसी का एलान करते हुए पूर्व आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा था कि, अब ये प्रस्ताव है कि रियल टाइम ग्रॉस सेटलमेंट सिस्टम और नेशनल इलेक्ट्रॉनिक फंड्स ट्रांसफर के जरिए फंड ट्रांसफर करने के लिए भी यूपीआई और आईएमपीएस के समान ऐसी फैसिलिटी शुरू की जाए. आरबीआई गवर्नर ने बताया कि, इस सुविधा के शुरू होने पर रेमीट्टर आरटीजीएस या एनईएफटी के जरिए फंड ट्रांसफर करने से पहले अकाउंट होल्डर के नाम को वेरिफाई कर सकेंगे।

प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार )
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# महाकोशल और विंध्य शीतलहर की चपेट में

## ◎ जबलपुर का पारा सामान्य से पांच डिग्री नीचे पहुंचा

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश में इन दिनों शीतलहर चल रही है। जबलपुर के अलावा संभाग के जिलों में शामिल बालाघाट, छिंदवाड़ा, डिंडौरी, सिवनी, मंडला और कटनी में ठंड से लोगों का बुरा हाल है। जबलपुर में मंगलवार 31 दिसंबर को अधिकतम तापमान 19.5 जो सामान्य से 5 डिग्री कम एवं न्यूनतम तापमान 9.5 जो सामान्य से 1 डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया। बीते साल 25.7 और 10.8 डिग्री सेल्सियस आंका गया था। इस लिहाज से कहा जा सकता है कि इस साल ठंड ज्यादा है। इसका असर शहर और ग्रामीण अंचलो में देखने को मिल रहा है।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार अभी उत्तर से पश्चिम की ओर हवा तीन से चार किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चल रही हैं। वहीं जिले में कहीं-कहीं पर मध्यम कोहरा रहेगा और सर्द हवाओं के चलने की संभावना जताई गई है। सुबह से सर्द हवाओं से बचने के लिये तरह-तरह के साधन का उपयोग कर रहे थे। दोपहर बाद तो लोगों ने लकड़ी जलाकर आग के सहारे समय काटना शुरू कर दिया था। वहीं दूसरी तरफ विभिन्न कार्यालयों में हीटर के सहारे लोग कपकपाने वाली ठंड का सामना कर रहे थे। सर्द हवाओं की तीव्रता का इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है लोगों की सुबह देर से शुरू हुई। सुबह-सुबह वॉक करने वालों ने या तो देर से भ्रमण किया, कुछ ने ठंड को देखते हुये मार्निंग वॉक से परहेज किया। इससे आम तौर पर उन स्थानों पर जहां सुबह के समय लोगों की चहल-पहल देखने को मिलती थी, वहां सन्नाटा पसरा रहा।



इधर खमरिया, पेंटीनाका, करमेता, बिलहरी, सिविल लाइन से लेकर शहर से लगे ग्रामीण अंचलों में साफ तौर ठंड से आम जन जीवन प्रभावित दिख रहा था। लोगों ने गरम कपड़ों का जमकर उपयोग किया।

सबसे ज्यादा बुजुर्ग और बच्चों को ठंड से बचते देखा गया। वैसे भी इस मौसम में इसी तरह के लोगों को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। शरीर को गरम रखने वाली खाद्य सामग्री से लेकर अन्य तरह जरूरी बातों का ध्यान रखने की जरूरत है। मौसम विभाग की माने तो आने वाले कुछ दिनों तक इसी तरह मौसम का मिजाज बना रहेगा। लिहाजा अभी ठंड से बचने की कवायद देखी जायेगी। नगर निगम और स्वयं सेवी संस्थाओं द्वारा सार्वजनिक स्थान इत्यादि में अलाव के इंतजाम किये गये हैं ताकि रात के समय किसी काम से घरों से बाहर निकलने वालों को ठंड की मार से बचने में मदद मिल सके।

# सेना को एक साल में जीसीएफ भेजेगी 48 धनुष तोपें

**जबलपुर, देशबन्धु।** देश की अग्रणी रक्षा संस्थानों में शुमार जीसीएफ में आने वाला नया साल बड़ी उम्मीद लेकर आने वाला होगा। ऐसा इसलिये माना जा रहा है कि क्योकि साल 2011 से साल 2022-23 तक धनुष तोप का उत्पादन जितना हुआ है उतना ही उत्पादन एक साल के अंदर होने की उम्मीद है। जो अपने आप में बड़ी उपलब्धि हो सकती है।

गौरतलब है कि देश की सीमाओं को सुरक्षित बनाये रखने मे सेना को साजो समान मुहैया कराने में जीसीएफ की उपयोगिता सर्वविदित है। एक से बढ़कर एक मारक क्षमता वाली तोप बनाने की कवायद फेक्टरी द्वारा कई दशकों से की जा रही है। इसी श्रेणी में करीब पंद्रह सालों से जीसीएफ मे धनुष तोप बनाकर सुरक्षा बलों का उपलब्ध कराई जा रही है। इसके लिये फैक्टरी प्रशासन की देख रेख में पूरा स्टॉफ दिन रात जुटा है।

**इतनी तोप का था लक्ष्य-** सूत्रों के अनुसार साल 2011 में फैक्टरी को लगभग 124 धनुष तोप बनाने का आर्डर मिला था। जिसके बाद शनै-शनै फैक्टरी द्वारा सेना को इसकी सप्लाई की जा रही है। बीते साल तक करीब 24 धनुष तोप फैक्टरी द्वारा आपूर्ति की जा चुकी है।

**1 साल में 11 साल का कोटा होगा पूरा-** सूत्रों के अनुसार मौजूदा समय में करीब चौबीस तोप का निर्माण अंतिम चरण में पहुंच गया है। किसी में दस तो किसी तोप में पांच या पंद्रह से बीस प्रतिशत काम शेष बचा है। इसीलिये कहा जा रहा है कि करीब 11 साल में जितनी सख्या में तोप बनी हैं वे 1 से ड़ेढ साल में बन जाएंगी।

देशबन्धु खबर



**फैक्टरी की आर्थिक सेहत होगी मजबूत-** जिस तरह बताया जा रहा है कि आगामी साल के मार्च अप्रेल तक जीसीएफ द्वारा लगभग 48 तोप की आपूर्ति कर दी जायेगी, इससे फैक्टरी की आर्थिक सेहत के लिये अच्छा माना जा सकता है।

इसके लिये फैक्टरी में स्टाफ द्वारा सामूहिक टीम के रूप में काम करना है।

## इन वजह से हो रही थी देरी

सूत्रों के अनुसार धनुष तोप के लिये मुरादाबाद से कास्टिंग मटेरियल की आपूर्ति की जाती है। माल आने के बाद स्थानीय स्तर पर फैक्टरी के जानकार इस मॉल का परीक्षण करते हैं। कई बार यह तय मापदंडों पर खरा नहीं उतरता है। पूर्व में इसकी सप्लाई समय पर नहीं हो पाती थी। वहीं दूसरी तरफ धनुष तोप में इस्तेमाल किये जाने वाली कुछ सामग्री इजरायल भी आपूर्ति करता है। वहां पर बीते कई दिनों तक युद्ध के हालात थे, जिसके कारण भी मटेरियल सप्लाई में बाधा पहुंच रही थी। लेकिन बीते कुछ सालों से स्थिति सुधरी है। जिसके चलते अब धनुष तोप निर्माण के काम में तेजी आई है।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में नहीं मिलते चिकित्सक

## ◎अन्य केंद्रों के भी यही हालात, विलंब से वेतन और तनाव बताई जा रही पलायन की वजह



**जबलपुर, देशबन्धु।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएससी) पनागर में चिकित्सकों की अनुपस्थिति में वार्ड बॉय अस्पताल चला रहे हैं। क्षेत्रीयजनों ने ये आरोप लगाया कि सीएससी इन दिनों चिकित्सकों की कमी से जूझ रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सीएससी करीब 8 से 12 घंटे तक चिकित्सक विहीन रहता हैं। जिला अस्पताल में भी में स्टॉफ की कमी है।

इस दौरान कथित तौर पर महज नर्सिंग स्टाफ और वार्ड बॉय मरीज का इलाज कर रहे हैं या फिर उन्हें रेफर किया जा रहा है। पीड़ितों का आरोप हैं कि विगत 4 दिनों से कुछ मरीज और उनके परिजन चिकित्सकों की बांट जोहते थक कर बगैर उपचार के ही लौटने विवश हैं। ग्रामीणों का कहना हैं कि सीएससी महज रेफर केंद्र बनकर रह गया हैं। आलम ये हैं कि मरीजों को क्षेत्र के झोलाछाप निजी चिकित्सकों से इलाज कराने की सलाह दी जा रही है। पनागर सीएससी ही नहीं जिले की अधिकांश सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के यही हालात हैं। चिकित्सीय सूत्रों के अनुसार इन केंद्रो में संविदा आधार पर चिकित्सकों को मिली नियुक्तियों में न सिर्फ वेतन कम हैं बल्कि वह भी समय पर नहीं मिलता। इसके साथ ही चिकित्सक की नौकरी में वरिष्ठों, नौकरशाहों से लेकर जनप्रतिनिधियों के अनावश्यक दबाव के चलते बन रही तनाव की स्थिति उन्हें पलायन के लिए विवश कर रही हैं।

**इस तरह हो रहा पलायन-** मनमोहन नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को हालहीं में दो वरिष्ठ चिकित्सकों ने अलविदा कह दिया। एक तो नाक कान गला रोग विशेषज्ञ केंद्र प्रभारी थे जबकि दूसरी स्त्री रोग विशेषज्ञ महिला चिकित्सक थीं। दोनों चिकित्सकों को केंद्र में जितना वेतन मिल रहा था उससे लगभग तीन गुना वेतन में शहर के ही एक निजी मेडिकल कॉलेज में प्राध्यापक के पद पर नियुक्ति मिल जाने के बाद उन्होंने केंद्र को अलविदा कहना उचित समझा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के अधिकांश चिकित्सक सरकारी नौकरी में कम और विलंब से मिल रहे वेतन के चलते अवसरों की तलाश में हैं और धीर-धीरे पलायन करने विवश हैं।

**वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारियों के नहीं उठते फोन-** पनागर सीएससी में हालहीं में अपनी माँ का उपचार कराने पहुंचे ग्रामीण राज लखेरा को शाम साढ़े 4 बजे से रात 8 बजे तक चिकित्सक नहीं मिले। देवरी बजरंग वार्ड निवासी शैंपू केवट स्वयं उपचार के लिए रविवार को पहुंचे उन्हें पता चला कि रात्रि कालीन ड्यूटी से गए चिकित्सकों के बाद से सुबह 8 से 11 बजे तक कोई चिकित्सक सीएससी में नहीं लौटे। इस विषय में जब ग्रामीणों ने सीबीएमओ पनागर से संपर्क करने का प्रयास किया तो उनका फोन तक नहीं उठा।

**चिकित्सकों के ओवर टाइम से बढ़ी मरीजों की परेशानी-** अस्पताल सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अस्पताल में वर्तमान में 4 चिकित्सकों की तैनाती हैं। अस्पताल के एक चिकित्सक की बेलखाड़ू स्वास्थ्य केंद्र स्थानांतरण और एक संविदा चिकित्सक को प्रबंधन द्वारा कथित तौर पर प्रताड़ना के चलते त्यागपत्र दिए जाने के बाद से यहां चिकित्सकों का टोटा हैं।

बची कसर बचे चिकित्सकों से ओवरटाइम (ओटी) कराकर निकाली जा रही हैं। ओटी के चलते न तो चिकित्सक पूरी तरह सेवाएं दे पा रहे हैं न हीं मरीजों को परामर्श और चिकित्सा का लाभ मिल पा रहा हैं जिसके चलते यह स्थिति निर्मित हो रही हैं। सीबीएमओ, पनागर डॉ. संजय जैन ने बताया कि पनागर स्वास्थ केंद्र में चिकित्सकों की कमी के चलते अन्य सीएचसी के चिकित्सकों की सेवाएं ली जा रही हैं। पनागर में डिलेवरी, एमएलसी 24 घंटे चालू रहती है

# ग्राम सुडोर में बालक की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**पन्ना, देशबन्धु।** पन्ना जिले के शाहनगर थाना अन्तर्गत ग्राम सुडोर में मामूली विवाद पर एक व्यक्ति द्वारा 11 वर्षीय बालक को सड़क पर पटक कर हत्या करने की घटना सामने आई है।

फरियादी धर्मेन्द्र चौधरी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई की मेरा भतिजा गांव मे ही किराना दुकान के पास खड़ा था, उसी दौरान गांव का सुनील चौधरी मुझसे विवाद करने लगा, तो मेरे भतीजे चिराग ने विवाद करने से मना किया तो आरोपी सुनील ने उसे उठाकर जमीन पर पटक दिया जिससे सिर तथा अनेक अंगो मे उसे गंभीर चोटे आई, तत्काल हम लोग घायल चिराग को कटनी इलाज के लिए ले गये लेकिन स्थिती गंभीर होने के चलते मेडिकल कालेज जबलपुर रेफर कर दिया गया।

वहां पर ईलाज के दौरान चिराग की मौत हो गई। धर्मेन्द्र की रिपोर्ट पर आरोपी सुनील के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया। तथा आरोपी सुनील को पुलिस द्वारा मैहर से गिरफ्तार करते हुए न्यायालय मे पेश किया गया। जहां पर न्यायालय द्वारा आरोपी को जेल भेज दिया गया।

# जबलपुर के नये रेल प्रबंधक कमल तलरेजा ने संभाला कामकाज



**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर के नये रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा ने कार्यभार संभाल लिया। इस मौके पर उन्होंने रेल विभाग के आला अधिकारियों से जरूरी चर्चा की। रेलवे परिचालन को और बेहतर रूप में संचालित करने पर ध्यान देने की बात कही गई। अधिकारियों ने जबलपुर रेल मंडल अंतर्गत आने वाले रेलवे स्टेशनों से जुड़े विषयों पर भी रेल प्रबंधक श्री तलरेजा को उपयोगी जानकारी दी।


J.B.F.A
जबलपुर ब्रॉयलर फार्मस् एसोसियेशन

| | |
|---|---|
| मुर्गा छोटा | - रु. 122 |
| मुर्गा मीडियम | - रु. 112 |
| मुर्गा बड़ा | - रु. 102 |
| मुर्गा जम्बो | - रु. 102 |

मो.-9039925000, 9425800409

सोनू पोल्ट्री

| | |
|---|---|
| बड़ा ब्रॉयलर | - रु. 98 |
| मीडियम ब्रॉयलर | - रु. 108 |
| छोटा ब्रॉयलर | - रु. 118 |

मो.- 9039925999


# कई ट्रेनों का समय बदला

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेलवे प्रशासन द्वारा 01 जनवरी, 2025 से ट्रेनों की नई समय-सारणी लागू की जा रही है। रेलवे के विभिन्न स्टेशनों पर गाडियों के संचालन समय में आंशिक परिवर्तन किया गया है. इसी के अन्तर्गत पश्चिम मध्य रेलवे से प्रारंभ एवं टर्मिनेट होने वाली गाडियों के आगमन/प्रस्थान समय सारिणी में मामूली बदलाव किया गया है।

01 जनवरी 2025 से मेमू और सवारी गाडियाँ नियमित ट्रेन नंबर के साथ संचालित की जाएंगी। अर्थात वर्तमान 0 नंबर प्रणाली के बजाय अब ये रेलगाडियां रेगुलर ट्रेन नंबर से चलाई जाएंगी। इन गाडियों की परिवर्तित समय सारिणी एनटीईएस/139 पर भी उपलब्ध है।

**प्रारम्भिक स्टेशन पर ट्रेनों के समय में परिवर्तन**

गाड़ी संख्या 11265 जबलपुर-अम्बिकापुर इण्टरसिटी एक्सप्रेस अपने प्रारंभिक स्टेशन से दोपहर 12:45 बजे प्रस्थान करेगी।

गाड़ी संख्या 11466 जबलपुर-वेरावल सोमनाथ एक्सप्रेस अपने प्रारंभिक स्टेशन से दोपहर 12:30 बजे प्रस्थान करेगी।

गाड़ी संख्या 15206 जबलपुर-लखनऊ जंक्शन चित्रकूट एक्सप्रेस अपने प्रारंभिक स्टेशन से रात 20:50 बजे प्रस्थान करेगी।

गाड़ी संख्या 19014 कटनी-भुसावल एक्सप्रेस अपने प्रारंभिक स्टेशन से मध्यरात्रि 00:40 बजे प्रस्थान करेगी।

## जीरो नंबर की गाड़ियां नियमित

गाड़ी संख्या 22146 रीवा-भोपाल एक्सप्रेस अपने प्रारंभिक स्टेशन से रात्रि 22:35 बजे प्रस्थान करेगी।

गाड़ी संख्या 61618 कटनी-इटारसी मेमू अपने प्रारंभिक स्टेशन से दोपहर 13:45 बजे प्रस्थान करेगी।

गाड़ी संख्या 61607 सतना-मानिकपुर मेमू अपने प्रारंभिक स्टेशन से सायं 16:10 बजे प्रस्थान करेगी।

गाड़ी संख्या 51705 जबलपुर-नैनपुर पैसेंजर अपने प्रारंभिक स्टेशन से सुबह 10:15 बजे प्रस्थान करेगी।

गाड़ी संख्या 51707 जबलपुर-गोंदिया पैसेंजर अपने प्रारंभिक स्टेशन से प्रातः 06:00 बजे प्रस्थान करेगी।

गाड़ी संख्या 01819 बीना-ललितपुर मेमू ट्रेन अपने प्रारंभिक स्टेशन से दोपहर 15.50 बजे प्रस्थान करेगी।

गाड़ी संख्या 59833 कोटा-मंदसौर सवारी गाड़ी कोटा से 21.15 बजे की बजाय 21.20 बजे प्रस्थान करेगी।

गाड़ी संख्या 61633 कोटा-बीना सवारी गाड़ी कोटा से 15.15 बजे की बजाय 15.10 बजे प्रस्थान करेगी।

गंतव्य स्टेशन पर ट्रेनों का परिवर्तित समय

गाड़ी संख्या 51708 गोंदिया-जबलपुर पैसेंजर अपने गंतव्य पर मध्य रात्रि 00:25 बजे पहुँचेगी।

गाड़ी संख्या 20173 रानी कमलापति-जबलपुर वंदे भारत एक्सप्रेस अपने गंतव्य पर 23:35 बजे पहुँचेगी।

गाड़ी संख्या 19013 भुसावल-कटनी एक्सप्रेस अपने गंतव्य पर प्रातः 05:00 बजे पहुँचेगी।

गाड़ी संख्या 22146 रीवा-भोपाल एक्सप्रेस अपने गंतव्य पर सुबह 08:10 बजे पहुँचेगी।

गाड़ी संख्या 11603 कोटा-बीना एक्सप्रेस अपने गंतव्य पर 16:55 बजे पहुँचेगी।


समस्त नगरवासियों को नववर्ष 2025 की हार्दिक शुभकामनाएं



शहर के मध्य स्थल में सभी अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त, शादी-पार्टी हेतु उचित व्यवस्था

Hotel Krishna

स्थानः रानी दुर्गावती संग्रहालय के सामने
भंवरताल पार्क रोड, नेपियर टाउन, जबलपुर
फोन- 0761- 4004023, 4004024, 4004021, 4004022
www.krishnahotels.com



पांचवी पुण्यतिथि



स्व. श्रीमति जानकी देवी सोनकर जी
1-1-2025
आपकी स्पष्टवादिता, सादगीपूर्ण, कर्मठ एवं परिवार के साथ-साथ स्वजनों एवं मित्रों के प्रति असीम प्यार भरा जीवन हमेशा हमारा पथ प्रदर्शक रहेगा।
स्नेहिल श्रद्धांजलि
बाबू शंकर सोनकर (वरिष्ठ कांग्रेस नेता), राजेश सोनकर (पूर्व नेता प्रतिपक्ष नगर निगम), शिवप्रसाद (बबलू), अमर राज, राजकरण, राम, श्याम, संजू, राजीव, देवेन्द्र, अमित, अभिषेक, अभिजीत, लकी, रितिक, धनंजय एवं दिव्यांश
गुरू गौरव 480, भरतीपुर, जबलपुर (म.प्र.)


# पमरे से गुजरेगी मुजफ्फरपुर से सिकन्दराबाद एवं पुणे के लिए स्पेशल ट्रेनें

**जबलपुर, देशबन्धु।** यात्रियों की सुविधा हेतु अतिरिक्त यात्री भीड़ को क्लीयर करने के उद्देश्य से रेल प्रशासन द्वारा मुज़फ़्फ़रपुर जंक्शन-सिकन्दराबाद-मुज़फ़्फ़रपुर जंक्शन एवं मुज़फ़्फ़रपुर जंक्शन-पुणे-मुज़फ़्फ़रपुर जंक्शन के मध्य साप्ताहिक स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है। ये स्पेशल ट्रेनें पश्चिम मध्य रेल के स्टेशनों से भी गुजरेगी जिसका विवरण इस प्रकार है-

**मुज़फ़्फ़रपुर -सिकन्दराबाद- साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन**

07 जनवरी 2025 से आगामी अगले आदेश तक गाड़ी संख्या 05293 मुज़फ़्फ़रपुर जंक्शन-सिकन्दराबाद साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन प्रत्येक मंगलवार को सुबह 10:45 बजे मुज़फ़्फ़रपुर जंक्शन से प्रस्थान करेगी और अगले दिन बुधवार रात्रि 23:50 बजे सिकन्दराबाद पहुंचेगी।

09 जनवरी 2025 से आगामी अगले आदेश तक 05294 सिकन्दराबाद-मुजफ़्फ़रपुर जंक्शन साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन प्रत्येक गुरुवार को सिकन्दराबाद से भोर 03:55 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन शुक्रवार सायं 17:00 बजे मुज़फ़्फ़रपुर जंक्शन पहुंचेगी।

**ठहराव-** हाजीपुर, सोनपुर, पाटलिपुत्र, दानापुर, आरा, बक्सर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, प्रयागराज छिवकी, सतना, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, पिपरिया, इटारसी, नागपुर, बल्लारशाह, सिरपुरकागज नगर, बेल्लमपल्ली, रामगुंडम, पेद्दपल्ली जंक्शन और काजीपेट जंक्शन।

06 जनवरी 2025 से आगामी अगले आदेश तक गाड़ी संख्या 05289 मुज़फ़्फ़रपुर जंक्शन-पुणे साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन प्रत्येक सोमवार को रात 19:25 बजे मुज़फ़्फ़रपुर जंक्शन से प्रस्थान करेगी और बुधवार अगले दिन प्रातः 06:25 बजे पुणे पहुंचेगी।

08 जनवरी 2025 से आगामी अगले आदेश तक 05290 पुणे-मुज़फ़्फ़रपुर जंक्शन साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन प्रत्येक बुधवार को पुणे से सुबह 10:00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन गुरुवार रात्रि 21:50 बजे मुज़फ़्फ़रपुर जंक्शन पहुंचेगी। **ठहराव-** हाजीपुर, सोनपुर, पाटलिपुत्र, दानापुर, आरा, बक्सर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर, सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, पिपरिया, इटारसी, भुसावल, मनमाड, कोपरगाँव, बेलापुर, अहमदनगर, दौंड कॉर्ड लाइन और हडपसर (पुणे)।


महिलाएँ ध्यान दें
महिलाओं की व्यक्तिगत समस्याओं हेतु 44 जड़ी बूटियों का संतुलित मिश्रण



श्वेतनिल सायरप
श्वेत प्रदर (सफेद पानी), अनियमित महावारी
• कमर एवं पेट दर्द
• मूत्र मार्ग में जलन एवं संक्रमण
• योनी मार्ग में चिपचिपाहट एवं दुर्गंध
• शारीरिक एवं मानसिक थकावट
• भूख न लगना
• चक्कर आना
• खून की कमी
• नींद न आना
• बैचेनी एवं घबराहट
उपयोग करते ही असर प्रारम्भ
जबलपुर 9826035091 | कटनी 9303092693 | अनूपपुर 9993902291
सभी मेडिकल स्टोर्स पर उपलब्ध



FOR PRIVATE SCREENING CALL +91 79999 68989
FOR ONLINE BOOKING & OFFER BOOK FROM BOOKMYSHOW
CALL BOOKING 0761-4069888-9889
समदड़िया सिनेमा



BABY JOHN
8:00AM 11:00AM
1:00PM 2:00PM
4:15PM 5:15PM
7:30PM 8:30PM
10:30PM 11:30PM





PUSHPA-2
8:00AM 9:30AM
1:15PM 2:30PM
7:30PM 10:30PM
11:15PM
3D(Hindi)
6:30PM

MUFASA
3D(Hindi)
12:00PM
5:00PM